स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, शुक्रवार
17 अक्टूबर, 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष 11
सं. 2082 वि.
वर्ष 79, अंक - 61 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर

मूल्य : 3 रुपये


epaper : epaper.swatantrabharat.net

रवि शास्त्री बोले खुद ही वनडे से भी संन्यास ले लेंगे विराट और रोहित



# सीबीआई का ग्लोबल ऑपरेशन सेंटर तैयार

## विदेश में छिपे भगोड़ों को भी निकालेंगे : शाह




**नई दिल्ली।** दुनिया के कई मुल्कों में छिपे बैठे भगोड़ों को पकड़ने के लिए सीबीआई ने ग्लोबल ऑपरेशन सेंटर तैयार किया है। पिछले 9 महीने में

- चार वर्षों में हुई है दो बिलियन डॉलर की रिकवरी
- नौ महीने में 189 रेड कॉर्नर नोटिस जारी

189 रेड कॉर्नर नोटिस जारी किए गए हैं। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को भगोड़े अपराधियों के प्रत्यर्पण पर आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। शाह ने कहा, हम भारत में भ्रष्टाचार, अपराध और आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस तो जरूर रखें, लेकिन भारत की सरहदों के बाहर बैठकर जो इसे चला रहे हैं, उनके लिए भी जीरो टॉलरेंस रखना, उन्हें कानून के दायरे में लाने का प्रयास करना और इसके लिए एक सुनिश्चित तंत्र बनाना, यह जिम्मेदारी भी हमारी ही है। मनी लॉन्ड्रिंग निरोधक कानून (पीएमएलए) को भी और सशक्त तथा पुख्ता बनाया गया है। लगभग 12 बिलियन डॉलर की संपत्तियां 2014-23 के बीच जब्त की गई हैं। सीबीआई ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भगोड़ों को पकड़ने के लिए विशेष ग्लोबल ऑपरेशन सेंटर भी स्थापित किया है। यह सेंटर, दुनिया भर की पुलिस के साथ रीयल-टाइम समन्वय कर रहा है। इसके साथ ही रेड नोटिस प्रकाशन, जनवरी-सितंबर 2025 के बीच 189 इश्यू किए गए हैं, जो स्थापना के बाद अब तक सबसे अधिक हैं। यह दर्शाता है कि जब व्यवस्था होती है तो बहुत अच्छे परिणाम मिलते हैं। शाह ने कहा, जनवरी 2025 में संरचना के बाद भारतपोल को बहुत अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। यदि इसका अधिकतम उपयोग राज्य पुलिस भी करें तो उद्देश्यों की प्राप्ति में और अधिक सफल होंगे। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में हमने धारा 355 और 356 में ट्रायल इन एब्सेंशिया का प्रावधान किया है। आज़ाद भारत में पहली बार कानून में इसे स्थान दिया गया है। यदि कोई व्यक्ति भगोड़ा घोषित हो जाता है, तो उसकी अनुपस्थिति में भी अदालत उसके बचाव के लिए एक वकील नियुक्त करके मुकदमे की कार्यवाही चला सकती है। एक बार जब वह भगोड़ा से सजायाफ्ता ठहराया जाता है, तो इससे अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत उसके दर्जे में बहुत बड़ा बदलाव आ जाता है।


### अपराधी से ज्यादा गतिमान हो न्याय की पहुंच

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, अपराध और अपराधी की चाल चाहे कितनी भी तेज क्यों न हो, न्याय की पहुंच उससे भी अधिक गतिमान होनी चाहिए। पीएम मोदी के नेतृत्व में एक मज़बूत भारत, सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ रूल ऑफ लॉ की मजबूती सुनिश्चित करने के लिए आगे बढ़ रहा है। भगोड़े चाहे आर्थिक अपराधी हों, साइबर अपराधी हों, आतंकवादी घटनाओं में लिप्त हों या संगठित अपराध नेटवर्क के हिस्सेदार हों, हर भगोड़े के साथ रुथलेस अप्रोच अपनाकर उन्हें भारतीय न्याय व्यवस्था के समक्ष खड़ा करने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। अब इसका समय आ गया है।

### हर राज्य बनाये सीबीआई की यूनिट

सीबीआई हमारे यहां प्रत्यर्पण के लिए नामित एजेंसी है। इस जांच एजेंसी के सहयोग से हर राज्य को अपने यहां एक यूनिट खड़ी करनी चाहिए, जो राज्य से भागे हुए भगोड़ों को वापस लेने के लिए एक तंत्र स्थापित करे। इसे गति भी देनी पड़ेगी। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद इस दिशा में कई तरह के बदलाव हुए हैं। साल 2018 में भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम लाया गया है। इससे सरकार को भगोड़ों की भारत में स्थित संपत्तियों को जब्त करने का अधिकार मिला। लगभग चार वर्षों के भीतर लगभग 2 बिलियन डॉलर की रिकवरी हुई है, यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह ने कहा, इसमें आगे और भी गति बनाए रखनी होगी।

# बदल चुका है भारत का रक्षा क्षेत्र : राजनाथ



**पुणे।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की आत्मनिर्भरता का जीता जागता सबूत है। उन्होंने ऑपरेशन के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता की सराहना की। पुणे में सिम्बायोसिस स्किल्स एंड

- 'ऑपरेशन सिंदूर हमारी आत्मनिर्भरता का जीता जागता सबूत है'

प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए, राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अपने आप में हमारी आत्मनिर्भरता का जीता जागता सबूत है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, हमारे सशस्त्र बलों द्वारा प्रदर्शित वीरता को पूरी दुनिया ने देखा। खास बात यह है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, हमारे बलों ने बड़ी मात्रा में भारत में निर्मित उपकरणों का इस्तेमाल किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी भारतीय रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर भाजपा सरकार के फोकस पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से रक्षा क्षेत्र में जो स्थितियाँ थीं, हमने उन्हें बदल दिया है। हमने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत अपने सैनिकों के लिए देश में ही हथियार बनाएगा। हमारे लिए परिस्थितियाँ बहुत प्रतिकूल थीं। लेकिन हमने हार नहीं मानी। हमने रक्षा निर्माण को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किया। और हमें अपने प्रयासों के सकारात्मक परिणाम दिखने लगे। राजनाथ सिंह ने युवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्किल इंडिया और स्टार्ट-अप इंडिया पहल पर भी प्रकाश डाला। राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी आत्मनिर्भर भारत के अपने दृष्टिकोण को समझते हैं और उसे साकार करते हैं, इसलिए युवाओं के कौशल को बढ़ाना आवश्यक है, उन्होंने कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की स्थापना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 2014 से, जब देश ने न्यू इंडिया की ओर कदम बढ़ाए, प्रधानमंत्री ने बार-बार स्किल इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया और मेक इन इंडिया के बारे में बात की है, क्योंकि उन्होंने समझा कि अगर भारत को आत्मनिर्भर बनना है, तो सबसे पहले युवाओं को कुशल बनाना होगा। जैसे ही हम सत्ता में आए, हमने कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए एक समर्पित मंत्रालय की स्थापना की।

## राजद-कांग्रेस में केवल परिवार कल्याण है : सीएम



**पटना।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज बिहार दौर पर आ चुके हैं। पटना एयरपोर्ट पर भाजपा के

- पटना में दहाड़े योगी

वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया। वह पूर्व सांसद रामकृपाल यादव के नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद दानापुर में उन्होंने चुनावी सभा को संबोधित किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बिहार के दानापुर विधान सभा क्षेत्र की जनता आस्था का सम्मान करने वाली एनडीए सरकार के साथ है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार का संबंध केवल एक संबंध नहीं है बल्कि एक साझी विरासत है। एक आत्मा का संबंध है, एक संस्कृति का संबंध है और एक संकल्प का भी संबंध है। यह संबंध उसी प्रकार से अटूट है जैसे भगवान राम और मां जानकी का संबंध अटूट है। उन्होंने महागठबंधन पर हमला बोला। कहा कि राजद और कांग्रेस में सिर्फ परिवार कल्याण है। हमारा परिवार आप सब लोग हैं। उत्तर प्रदेश में माफिया तो जहन्नुम की यात्रा पर जा चुके हैं। राजद के सहयोगी सपा वाले वहां पर इस अराजकता को फैलाते थे। आज उनकी क्या दुर्गति हो रही है? यह सब आप जानते हैं। योगी ने सीएम नीतीश कुमार के कामों की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार ने कर दिखाया है। 2005 से पहले बिहार की क्या स्थिति थी वह सब आप जानते थे।

## एल्विश के खिलाफ ईडी ने दाखिल की चार्जशीट

**गुरुग्राम।** यूट्यूबर एल्विश यादव और पंजाबी सिंगर फाजिलपुरिया पर ईडी ने गुरुग्राम स्थित पीएमएलए की विशेष अदालत में दोनों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। इस चार्जशीट में उन्हें दोषी ठहराया गया है। ये मामला भी सांपों के इस्तेमाल से जुड़ा हुआ है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने यूट्यूबर एल्विश यादव और गायक राहुल यादव उर्फ फाजिलपुरिया और दो अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। उन पर सांपों और छिपकलियों से जुड़े एक कथित वन्यजीव अपराध में धन शोधन का आरोप लगाया गया है। अदालत ने मामले को संज्ञान में लेकर दोनों आरोपितों को जल्द ही तलब करने का फैसला किया है।

## गुजरात में भाजपा के सभी मंत्रियों ने दे दिया इस्तीफा

**अहमदाबाद।** गुजरात की राजनीति से बड़ी खबर सामने आ रही है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को छोड़कर राज्य में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के सभी मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया है। सरकार के कुल 16 मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया है।ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि गुजरात में भाजपा सरकार कैबिनेट का विस्तार करने जा रही है। सामने आई जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को दोपहर 12 बजकर 39 मिनट पर गुजरात सरकार के नए मंत्रिमंडल का शपथ समारोह का आयोजन होगा। सामने आई जानकारी के मुताबिक, गुजरात की भाजपा सरकार के कैबिनेट विस्तार में मंत्रिमंडल के लगभग 5 मंत्रियों को बरकरार रखे जाने की उम्मीद है जबकि कई पुराने चेहरों का पत्ता कट सकता है। वहीं, कैबिनेट में 16 नए चेहरों को शामिल किया जा सकता है। दो महिला नेताओं को मंत्री बनाए जाने की संभावना है। नई कैबिनेट में लगभग 20 से 23 सदस्य होने की उम्मीद है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात भाजपा के नेतृत्व, जिसमें मुख्यमंत्री, प्रदेश पार्टी अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता शामिल थे, उनके साथ लंबी बैठक की थी। इस बैठक में कैबिनेट विस्तार समेत संगठन की भूमिकाओं में नए चेहरों को शामिल करने पर चर्चा हुई थी। सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी चाहते हैं कि कार्यभार संभालने वाले सभी नए चेहरे गुजरात के लोगों से जुड़ें और अपनी भूमिका संभालने के तुरंत बाद उन्हें दिवाली की शुभकामनाएं दें।

क्या है कैबिनेट गठन का नियम?

गुजरात के मंत्रिपरिषद में अब तक मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल समेत 17 मंत्री थे। इनमें 8 कैबिनेट स्तर के मंत्री थे जबकि इतने ही राज्य मंत्री थे। आपको बता दें कि गुजरात विधानसभा कुल कुल 182 सदस्यों वाली है।

**जिन कैबिनेट मंत्रियों ने इस्तीफ़ा दिया है उनके नाम हैं-**
कनुभाई देसाई, ऋषिकेश पटेल, राघवजी पटेल, बलवंतसिंह राजपूत, कुंवरजी बावलिया, मुलुभाई बेरा, कुबेर डिंडोर और भानुबेन बाबरिया।
**इस्तीफ़ा देने वाले राज्य स्तर के मंत्रियों के नाम हैं-**
हर्ष संघवी, जगदीश पांचाल, पुरुषोत्तम सोलंकी, बच्चूभाई खाबड़, मुकेश पटेल, प्रफुल्ल पंशेरिया, भीखूसिंह परमार और कुंवरजी हलपति।

## राहत : पूरे देश से विदा हो गया मानसून

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून पूरे देश से विदा हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून पूरे देश से विदा हो गया है। इस साल मानसून 16 साल बाद जल्दी केरल पहुंचा था। मानसून 24 मई 2025 को केरल पहुंचा, जो 2009 के बाद से सबसे जल्दी आगमन था। साल 2009 में मानसून 23 मई को पहुंचा था। यह 8 जुलाई की सामान्य तिथि से नौ दिन पहले पूरे देश में पहुंचा। 2020 में 26 जून तक पूरे देश में पहुंचने के बाद से यह मानसून का सबसे जल्दी आगमन था। दरअसल, प्राथमिक वर्षा-वाहक प्रणाली आमतौर पर 1 जून तक केरल में प्रवेश करती है और 8 जुलाई तक पूरे देश को कवर कर लेती है।

## निमिषा प्रिया को मृत्यु दंड पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** भारत के अटॉर्नी जनरल (एजी) आर. वेंकटरमाणी ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि यमन में मौत की सजा पाने वाली नर्स निमिषा प्रिया अंतरिम राहत दी गई है और इस मामले में कुछ भी बुरा नहीं हुआ है। केंद्र की तरफ से पेश हुए एजी ने जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच को बताया कि इस मामले में एक नए मध्यस्थ आए हैं। जब कोर्ट ने पूछा कि निमिषा की सजा का क्या हुआ तो यमन में फंसी नर्स को बचाने के लिए अभियान चला रहे याचिकाकर्ता संगठन सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल की तरफ से वकील ने कहा कि सजा पर फिलहाल रोक लगा दी गई है।

## सुप्रीम कोर्ट ने अंतिम मतदाता सूची में सुधार की उम्मीद जताई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि उम्मीद है कि चुनाव आयोग बिहार की अंतिम मतदाता सूची में टाइपिंग और अन्य गलतियों को सुधारेगा। जस्टिस सूर्यकांत और

- कहा बिहार में इस मामले पर अभी भी भ्रम है

जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ अब इस मामले पर 4 नवंबर को सुनवाई करेगी। सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने कहा कि 30 सितंबर को उनके द्वारा प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची को लेकर अभी तक एक भी आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई है। चुनाव सुधार संगठन एडीआर की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि एक मतदाता द्वारा यह दावा किया गया कि उसका नाम अंतिम सूची में नहीं जोड़ा गया था, जिसे चुनाव आयोग ने 7 अक्टूबर को सुनवाई में फर्जी बताया था, लेकिन उसका दावा सच है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को बताना चाहिए कि कितने मतदाताओं के नाम अंतिम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। पीठ ने माना कि कुछ विधानसभाओं में मतदाता सूची 17 अक्तूबर को फ्रीज हो जाएगी क्योंकि वहां पहले चरण में मतदान होना है। वहीं अन्य विधानसभाओं पर 20 अक्तूबर को मतदाता सूची फ्रीज होगी, जहां दूसरे चरण में मतदान होना है। 7 अक्टूबर को, शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से उन 3.66 लाख मतदाताओं का विवरण देने को कहा था जो मसौदा मतदाता सूची का हिस्सा थे, लेकिन बिहार में एसआईआर प्रक्रिया के बाद तैयार की गई अंतिम मतदाता सूची से बाहर कर दिए गए थे। अदालत ने कहा कि इस मामले को लेकर भ्रम है।

## मणिपुर में पांच उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के इंफाल पश्चिम और पूर्वी जिलों से प्रतिबंधित संगठनों के पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के हाओबाम मारक लौरेम्बम लेइकाई से प्रतिबंधित यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (पंबेई) संगठन के दो कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान लीशांगथेम शिंघाजीत मीतेई (22) और सोरोखैबम दयानंद सिंह (28) के रूप में हुई है। उनसे 9 एमएम का एक पिस्तौल और एक मैगजीन जब्त की गई। सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्वी जिले के नगरियान की तलहटी से प्रतिबंधित पीआरईपीएके संगठन के दो कार्यकर्ताओं को पकड़ा।

## 'भारत की ऊर्जा आयात नीति हितों के आधार पर'



**नई दिल्ली।** भारत के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के उन दावों को लेकर जवाब दिया, जिनमें कहा गया था कि भारत जल्द

- रूस से तेल खरीद पर ट्रंप के दावों का विदेश मंत्रालय ने दिया जवाब

ही रूस से तेल की खरीद को रोक सकता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि भारत तेल और गैस का एक महत्वपूर्ण आयातक है। अस्थिर ऊर्जा परिदृश्य में भारतीय उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना हमारी निरंतर प्राथमिकता रही है। हमारी आयात नीतियां पूरी तरह इसी उद्देश्य से निर्देशित होती हैं। स्थिर ऊर्जा मूल्य और सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित करना हमारी ऊर्जा नीति के दोहरे लक्ष्य रहे हैं। इसमें हमारी ऊर्जा आपूर्ति का आधार व्यापक बनाना और बाजार की स्थितियों के अनुरूप विविधता लाना शामिल है। विदेश मंत्रालय के बयान में आगे कहा गया, जहां तक अमेरिका का सवाल है, हम कई वर्षों से अपनी ऊर्जा खरीद का विस्तार करने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले दशक में इसमें लगातार प्रगति हुई है। वर्तमान प्रशासन ने भारत के साथ ऊर्जा सहयोग को गहरा करने में रुचि दिखाई है। इस पर चर्चाएं जारी हैं।ओवल ऑफिस में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके अच्छे मित्र हैं और दोनों के बीच शानदार संबंध हैं। आगे उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही रूस से तेल की खरीद बंद कर देगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि ऐसा आश्वासन खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से दिया है। ट्रंप ने कहा कि भारत का यह कदम एक बड़ा कदम है।

## चेतावनी : भुखमरी की चपेट में आ सकते हैं 1.4 करोड़ लोग



**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र की खाद्य सहायता एजेंसी ने कहा हैकि उसके प्रमुख दानदाताओं द्वारा वित्त पोषण में की गई कटौती से छह देशों में उसकी गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। उसने चेताया कि इससे करीब 1.4 करोड़ लोग भुखमरी की कगार पर पहुंच सकते हैं। विश्व खाद्य कार्यक्रम

- डब्ल्यूएफपी ने फंडिंग संकट को बताया वजह

(डब्ल्यूएफपी) ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा कि इस वर्ष उसका वित्त पोषण अब तक की सबसे बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है। डब्ल्यूएफपी ने कहा, इस चुनौती का मुख्य कारण अमेरिका (डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के तहत) तथा अन्य प्रमुख पश्चिमी देशों द्वारा अनुदान में की गई भारी कटौती है। एजेंसी ने चेतावनी दी कि उसकी खाद्य सहायता प्राप्त करने वाले 1.37 करोड़ लोगों को अब आपात स्तर की भुखमरी का सामना करना पड़ सकता है। जिन देशों में मुख्य व्यवधान देखने को मिल रहे हैं, वे अफगानिस्तान, कांगो, हैती, सोमालिया, दक्षिण सूडान और सूडान हैं। डब्ल्यूएफपी ने बताया कि इस साल उसे 40 प्रतिशत कम वित्त पोषण मिलने के आसार हैं।

## तेलंगाना सरकार को सुप्रीम कोर्ट से झटका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें राज्य सरकार ने ओबीसी वर्ग को स्थानीय निकाय चुनाव में 42 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की थी। इससे पहले तेलंगाना हाईकोर्ट ने भी राज्य सरकार के इस फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट के अंतरिम फैसले के खिलाफ तेलंगाना सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। हालांकि अब सुप्रीम कोर्ट से भी उसे निराशा हाथ लगी है और सर्वोच्च अदालत ने याचिका खारिज कर दी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने राज्य सरकार की विशेष याचिका खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि उच्च न्यायालय को मेरिट के आधार पर फैसला करना चाहिए और उसे राज्य सरकार की याचिका खारिज होने से प्रभावित नहीं होना चाहिए।

## मसूद अजहर अंडरग्राउंड, संगठन छोड़कर भाग रहे आतंकी


**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में सरकार और सेना की शह पर इतराने वाला जैश-ए-मोहम्मद का खूंखार आतंकी मसूद अजहर ऑपरेशन सिंदूर में अपना पूरा परिवार खोने के बाद

- जोखिम उठाने से बच रही पाकिस्तान की सेना

अब भूमिगत हो गया है। उसे सामने नहीं आने की सलाह दी गई है। चूंकि भारतीय सशस्त्र बल उस पर कड़ी नजर रख रहे हैं और पाकिस्तानी सेना कोई भी जोखिम नहीं उठाना चाहती, इसलिए उन्होंने उसे अपनी निगरानी में रखा है। अजहर ने फिलहाल चुप्पी साध रखी है और उसकी इस खामोशी ने जैश के गुर्गों को बेचैन कर दिया है। उनका मनोबल गिर रहा है और मायूस होकर वे अब इस संगठन को छोड़कर भागने लगे हैं क्योंकि उन्हें कोई नेतृत्व नहीं दिख रहा है।

**प्रचार मुहिम हो रही बेअसर**

संगठन में उन्हें बनाए रखने के लिए एआई संचालित वीडियो के माध्यम से फैलाया जा रहा प्रोपेगेंडा भी बेअसर हो रहा है। आतंकियों का संगठन पर से उठने लगा है भरोसा पहले, जब अजहर छिप जाता था या इलाज करा रहा होता था तो उसका भाई रऊफ असगर ही जैश के सारे फैसले लेता था। वह संगठन की हर चीज का प्रभारी था और वह अपने भाई अजहर का आदर्श सहयोगी था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बहावलपुर में असगर मारा गया। यह जैश के लिए एक बड़ा झटका था क्योंकि उसने अपना आपरेशन प्रमुख खो दिया। दूसरी ओर, अजहर संगठन के वैचारिक प्रमुख की भूमिका में रहा है और अब, दोनों की अनुपस्थिति में आतंकियों का संगठन पर से भरोसा उठने लगा है।



**प्रोपेगेंडा वीडियो का प्रसार बढ़ाने में जुटा है जैश**

खुफिया ब्यूरो के अधिकारियों ने कहा कि जैश को फिर से संगठित होने में समय लगेगा। उसे पता है कि भारत के साथ किसी भी दुस्साहस का उसे उचित जवाब दिया जाएगा। वह अपने गुर्गों का मनोबल बढ़ाने के लिए कोई भी जोखिम उठाने की स्थिति में नहीं है। इसलिए संगठन महिला शाखा समेत कई नई शाखाएं खोलने और अन्य गतिविधियां शुरू करने के बारे में प्रोपेगेंडा फैलाता रहता है। यह केवल आतंकियों का मनोबल ऊंचा रखने के लिए है ताकि उन्हें लगे कि कुछ गतिविधि हो रही है। भारतीय एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद जैश कोई दुस्साहस तो नहीं करेगा, लेकिन वह प्रोपेगेंडा वीडियो का प्रसार बढ़ाने में शिद्दत से जुटा हुआ है। दुष्प्रचार के जरिए मनोबल ऊंचा रखने की कोशिश एजेंसियों को पता चला है कि ये वीडियो न केवल पाकिस्तान में, बल्कि भारत के कुछ हिस्सों में भी बड़ी संख्या में प्रसारित हो रहे हैं। संगठन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करके अजहर की तस्वीरें और वीडियो बना रहा है और उन्हें बड़ी संख्या में प्रसारित कर रहा है।

## जयशंकर से मिलीं श्रीलंका की पीएम अमरसूर्या

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के प्रधानमंत्री का पदभार संभालने के बाद बतौर पीएम हरिनी अमरसूर्या भारत की अपनी पहली यात्रा पर दिल्ली पहुंची हैं।

- सहयोग मजबूत करने पर हुई चर्चा

श्रीलंकाई पीएम अमरसूर्या 18 अक्टूबर तक भारत दौरे पर रहेंगी, जहां प्रमुख द्विपक्षीय मुद्दों और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के अवसरों पर चर्चा करेंगी। अपने दौरे के पहले दिन हरिनी अमरसूर्या ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की। इस दौरान विदेश मंत्री ने बताया कि श्रीलंका को भारत के निरंतर समर्थन और शिक्षा एवं क्षमता निर्माण में सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा हुई। इससे पहले श्रीलंकाई पीएम ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के हिंदू कॉलेज में छात्रों को संबोधित किया।





# काकोरी पटाखा बाजार में जीएसटी चोरी, जिम्मेदार मौन

## बोर्ड पर जीएसटीआईएन नंबर पर ग्राहकों को नहीं मिल रहा पक्का बिल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** दीवाली की रौनक के बीच लखनऊ के काकोरी थोक पटाखा बाजार में टैक्स चोरी का खेल खुलेआम चल रहा है। दुकानों के बाहर बड़े-बड़े बोर्डों पर जीएसटीआईएन नंबर चमकते हैं, लेकिन जब ग्राहक पक्का टैक्स इनवॉइस मांगता है, तो दुकानदार या तो टालमटोल करते हैं या साधारण रसीद थमाकर चलता कर देते हैं। कई जगह तो ऑनलाइन पेमेंट भी फर्म के नाम की जगह निजी खातों में ली जा रही है, जिससे सरकारी खजाने को करोड़ों का नुकसान होने की आशंका है।




**बोर्ड पर जीएसटीआईएन, पर बिल गायब** सूत्रों से पता चला कि लगभग हर दुकान पर जीएसटीआईएन नंबर टंगा है, लेकिन जब उपभोक्ता टैक्स सहित बिल मांगते हैं तो दुकानदार बहाने बनाते हैं ÷मशीन खराब है÷, ÷बिल बाद में देंगे÷ या ÷छोटी खरीद पर बिल नहीं मिलता÷ या फिर भीड़ बहुत है। सूत्र ने यह भी बताया कि जब ग्राहक बिल के लिए ज़ोर देते हैं, तो दुकानदार सिर्फ़ हस्तलिखित पर्ची दे देते हैं, जिस पर जीएसटी का कोई ज़िक्र नहीं होता है।

**डिजिटल पेमेंट में भी गड़बड़ी** बाजार के कई दुकानदार गूगल पे, फोन पे और पेटीएम जैसे माध्यमों से भुगतान तो लेते हैं, लेकिन पैसे फर्म के नाम के बजाय किसी निजी खाते में भेजे जाते हैं। यह न सिर्फ़ जीएसटी चोरी का संकेत है बल्कि इनकम टैक्स और वित्तीय पारदर्शिता नियमों का भी उल्लंघन है।

**क्या कहता है कानून** जीएसटी कानून की धारा 31 के तहत हर पंजीकृत व्यापारी को बिक्री पर टैक्स इनवॉइस देना अनिवार्य है। यदि व्यापारी ग्राहकों से टैक्स वसूलता है लेकिन सरकार को जमा नहीं करता या इनवॉइस जारी नहीं करता, तो यह सीधी टैक्स चोरी मानी जाती है। इस पर सीजीएसटी एक्ट की धारा 122 के तहत भारी जुर्माना और कार्रवाई का प्रावधान है।

**विभाग की चुप्पी पर सवाल** यह पूरा खेल जीएसटी विभाग और जिला प्रशासन की आँखों के सामने चल रहा है। न तो रूटीन निरीक्षण हो रहा है, न कोई ऑडिट। जिसके व्यापारी खुलकर जीएसटी चोरी कर रहे हैं।

**सुरक्षा में भी भारी लापरवाही** टैक्स चोरी के साथ-साथ बाजार की सुरक्षा व्यवस्था भी पूरी तरह फेल है। अधिकांश दुकानों को गोदामों में तब्दील कर वहीं से बिक्री की जा रही है। इन गोदामों के बाहर रखी बाल्टियों में न पानी है न बालू। फायर एक्सटिंग्विशर जंग खाए पड़े हैं, और अंदर पटाखों का बड़ा पहाड़ ढेर है। जो किसी भी वक्त बड़ी त्रासदी का कारण बन सकते हैं।

### हास्यास्पद बयान

जिम्मेदार अधिकारियों से जीएसटी चोरी के बाबत पूछने पर उन लागों ने नाम न छापने की षर्त पर बताया कि हमारी गुप्त टीमें काकोरी पटाखा बाजार में लगी हैं, त्यौहार निपटने के बाद जीएसटी चोरी की जांच की जाएगी।

# लोहिया में नर्सिंग भर्ती का परिणाम जारी

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** डॉ राम मनोहर लोहिया संस्थान में नर्सिंग भर्ती की मुख्य परीक्षा का रिजल्ट वेबसाइट में अपलोड कर दिया गया है। दिवाली के बाद भर्ती प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद है। लोहिया संस्थान में करीब 1200 बेड हैं। प्रतिदिन तीन से चार हजार मरीज ओपीडी में आ रहे हैं। मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराने के लिए संस्थान प्रशासन नर्सिंग ऑफिसर के 665 पदों पर भर्ती करने जा रहा है। इसके लिए दो चरणों में परीक्षा कराई गई है। पहले स्क्रीनिंग परीक्षा कराई गई। इसमें 6746 परीक्षार्थियों को सफल घोषित किया गया। इन्हें मुख्य परीक्षा में शामिल होने का मौका दिया गया। इसमें 6443 अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा में शामिल हुए। बीते रविवार को मुख्य भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। संस्थान की वेबसाइट पर सीएमएस डॉ. विक्रम सिंह की तरफ से परिणाम जारी किया गया है। वेबसाइट से रिजल्ट हटने पर विवाद संस्थान की वेबसाइट पर मुख्य परीक्षा का रिजल्ट रविवार को जारी किया गया था।

# पश्चिमांचल और मध्यांचल निगमों में निजीकरण की रूपरेखा तैयार

## बिजली कर्मियों में निजीकरण को लेकर बढ़ा गुस्सा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के केन्द्रीय पदाधिकारियों ने गुरूवार को यहां बताया कि पॉवर कारपोरेशन का शीर्ष प्रबंधन पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के साथ ही पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम और मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अंतर्गत सभी बड़े शहरों के निजीकरण की रूपरेखा तैयार कर रहा है। इसी योजना के तहत गुरूवार को पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के अंतर्गत गाजियाबाद के दो शहरी क्षेत्र, मुरादाबाद और सहारनपुर क्षेत्र की प्रशासनिक संरचना में बदलाव के आदेश जारी किए गए हैं। दीपावली के पर्व पर उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति करने हेतु आज उप्र राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ ने सभी जनपदों में अभियंताओं की आम सभा की। आम सभा में अभियंताओं ने दीपावली पर रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए योजना बनाई और सभी संबंधित अभियंताओं को निर्देश दिया कि वे अपने अपने क्षेत्र में दीपावली के पूरे पर्व के दौरान और छठ पूजा तक उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में जुट जाएं। संघर्ष समिति ने कहा कि अत्यंत दुर्भाग्य की बात है कि जहां एक ओर विद्युत अभियंता दीपावली पर निर्बाध बिजली आपूर्ति की तैयारी में लगे हैं वहीं दूसरी ओर पावर कॉरपोरेशन का शीर्ष प्रबंधन पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के साथ पश्चिमांचल और मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अंतर्गत आने वाले बड़े शहरों के निजीकरण की तैयारी में है और उनका प्रशासनिक ढांचा मनमाने ढंग से बदलने का आदेश जारी कर रहा है। इस संबंध में आज पावर कार्पोरेशन प्रबंधन ने गाजियाबाद के दो क्षेत्र, सहारनपुर क्षेत्र और मुरादाबाद क्षेत्र का प्रशासनिक ढांचा ईज ऑफ लिविंग के नाम पर निजीकरण की दृष्टि से मनमाने ढंग से बदलने का आदेश जारी कर दिया है। संघर्ष समिति ने बताया कि नोएडा क्षेत्र का प्रशासनिक ढांचा बदलने का आदेश लगभग तैयार है और इसे भी दीपावाली के पूर्व जारी कर दिया जाएगा। समिति ने कहा कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अंतर्गत बरेली का प्रशासनिक ढांचा बदलने का आदेश पहले ही हो चुका है। लेसा का प्रशासनिक ढांचा बदलने का फैसला 1 नवंबर से लागू किया जा रहा है। वर्टिकल रिस्ट्रक्चरिंग और ईज ऑफ लिविंग के नाम पर विद्युत वितरण का प्रशासनिक ढांचा मनमाने ढंग से बदलना, केवल निजीकरण के लिए किया जा रहा है।



## खबर एक नज़र

### नटखेड़ा रोड पर ई-रिक्शा चालकों का अतिक्रमण, व्यापारियों में चिंता

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** आलमबाग के नटखेडा रोड पर ई-रिक्शा चालकों का फैला अतिक्रमण दिपावली पर्व पर व्यापारियों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा ने बताया कि बाजार में बढ़ी भीड़ और अतिक्रमण के चलते ग्राहकों की परेशानी हो रही है और उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है। व्यापारी पहले ही प्रशासन से मांग कर चुके हैं कि ई-रिक्शा चालकों के लिए उचित स्थान सुनिश्चित किया जाए, ताकि वे व्यवस्थित रूप से संचालन कर सकें। लेकिन अभी तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं हुई है। अतिक्रमण के कारण ई-रिक्शा दुकानों के सामने खड़े हो जाते हैं और झगड़े-लड़ाई की स्थिति बन जाती है, जिससे त्योहारों के दौरान ग्राहक बाजार से जल्दी लौट जाते हैं। व्यापारी आशा कर रहे हैं कि प्रशासन जल्द ही ई-रिक्शा चालकों के लिए सुरक्षित और नियत स्थान निर्धारित करे, ताकि व्यापार और ग्राहकों दोनों को राहत मिल सके।



### विजया सम्मेलन आयोजित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** कैण्टोनमेंट पूजा एवं सेवा समिति द्वारा पारंपरिक उल्लास के साथ दुर्गा पूजा संपन्न हुई। यह पूजा 1952 से निरंतर आयोजित हो रही है और कैण्ट क्षेत्र की सबसे पुरानी पूजा मानी जाती है। इस अवसर पर ग्लोबल एजुकेटर्स' फोरम ने डॉ. बिद्युत साहा को राष्ट्रीय संयुक्त सचिव मंच की ओर से सम्मानित किया। पूजा के सफल समापन पर आज रात 8.30 बजे से विजया सम्मेलन समारोह का आयोजन होगा, जिसमें रात्रिभोज और सांस्कृतिक कार्यक्रम रखे गए हैं। समिति अध्यक्ष अरुण मुखर्जी, उपाध्यक्ष प्रमोद बनर्जी, सचिव सुभाष चटर्जी, कोषाध्यक्ष राजेश रॉय व सांस्कृतिक संयोजक शांभवी भट्टाचार्य ने सभी अतिथियों, आर्मी परिवारों, क्षेत्रीय विधायक, सांसद व गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया है।



### कर्बला में सलामती की मांगी दुआ

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमर चौधरी ने आज तालकटोरा कर्बला में देशवासियों की सलामती के लिए दुआ की। यह कर्बला लगभग 300 साल पुराना है और इसे नवाब सआदत अली खान के दरबारी खुदा बख्श खान ने 1789 में बनवाया था। इसे इराक के कर्बला में इमाम हुसैन के रौज़े का प्रतिरूप माना जाता है। इसमें एक इमामबाड़ा, दो मस्जिदें और एशिया का सबसे बड़ा शिया कब्रिस्तान शामिल है। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अमर चौधरी के साथ संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद थे। इसमें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद फारूक, राष्ट्रीय महासचिव दिलीप मिश्रा, राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ फ़ैज़ अहमद, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ शादाब आलम, प्रदेश अध्यक्ष इमरान हैदर, प्रदेश प्रभारी शादाब आगा, प्रदेश कोषाध्यक्ष विनोद यादव, मंडल उपाध्यक्ष शब्बर मिर्जा, लखनऊ महानगर अध्यक्ष मनीष यादव और लखनऊ महानगर प्रभारी मोहम्मद परवेज़ शामिल रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष अमर चौधरी ने कहा कि तालकटोरा कर्बला में मांगी गई दुआ कभी खाली नहीं जाती। यह स्थल धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है और मुहर्रम के दौरान यहाँ जुलूस और ताज़ियों को दफनाने की परंपरा होती है।

### काली पट्टी बांधकर अब 25 तक पढ़ाएंगे शिक्षक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** टीईटी अनिवार्यता के खिलाफचल रहे आंदोलन को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने अपने आंदोलन कार्यक्रम को 25 अक्टूबर तक जारी रखने का निर्णय लिया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे ने प्रदेश के सभी प्रांतीय, मंडलीय, जिला और ब्लॉक पदाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शिक्षक काली पट्टी बांधकर पठन-पाठन कार्य करते रहेंगे और हस्ताक्षर अभियान आंदोलन को भी जारी रखेंगे। संघ का कहना है कि टेट से जुड़ा मुद्दा केवल उत्तर प्रदेश का नहीं, बल्कि पूरे देश के शिक्षकों की समस्या है। इस जटिल विषय का समाधान केवल केंद्र सरकार या सर्वोच्च न्यायालय के स्तर पर ही संभव है। प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे ने कहा कि यदि आगामी 25 अक्टूबर 2025 तक केंद्र सरकार की ओर से कोई ठोस और सकारात्मक समाधान नहीं निकाला जाता है, तो उसी दिन से दिल्ली कूच आंदोलन की घोषणा की जाएगी।

### लोकसभा अध्यक्ष से मिलीं सीएमएस प्रबन्धक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल की प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने नई दिल्ली में लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला से शिष्टाचार भेंटकर उन्हें लखनऊ में आयोजित हो रहे 'अन्तर्राष्ट्रीय मुख्य न्यायाधीश सम्मेलन' में पधारने का आमन्त्रण दिया एवं राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान हेतु हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर प्रो. किंगडन ने लोस अध्यक्ष को प्रायोजित कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी।



# 80 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** आबकारी टीम ने प्रवर्तन अभियान के तहत लखनऊ, रायबरेली और उन्नाव जिलों में संयुक्त कार्रवाई की। यह अभियान संयुक्त आबकारी आयुक्त लखनऊ जोन और उप आबकारी आयुक्त लखनऊ प्रभार के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारियों के नेतृत्व में संचालित किया गया। गुरुवार को की गई इस संयुक्त कार्रवाई में लखनऊ जिले की टीम में आबकारी निरीक्षक राम श्याम त्रिपाठी (क्षेत्र-3), राहुल सिंह (सेक्टर-11) और अखिलेश कुमार (क्षेत्र-2) अपने स्टाफ के साथ शामिल रहे। इसी प्रकार उन्नाव जिले से आबकारी निरीक्षक निशांत सिंह (क्षेत्र-4 पूर्वा) तथा रायबरेली जिले से आबकारी निरीक्षक रॉबिन आर्या (क्षेत्र-2 बछरावां) अपनी-अपनी टीमों के साथ अभियान में शामिल हुए। संयुक्त टीमों ने सई नदी के किनारे और आसपास के जंगल क्षेत्रों, बाग-बगीचों के किनारे स्थित संदिग्ध स्थलों पर दबिश दी। इस दौरान टीमों ने मौके से लगभग 80 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की और करीब 500 किलोग्राम लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया। अभियान के दौरान अवैध शराब के निर्माण और तस्करी में लिप्त तत्वों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की गई। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा और अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री तथा परिवहन में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।



# 'भिक्षावृत्ति मुक्त लखनऊ' अभियान की सराहना

## दीपदान महोत्सव में 31 हजार दीयों से रोशन हुआ स्टेडियम

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी गुरुवार शाम केडी सिंह बाबू स्टेडियम में एक प्रेरणादायी दृश्य की साक्षी बनी, जब ÷मिशन शक्ति 5.0 एवं भिक्षावृत्ति मुक्त लखनऊ÷ के अंतर्गत भव्य दीप दान महोत्सव का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और दीपों की रोशनी में समाज में बदलाव की ज्योति जलाने का संदेश दिया।

**भिक्षावृत्ति मुक्त लखनऊ÷ बना आदर्श अभियान** जिलाधिकारी विशाख जी. ने बताया कि ÷भिक्षावृत्ति मुक्त लखनऊ÷ को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने 7 टास्क फोर्स गठित की हैं, जो शहर के प्रमुख चौराहों और बाजारों को लगातार मॉनिटर कर रही हैं। अब तक 111 निराश्रित महिलाओं और पुरुषों को रेस्क्यू कर ÷अपना घर आश्रम÷ में शेल्टर दिया गया, वहीं 11 वृद्ध महिला-पुरुषों को वृद्धा आश्रम में आवासित कराया गया है। इसके अलावा 255 से अधिक व्यक्तियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया, 273 बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना तथा 149 बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़ा गया है। भिक्षावृत्ति में शामिल परिवारों के 716 बच्चों का स्कूलों में और 204 बच्चों का आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकन कराया गया है।



**उपमुख्यमंत्री ने की सराहना** अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि ÷लखनऊ को भिक्षावृत्ति से मुक्त बनाने की यह पहल सामाजिक चेतना और प्रशासनिक संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण है।÷ उन्होंने जिलाधिकारी लखनऊ के नेतृत्व में गठित 7 टास्क फोर्स की 45 सदस्यीय टीमों को प्रशस्ति-पत्र, स्मृति चिन्ह और दीपावली मिष्ठान देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही मिशन शक्ति-5.0 के तहत 11 महिला कर्मियों को भी सम्मानित किया गया।

**दीपों की रोशनी में जागी सामाजिक आशा** कार्यक्रम के समापन पर 31 हजार दीपों से सजे स्टेडियम ने मानो पूरे लखनऊ को आशा और परिवर्तन की रौशनी से भर दिया। उपस्थित जनसमूह, अधिकारी, समाजसेवी और स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने मिलकर दीपदान किया और ÷भिक्षावृत्ति मुक्त, सशक्त लखनऊ÷ के संकल्प को और मजबूत किया। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी विशाख जी. ने कहा कि ÷दीपावली की यह रोशनी केवल घरों में नहीं, बल्कि उन जिंदगियों में भी उजाला लाएगी जो अब आत्मनिर्भरता और सम्मान की राह पर हैं।

### होमगार्ड्स मंत्री ने किया माटी कला प्रदर्शनी का अवलोकन

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने डालीबाग में 10 दिवसीय माटी कला प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शनी में लगी दुकानों पर जाकर मिट्टी से बने सजावटी सामानों के बारे में दुकानदारों से जानकारी ली। प्रजापति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को साकार करने के लिए प्रदेश की योगी सरकार ने स्वदेशी स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 2017 में माटी कला बोर्ड का गठन किया और मुझे इस बोर्ड का अध्यक्ष बनने का अवसर प्राप्त हुआ। मुझे खुशी है कि मेरे समाज के बन्धुओं को आगे बढ़ाने एवं उनके उत्थान के लिए सरकार ने एक बड़ी पहल की शुरूआत की। दीपावली के पहले प्रत्येक जनपद में माटी कला बोर्ड के तत्वाधान में प्रदर्शनी लगायी जाती है।

### प्रादेशिक पार्टी की मान्यता बहाल कराने में जुटी रालोद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल ने अपनी प्रादेशिक पार्टी की मान्यता को बहाल करने के लिए पंचायत चुनाव में यूपी की सभी सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। दरअसल पार्टी की प्रादेशिक मान्यता निर्वाचन आयोग ने जनवरी 2024 में रालोद को तीन प्रतिशत वोट मिलने के कारण समाप्त कर दी थी। जबकि रालोद की प्रादेशिक पार्टी के रूप में 2024 के लोक सभा चुनाव से पहले यूपी में रजिस्टर्ड पार्टी के रूप में मान्यता मिली हुई थी। इसके चलते पार्टी ने इन दिनों अपना ध्यान सिर्फ और सिर्फ पंचायत चुनाव पर फोकस कर रखा है। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने इसके लिए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय समेत समस्त पदाधिकारियों को पंचायत चुनाव के लिए मजबूत प्रत्याशियों को ही चुनाव के मैदान में उतरने का निर्णय लिया है, जिससे उनकी पार्टी से मैदान में उतरने वाले अधिक से अधिक प्रत्याशी अपनी जीत का परचम लहरा सके। रालोद इसी आधार पर यूपी में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की रणनीति तय करेगी।

# कर्मचारी संघ का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** विद्युत परिषद मुख्यालय कर्मचारी संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गुरूवार को शक्ति भवन मुख्यालय पर आयोजित किया गया, जिसमें डा. आशीष कुमार गोयल अध्यक्ष, उप्र. पाकालि,उ0प्र0 मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए संघ के महामंत्री आशीष तिवारी ने कहा कि जब से वर्तमान लोकप्रिय सरकार का गठन हुआ है, तब से विद्युत व्यवस्था में अभूतपूर्व सुधार आया है। प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों को भी सम्मिलित करते हुए 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति किये जाने के सरकार के संकल्प की ओर ध्यान दिलाते हुये उन्होंने सरकार को आशवासन दिया कि संघ, सरकार एवं प्रशासन को इसके लिए अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि पारेषण क्षेत्र में काफी कार्य हो चुका है और हो भी रहा है। इस अवसर पर बिन्दु श्रीवास्तव को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में परिषद के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# चिनहट व गोसाईंगंज में अवैध प्लाटिंग व निर्माण ध्वस्त

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शहर में अवैध निर्माण एवं प्लाटिंग के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरूवार को प्रवर्तन टीम ने बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान चिनहट व गोसाईंगंज में लगभग 22 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 2 अवैध प्लाटिंग ध्वस्त की गयीं। सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र में 1 अवैध निर्माण ध्वस्त किया गया, जबकि जानकीपुरम व गुड़म्बा में 2 व्यावसायिक निर्माण सील किये गये। प्रवर्तन जोन-1 की जोनल अधिकारी संगीता राघव ने बताया कि हिमांशु गुप्ता व गणपति बिल्डर्स द्वारा चिनहट के ग्राम-लौलाई में लगभग 14 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। इसी तरह लक्ष्मण मिश्रा व अन्य द्वारा गोसाईंगंज के अहिमामऊ में लगभग 8 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा था। एलडीए से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन दोनों अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। अहिमामऊ में अवैध निर्माण ध्वस्त प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी विराग करवरिया ने बताया कि सेतु वर्मा पत्नी शैलेन्द्र सिंह द्वारा सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र के ग्राम-अहिमामऊ में खसरा संख्या-807 पर लगभग 100 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया गया था। एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये गये उक्त निर्माण कार्य के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में प्रवर्तन टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। जानकीपुरम व गुड़म्बा में अवैध निर्माण सील प्रवर्तन जोन-5 के जानकीपुरम के सैदपुर जागीर में 60 फिटा रोड पर लगभग 500 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर दुकानों का निर्माण कराया गया था।

### शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाएं फ्री होना चाहिए : खर्कवाल

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** अगर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा फ्री हो जाए, तो देश और प्रदेश दोनों आत्मनिर्भर और विकसित हो जाएंगे। यह बात महापौर सुषमा खर्कवाल ने गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय में आयोजित विकसित भारत विकशित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत ,आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश विषयक कार्यशाला में कही। महापौर ने कहा कि अगर स्कूलों की फीस कम कर दी जाए या खत्म कर दी जाये। इलाज पूरी तरह निःशुल्क हो जाये तो गरीब और अमीर दोनों के बच्चों को समान चिकित्सा व शिक्षा का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इलाज बिल्कुल फ्री होना चाहिए ताकि कोई भी व्यक्ति पैसों के अभाव में इलाज से वंचित न रह जाए। महापौर ने जोर देकर कहा कि जब शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों क्षेत्र मुक्त होंगे, तभी विकसित लखनऊ, स्वस्थ लखनऊ, स्वच्छ लखनऊ का सपना पूरा होगा। शहर की यातायात और मूलभूत सुविधाओं पर भी जोर महापौर ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था और जाम की समस्या पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि लखनऊ के प्रमुख चौराहों पर जाम रोकने के लिए ऑटो रिक्शा व्यवस्था

### खनन विभाग को मिला देश में दूसरा स्थान

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग को लगातार सुधार कार्यक्रम के चलते देश में दूसरे स्थान मिला है। उत्तर प्रदेश खनन विभाग अपने राजस्व लक्ष्य को पार कर प्रदेश के चौमुखी विकाश में प्रबल योगदान दे रहा है वही मुख्यमंत्री के निर्देश पर सचिव निदेशक माला श्रीवास्तव आईएएस ने खनन विभाग में लगातार सुधार के कार्य करने से जहां एक तरफ राजस्व की बढ़ोतरी हुई है वही पहले से अधिक खनन के बड़े पट्टे भी हुए हैं। खनिज क्षेत्र में सुधार अपनाने हेतु राज्यों के बीच प्रतिस्पर्धा भावना को बढ़ावा देने के लिए एक सूचकांक विकसित करने की आवश्यकता महसूस होने के दृष्टिगत खनन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भारतीय खानिविद्यापीठ धनबाद के सहयोग से राज्य खनन तत्परता सूचकांक बनाया गया तथा राज्यों में उपलब्ध खनन क्षेत्रफल आदि के आधार पर राज्यों को तीन श्रेणी में रखा गया है। जिसमें उत्तर प्रदेश सहित गोवा असम केरल बिहार हिमाचल प्रदेश तमिलनाडु मेघालय राज्य को श्रेणी बी में रखा गया है।

### लोकतंत्र और संविधान को लेकर जताई चिंता

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** महात्मा गांधी की शारीरिक हत्या के बाद अब वैचारिक हत्या की कोशिश जारी है। यह बात सर्व सेवा संघ के सहयोगी संगठन भारत जन जान विज्ञान समिति एवं साझी दुनियां साझी विरासत ने पत्रकारों से कही। इस अवसर पर पूर्व कुलपति एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रोफेसर रूपरेखा वर्मा, हरीश चन्द्र, पूर्व आईएएस एवं समाजसेवी आलोक सिंह ने संयुक्त रूप से सम्बोधित करते हुए कहा कि आजादी के बाद पहली बार सबसे ज्यादा खतरा लोकतंत्र और संविधान पर मड़रा रहा है।

### भाजपा राज में बिजली व्यवस्था ध्वस्त : अखिलेश

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार ने विद्युत व्यवस्था को पूरी तरह चौपट कर दिया है। आए दिन बिजली कटौती और बिजली दरों में वृद्धि से लोगों का जीना दूभर हो गया है। पावर कारपोरेशन खुद अपने कायदे कानूनों की धज्जियां उड़ा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में 10 सितम्बर से 6 अक्टूबर तक 1.74 लाख नए बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन हुए जिसमें बढ़ी दरों की वजह से 37,043 आवेदकों के मामले लंबित रह गए। विद्युत उपभोक्ता परिषद ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर के सम्बंध में अंतिम निर्णय तक आवेदको से ली गई धनराशि वापस देने का भी अनुरोध किया। इस सम्बंध में विद्युत अधिनियम 2003 का हवाला दिया गया।

### तम्बाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए घातक : अमित घोष

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अमित कुमार घोष ने कहा कि तम्बाकू का सेवन किसी भी रूप में किया जाय यह नुकसानदायक है। तंबाकू न केवल शरीर को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह मानसिक, सामाजिक और आर्थिक स्तर पर भी व्यक्ति को खोखला कर देता है। वह गुरुवार को तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का कार्यक्रम का शुभारम्भ कर रहे थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. पिंकी जोवेल, आईएएस, मिशन निदेशक, एनएचएम ने राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के समस्त जनपदों में किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की।

### हनुमत चित्रों के विश्व कीर्तिमान पर मेयर ने किया सम्मान

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** मेयर सुषमा खर्कवाल ने गुरुवार को अपने कैंप कार्यालय में 12,500 हनुमत चित्रों का संग्रह करने वाले हनुमान भक्त विवेक पाण्डेय का सम्मान किया। इस उपलब्धि को ÷इंटरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान मिला है। मेयर ने उनके आध्यात्मिक व सामाजिक कार्यों की सराहना की। विवेक पाण्डेय ने यह सम्मान पवनसुत हनुमान को समर्पित किया। वर्ष 2009 से सेवा कार्य शुरू कर उन्होंने 2012 में हनुमत सेवा समिति बनाई और जरूरतमंदों व कुष्ठ पीड़ितों की सेवा के साथ हर साल राम हनुमत महोत्सव का आयोजन भी कर रहे हैं।



### फैशन परिदृश्य में कलाकारों ने दी प्रस्तुति



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** एशिया का सबसे बड़ा मॉडल मीडिया संवाद और प्रिंट शूट अवसर का आयोजन आलमबाग में आईएएमजी वर्ड ने प्रस्तुत किया, जिसमें स्वंय प्रोडक्शन ने सहयोग किया। इस कार्यक्रम में देशभर से आए युवा मॉडल, मेकअप कलाकार, फोटोग्राफर और मीडिया प्रतिनिधि शामिल हुए। ग्राफिक पार्टनर अर्नव फोटोग्राफी, मेकअप पार्टनर अनाम, फोटोग्राफी पार्टनर शिवम क्रिएशन और स्टूडियो, ने आयोजन को प्रभावशाली बनाया। मुख्य आयोजकों में तेजस बर्नवाल सीईओ,मानसी मैनेजमेंट-हेड, सुजल ऑनर, शिवम फोटोग्राफर और अनाम मेकअप मौजूद रहे। आयोजन में मॉडल्स ने प्रिंट शूट और मीडिया इंटरैक्शन में स्टाइल और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया।





VIJAY LAXMI JEWELLERS
KURSI ROAD ALIGANJ LUCKNOW
BIS Hallmark Certified DIAMOND Jewellery

# Vijay Laxmi Jewellers

पारंपरिक से लेकर आधुनिक डिज़ाइनों तक – हर अवसर के लिए कुछ खास। गुणवत्ता, भरोसा और सेवा हमारी पहचान।



New Collection Of Diamond Rings, Earrings, Mangalsutra, Necklace, Lightweight, Gold Jewellery & Exclusive New Range Of Jewellery Are Available.

25% तक की छूट गोल्ड ज्वैलरी की बनवाई पर

25% तक की छूट डायमंड ज्वैलरी की MRP पर

Kursi Road, Aliganj Bazaar, Near Dandaiya Market, Lucknow Contact:9919008000, 9415561312

# शहीद पथ : हरियाली के नाम पर 43 करोड़ फूंकेगा एलडीए

## ग्रीन जोन बने एनएचएआई पर हरियाली के नाम पर टुकड़ों में टेंडर

अश्वनी श्रीवास्तव



**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** एलडीए की अंनत नगर योजना के टेंडरों में बरती गयी अनियमिताओं का मामला अभी तक शांत नहीं हो पाया है कि एक और बड़ा घोटाला करने की तैयारी एलडीए के उद्यान विभाग में तैनात अफसरों ने कर डाली है। इस बार 23 किलोमीटर लंबे शहीद पथ के एनएचएआई पर हरियाली के नाम पर अपनी हरियाली वाली सोच के चलते 43 करोड़ रुपये के टेंडर छह टुकड़ों में करने की एक अनोखी योजना बना डाली है। उद्यान अनुभाग के अधिकारियों का ये कारनामा सामने आने के बाद कई गंभीर सवाल जहां उठने लगे हैं, वहीं प्राधिकरण के कई बड़े अफसर पर भी इन सवालों में घिरते नजर आ रहे हैं। यहां तक कि एलडीए के कुछ बड़े अफसरों के पास भी इस बात का कोई जवाब नहीं है कि एक ही काम के टेंडर को पार्ट में करने की क्या जरूरत पड़ गयी थीं।जी-20 के समय लगे थे एक लाख पेड़-पौध बताते चलें कि एनएचएआइ की सड़क होने के बाद भी शहीद पथ की हरियाली के नाम पर एलडीए कुछ महीनों के अंतराल पर भारी-भरकम रकम खर्च करता रहता है। इसके अलावा फरवरी 2023 में लखनऊ में आयोजित हुए जी-20 समिट के समय भी शहीद पथ के मीडियन डिवाइडर व सड़क के दोनों तरफ 20 प्रकार के एक लाख पौधे लगाने, 50 हजार वर्गमीटर कारपेट घास बिछाने के साथ ही पेड़-पौधों की सिंचाई के लिए जगह-जगह बोरिंग कराने व पाइप लाइन बिछाने का दावा प्रेस नोट जारी कर एलडीए के तत्कालीन वीसी व उद्यान से जुड़े अफसरों ने भी खुद ही किया था।

**कमता से कानपुर रोड तक हरा-भरा शहीद पथ**

चिनहट के कमता से शुरू हो कानपुर रोड तक के 23 किलोमीटर लंबे शहीद पथ को वर्तमान में न सिर्फ बीच, बल्कि सड़क को दोनों तरफ रंग-बिरंगे फूलों व हरियाली ने लगभग कवर कर रखा है। यही वजह है कि कुछ समय से शहीद पथ की गिनती राजधानी की सबसे ज्यादा ग्रीनरी वाली सड़कों में भी होने लगी है। एलडीए ने पहले लगाए पेड़ अब उखाड़ेगा वहीं शहीद पथ पर घनी हरियाली के बाद भी 43 करोड़ खर्च करने के लिए लाखों पौधे लगाने के लिए बेचैन प्राधिकरण के अफसर-इंजीनियर ये पौधे लगाएंगे कहां, इसे लेकर प्राधिकरण कार्यालय में भी इस समय काफी चर्चा है। जानकारों का मानना है कि 43 करोड़ के हॉर्टीकल्चर वर्क के लिए काफी जगह की जरूरत होगी, जबकि शहीद पथ के बीच व आसपास खाली जमीन अब न के बराबर है, ऐसे ही रहा तो प्राधिकरण के अधिकारी अपनी मंशा पूरी करने के लिए जी-20 समिट के समय जिन कीमती पेड़-पौधों को लगवाकर वाहवाही लूटते थे। अब वह खुद ही उन्हें उखड़वा डालेंगे।

### 43 करोड़ में एक साल देखभाल

टेंडर की रकम के साथ ही इसके कराने के समय को लेकर भी सवाल उठ रहें हैं। उद्यान से जुड़े जानकारों का मानना है कि 43 करोड़ के टेंडर में मात्र सालभर का ही अनुरक्षण जोड़ा गया है, जबकि अक्टूबर से लेकर फरवरी तक पेड़-पौधों को देखभाल खासकर सिंचाई की जरूरत न के बराबर होती है। ऐसे में अनुरक्षण के नाम पर भी खर्च होने वाले जनता के करोड़ों रुपये को बचाया जा सकता है।

**आवास विकास ने पैसा देने से किया इंकार**

एलडीए के अधिकारी शहीद पथ पर हरियाली की नई क्रांति लाने के नाम पर भले ही 43 करोड़ खर्च करने के लिए बेचैन हो, लेकिन आवास विकास परिषद के अफसर इसके पक्ष में नहीं है। सूत्रों की मानें तो एलडीए ने इसके लिए अवस्थापना निधि की एक बैठक का हवाला देते हुए शहीद पथ के लिए करीब नौ करोड़ रुपये की मांग की थीं। जिसपर आवास विकास ने उसे और भी जरूरी काम होने की बात बताते हुए पैसा देने से इंकार कर दिया है, ऐसे में आधा दर्जन टेंडर वाला यह एकलौता काम अटक भी सकता है।सूत्र बताते हैं कि एक बड़े अफसर के इशारे पर उद्यान के अधिकारियों ने शहीद पथ के काम को संदिग्ध तरीके से करीब पांच करोड़ से लेकर नौ करोड़ रुपये तक में बांटकर टेंडर कराया है। हालांकि अभी टेंडर प्रक्रिया पूरी होने व वर्क ऑर्डर जारी होने के लिए एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार की मंजूरी मिलना बाकी है। वहीं टेंडर के टुकड़ों की बात की जाए तो कुल 42 करोड़ 85 लाख से ज्यादा के हरियाली के काम का पहला पार्ट सात करोड़ 88 लाख में (कमता से शहीद पथ की 4.100 किलोमीटर तक), दूसरे भाग लगभग सात करोड़ (4.100 से 7.30 किमी तक), तीसरे पार्ट सात करोड़ 43 लाख (7.30 से 10.60 किमी तक), चौथे पार्ट का करीब चार करोड़ 82 लाख (10.60 से 13.20 किमी तक), पांचवां भाग छह करोड़ 68 लाख (13.20 से 17.60 किमी तक), जबकि छठे भाग का नौ करोड़ छह लाख (17.60 से 23.00 किमी तक) का टेंडर कराया गया है। फिलहाल एलडीए के कुछ अफसरों का कहना है कि शहीद पथ को संवारने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से निर्देश दिए गए थे। टेंडर व कार्य में किसी तरह की अगर गड़बड़ी सामने आती हो तो उसे ठीक कराया जाएगा।

# चालक-परिचालक को अतिरिक्त संचालन पर मिलेंगे 400 रुपये रोज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने आगामी दीपावली एवं छठ पर्व पर (प्रोत्साहन अवधि) प्रदेश के लोगों को उनके गन्तव्य तक सुरक्षित एवं सुगम्य यात्रा के लिए अतिरिक्त परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 18 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक अधिक से अधिक बसें संचालित की जाएं। पूर्वांचल में बड़े पैमाने पर छठ पर्व का आयोजन होता है। इस पर्व पर महानगरों में रहने वाले पूर्वांचल के बहुत से लोग अपने गंतव्य को जाते हैं। इसके दृष्टिगत सुव्यवस्थित आवागमन सुनिश्चित करने के निर्देश परिवहन मंत्री ने दिए है। परिवहन मंत्री ने कहा कि दिल्ली से पूर्वी उत्तर प्रदेश के यात्रियों को आवागमन के लिए अधिक संख्या में बसें चलायी जाएं। लखनऊ व कानपुर नगरों के लिए भी इस अवधि में अतिरिक्त बसों के संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रों से यदि गाजियाबाद व दिल्ली एवं पश्चिमी क्षेत्रों के लिए प्रारंभिक प्वाइंट से 60 प्रतिशत से अधिक लोड फैक्टर मिलने पर पूर्वी क्षेत्र से भी अतिरिक्त सेवाएं संचालित की जाएं। भैयादूज के अवसर पर स्थानीय व निकट जनपदों में अधिक आवागमन होता है। ऐसे स्थानीय स्तर पर क्षेत्रीय अधिकारी आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। परिवहन मंत्री ने प्रोत्साहन अवधि में निगम बसों को शतप्रतिशत ऑनरोड करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि बसों की असेम्बलीज व स्पेयर पार्ट्स की उपलब्धता भी परिवहन निगम के अधिकारी सुनिश्चित करा लें। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में अनफिट बसों का संचालन न किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रोत्साहन अवधि में अतिविशिष्ट परिस्थितियों को छोड़कर अधिकारियों/कार्मिकों का अवकाश स्वीकृत न किया जाए। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए कि प्रोत्साहन अवधि में अनुबन्धित बसों को अवकाश स्वीकृत न किया जाए।

**अतिरिक्त बसों का संचालन**

प्रबंध निदेशक प्रभु नारायण सिंह ने बताया कि प्रोत्साहन अवधि में दिल्ली से लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, अयोध्या, कानपुर के लिए अतिरिक्त बसों का संचालन परिवहन निगम द्वारा किया जायेगा। इसके अतिरिक्त गाजियाबाद, मुरादाबाद, मेरठ, बरेली, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ़ एवं इटावा क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त बसों के संचालन के निर्देश दिए गए हैं। क्षेत्रीय प्रबंधक आवश्यकतानुसार बसों के संचालन को घटा-बढ़ा सकते हैं।

# दिव्यांगों के इको-फ्रेंडली उत्पादों को सराहा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** दिव्यांगजन के हित में संचालित विभिन्न विद्यालयों, संस्थाओं तथा दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों के सहयोग से दिव्य दीपावली मेले का आयोजन गुरूवार से जवाहर भवन-इंदिरा भवन परिसर में आरंभ हुआ। इस मेले का शुभारंभ प्रमुख सचिव, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग सुभाष चंद शर्मा ने किया। दिव्य दीपावली मेले में दिव्यांगजन द्वारा निर्मित सामग्री और उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसमें इन उत्पादों को आमजन के लिए बिक्री हेतु प्रस्तुत किया गया है। इस अवसर पर मेले में पर्यावरण अनुकूल (इको-फ्रेंडली) उत्पादों को प्राथमिकता दी गई, जिससे स्वच्छता और सतत विकास का संदेश भी प्रसारित हो सके। मेले में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आईं 35 संस्थाओं और विद्यालयों के कर्मचारी व विद्यार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं, जिन्होंने अपने हाथों से तैयार किए गए विविध उत्पादों के माध्यम से अपनी विलक्षण प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। इन उत्पादों की गुणवत्ता और रचनात्मकता ने आगंतुकों को आकर्षित किया। आगंतुकों ने दिव्यांगजन की मेहनत और हुनर की सराहना करते हुए उनके उत्पादों की खरीददारी की, जिससे उनके आत्मविश्वास और आर्थिक सशक्तीकरण को बढ़ावा मिला। मेला आज समाप्त होगा।

# उपभोक्ता परिषद ने एसीएस ऊर्जा से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** नए कनेक्शन पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर अनिवार्य किए जाने वह विद्युत अधिनियम 2003 का उल्लंघन करके उपभोक्ताओं से पोस्टपेड व प्रीपेड का विकल्प न लिए जाने के खिलाफ गुरूवार को उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने सचिवालय में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नरेंद्र भूषण से मुलाकात कर लंबी चर्चा की और बताया कि किस प्रकार से सरकार की छाप धूमिल करने के लिए पावर कारपोरेशन ने संवैधानिक आदेश जारी किया है। उपभोक्ता परिषद की तरफ से सरकार के स्तर से तत्काल हस्तक्षेप किए जाने का एक विस्तृत प्रपत्र भी सौंपा गया, जिसमें विस्तार से सभी पहलुओं की जानकारी सरकार को दी गई। पावर कारपोरेशन ने बड़ी चालाकी से केंद्र सरकार के साथ भी खेल कर दिया। आरडीएसएस स्कीम में जो वर्तमान में विद्युत उपभोक्ताओं के घरों में फ्री में बदलने के लिए केंद्र सरकार लाई थी। योजना में स्मार्ट प्रीपेड मीटर को नए बिजली कनेक्शन में लगाकर करोड़ों रुपये कमा रहे हैं । उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने कहा अपर मुख्य सचिव ऊर्जा से काफी सौभाग्यपूर्ण माहौल में बात हुई है।


# शिव शांति आश्रम पहुंचे सीएम, चांडूराम को दी श्रद्धांजलि

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को शिव शांति आश्रम पहुंचे और आश्रम के पीठाधीश्वर संत शिरोमणि साईं चांडूराम के अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने संत शिरोमणि के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की और उपस्थित शोकाकुल श्रद्धालुओं के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री ने संत शिरोमणि साईं चांडूराम के पार्थिव शरीर पर केसरिया अंग वस्त्र ओढ़ाया और उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। गौरतलब है कि संत शिरोमणि साईं चांडूराम जी बुधवार को ब्रह्मलीन हो गए थे। मुख्यमंत्री ने शोक संदेश में कहा कि सिंधी समाज के



प्रमुख धर्मगुरु, पूज्य श्री शांति आश्रम के पीठाधीश्वर, संत शिरोमणि श्री साईं चांडूराम साहिब का निधन अत्यंत दुःखद और आध्यात्मिक समाज की अपूरणीय क्षति है। मेरी संवेदनाएं उनके शोक संतप्त अनुयायियों के साथ हैं। भगवान झूलेलाल से प्रार्थना है कि पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान और अनुयायियों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

# तारिक हत्याकांड : किसने मारा, किसे पता!



**तफ्तीश**

**लखनऊ।** आठ साल पूर्व खूंखार अपराधी मुन्ना बजरंगी के खास और पूर्वांचल में अपने वर्चस्व को बढ़ाने में जुटे और बड़े टेंडरों में दखल देकर माफियाओं को खटक रहे तारिक खान की बदमाशों ने गोलियों से छलनी कर मौत के घाट उतारा तो पूर्वांचल से लेकर लखनऊ में हड़कंप मच गया था। इस चर्चित हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए एसटीएफ से लेकर लखनऊ पुलिस ने हत्यारों को शिनाख्त और उनकी तलाश में सीसीटीवी से लेकर अपने मुखबिर तंत्र का सारा जोर लगा दिया। पुलिस की तेजी देखकर एक बार तो ऐसा लगा कि इस हत्याकांड का अब खुलासा हो जाएगा लेकिन जैसे ही तारिक की पत्नी ताहिरा नाज ने रिटायर्ड सीओ और उनके बेटे समेत चार लोगों को नामजद कराया मानो भूचाल आ गया हो। फिर क्या था इस फाइल को समेटकर ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। आज के दौर की सबसे बड़ी पुलिस एजेंसी कही जाने वाली उस समय की एसटीएफ और लखनऊ पुलिस के जांबाज भी इस मर्डर को नहीं खोल सके और कई साल बीत जाने के बाद भी इस हत्याकांड से जुड़े न तो शूटरों को ही पकड़ा जा सका और न ही मास्टर माइंड ही मिला। वहीं पुलिस की फाइलें बताती है कि जो इसमें नामजद थे वह इस घटना में शामिल ही नहीं थे। शुरुआती जांच में रोडवेज के ठेके के विवाद में हत्या की आशंका जताई गई थी और उस समय तारिक गाजीपुर में बस अड्डे का निर्माण करवा रहा था। अफसरों ने कुछ समय पहले विकासनगर में हुई मुन्ना बजरंगी के साले पुष्पजीत सिंह व एक प्रोफेसर की हत्या की फाइल भी पलटनी शुरू कर दी कि शायद कुछ क्लू हाथ लगे लेकिन यह सब हवा हवाई ही साबित हुआ और समय बीतने के साथ साथ हाईटेक पुलिस थक हारकर खामोश बैठ गयी। शूटरों तक पहुंचना तो दूर की बात है पुलिस के तमाम अफसरों की निगरानी में चली इस जांच में अब तक मामला शून्य ही रहा। गौरतलब है कि 2 दिसंबर 2017 को पूर्वांचल के ठेकेदार तारिक खान की गोमतीनगर स्थित ग्वारी ब्रिज के पास मोटरसाइकिल से आये बदमाशों ने फारच्यूनर सवाल की गोलियों से छलनी कर हत्या कर दी थी। घटना के बाद पत्नी ताहिरा नाज की तहरीर पर नामजद मुकदमा दर्ज किया गया था।

**- राजा शेख**

# रैली से गदगद मायावती ने दी पदाधिकारियों को बधाई

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने गुरूवार को लखनऊ में पार्टी के प्रदेश कार्यालय में एक

## ■ बसपा की बैठक से मिलेगी मजबूती

महत्वपूर्ण बैठक की। यह बैठक लखनऊ के माल एवेन्यू स्थित बसपा के केंद्रीय कार्यालय में बुलाई गई। बैठक में यूपी के सभी जिलों से आए पार्टी पदाधिकारी शामिल थे, लेकिन बसपा सुप्रीमो के भतीजे आकाश आनंद इस बैठक में नहीं पहुंचे। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के मद्देनजर ये बैठक काफी अहम मानी जा रही है, जिसमें मायावती ने पार्टी नेताओं को विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर दिशा-निर्देश दिए। इस बैठक में प्रदेश भर से वरिष्ठ बसपा नेता, जिला अध्यक्ष, समन्वयक और अन्य प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए।





बसपा की बैठक में आकाश आनंद के शामिल नहीं हुए हैं, जिसे लेकर कई तरह से कयास लगने शुरू हो गए हैं। बताया जा रहा है कि आकाश आनंद इन दिनों बिहार के दौरे पर है, जहां वह बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ रणनीति बनाने में जुटे हैं। मालूम हो कि 9 अक्टूबर को कांशीराम की 19वीं पुण्यतिथि पर आयोजित महासंकल्प रैली की सफलता के बाद पार्टी की आगामी रणनीति और संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा हुई। पार्टी के संगठन को मजबूत करने और बूथ स्तर तक सक्रिय करने पर जोर दिया गया।

**2027 के चुनाव को लेकर रणनीति पर मंथन**

मुस्लिम, अति पिछड़े, दलित और ब्राह्मण चेहरों को साधने के लिए भाईचारा कमेटियों के माध्यम से प्रयास किए जाएंगे। मायावती के भतीजे आकाश आनंद पूरे प्रदेश में जनसभाएं करेंगे और पार्टी की गतिविधियों को बढ़ावा देंगे। इस बैठक में लिए गए निर्णयों से बसपा के पुनरुत्थान और 2027 के विधानसभा चुनावों में पार्टी की संभावनाओं को और मजबूती मिलने की संभावनाएं हैं। पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि 9 अक्टूबर को लखनऊ में जो रैली हुई वो आयोजन काफी सफल रहा था। पार्टी की ओर से इसके लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद कहा गया है। बसपा का मानना है कि अब भी लोग पार्टी के साथ खड़े हैं। ऐसे में अब आने वाले चुनाव को लेकर पार्टी को अभी से तैयारियां करनी होगी।

# पांच लाख छात्रों को आज छात्रवृत्ति प्रदान करेंगे सीएम योगी

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को पिछड़े वर्ग के 5 लाख छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करेंगे। लोक भवन स्थित ऑडिटोरियम में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा आयोजित छात्रवृत्ति वितरण समारोह में कार्यक्रम सम्पन्न होगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश सरकार ने पहली बार वित्तीय वर्ष 2025-26 से सितंबर माह में ही छात्रवृत्ति वितरण का प्रारंभ किया है। पहले चरण में लगभग 62.13 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय कर 2.5 लाख से अधिक अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों को लाभान्वित किया जा चुका है। द्वितीय चरण में शुक्रवार को 126.68 करोड़ रुपये की धनराशि व्यय कर 4.83 लाख से अधिक छात्रों को लाभान्वित किया जाएगा। कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि जब प्रदेश का युवा शिक्षित होगा तभी विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश के 'शताब्दी संकल्प-2047' को साकार किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी प्रतिभाशाली छात्र आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने वंचित एवं कमजोर आय वर्ग के छात्रों के शैक्षिक उन्नयन हेतु छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया को तेज, पारदर्शी और पूर्णतः डिजिटल बनाया है।

# सख्ती : छह लाख की मिलावटी मिठाई नष्ट

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** त्यौहारी मौसम पर मिलावटखोरी की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन टीम द्वारा जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों और खाद्य पदार्थ विक्रेताओं पर छापेमारी की गई। अभियान के दौरान मिठाइयों, दुग्ध उत्पादों, नमकीन, खाद्य तेल, घी और रंगीन मिठाइयों समेत कई खाद्य पदार्थों की जांच की गई और बड़ी मात्रा में मिलावटी तथा कालातीत (एक्सपायर्ड) सामग्री को नष्ट कराया गया। निरीक्षण के दौरान आलमनगर स्थित अशोक कुमार गुप्ता के परिसर से 150 किलोग्राम बदबूदार खोया बरामद हुआ, जिसका अनुमानित मूल्य 60,000 रुपये था। इसे मौके पर ही विनष्ट कराया गया। इसके अलावा नादरगंज स्थित श्याम उद्योग से 223 किलोग्राम घी (अनुमानित मूल्य 1,22,650 रुपये) को सीज किया गया। सबसे बड़ी कार्रवाई राजेंद्रनगर स्थित 'मा कृपा ट्रेडर्स' पर की गई, जहां मिल्क केक, कलाकंद, पतीसा, डोडा बर्फी, सोहन पापड़ी, गोंद का लड्डू, कराची हलवा, सूजी हलवा, फिंगर बर्फी और अन्य मिठाइयों का लगभग 5000 किलोग्राम स्टॉक बरामद हुआ, जिसका अनुमानित मूल्य 5,57,440 रुपये था। सभी मिठाइयों को खराब गुणवत्ता और मिलावट की आशंका के कारण नष्ट किया गया। मौके पर राजभोग नामक उत्पाद कालातीत (एक्सपायर्ड) अवस्था में पाया गया, जिसे भी तत्काल नष्ट कराया गया। इसके अतिरिक्त थाना गुडंबा क्षेत्र के ग्राम भाखामऊ बेहटा स्थित 'शमीम ट्रेडर्स' से काजू कतली, लिज्जत पापड़, स्मार्ट स्पाइस ब्रांड पापड़, मिक्स अचार, कचरी सफेद और बिस्कुट समेत कुल 77.6 किलोग्राम खाद्य पदार्थ बरामद किए गए, जिनका अनुमानित मूल्य 43,835 रुपये था। ये सभी कालातीत पाए गए और मौके पर नष्ट करा दिए गए। कुल मिलाकर 223 किलोग्राम खाद्य पदार्थ (मूल्य 1,22,650 रुपये) को सीज किया गया और 5077.6 किलोग्राम खाद्य पदार्थ (मूल्य 6,01,275 रुपये) को नष्ट किया गया। अभियान के दौरान अधिकारियों ने 21 खाद्य नमूने एकत्र कर विश्लेषण हेतु



प्रयोगशाला भेजे हैं। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई सहायक आयुक्त (खाद्य) विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में की गई, जिसमें मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जेपी सिंह ने बताया कि आगामी त्योहारों को देखते हुए मिलावटी और असुरक्षित खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# नगर निगम ने हटाईं अवैध डेरियां

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** नगर निगम ने गुरुवार को जोन छह के पारा थाना क्षेत्र में अवैध डेरियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश एवं अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव के आदेशानुसार पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के नेतृत्व में यह अभियान संचालित किया गया। विशेष अभियान के अंतर्गत पारा थाने के बगल मे स्थित अवैध डेरियों पर कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान कुल 15 भैंस जब्त की गईं जिन्हें आलमबाग स्थित कांजी हाउस में निरुद्ध किया गया है। इन पशुओं को केवल निर्धारित जुर्माना जमा करने के पश्चात ही छोड़ा जाएगा।



# जरूरतमंद महिलाओं को राशन सामग्री और साड़ी वितरित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** दीपावली के अवसर पर मरवाह एजुकेशनल फाउंडेशन ने जरूरतमंद और विधवा महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान बिखेरने का काम किया। कसमंडी रोड स्थित एच.आर. लॉन में आयोजित दीपावली उपहार कार्यक्रम में करीब 700 महिलाओं को राशन सामग्री और साड़ी वितरित की गई। फाउंडेशन के डायरेक्टर मनाजिरुल इस्लाम साहब और साबिर साहब ने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने का त्यौहार नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में उजाला फैलाने का अवसर है। महिलाओं ने फाउंडेशन की इस पहल के लिए भावुक होकर धन्यवाद दिया और कहा, मरवाह फाउंडेशन ने हमारे घर में दीपावली की खुशियाँ लौटा दी। कार्यक्रम में हर लाभार्थी तक सामग्री सम्मानपूर्वक पहुँचाई गई, जिससे सच्ची मानवीय एकता और अपनापन का माहौल बना। फाउंडेशन ने आश्वासन दिया कि समाज के कमजोर वर्गों तक सहायता और शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे प्रयास जारी रहेंगे।



# छात्राओं की सुविधाओं पर जोर



**स्वतंत्र भारत संवाददाता,** लखनऊ। स्थानीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला महाविद्यालय में छात्राओं के लिए सुविधाओं में सुधार पर दिया जोर। अलीगंज में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. रश्मि बिश्नोई ने बताया कि कॉलेज में चल रहे कंप्यूटर प्रोग्राम गैर-राजपत्रित अवकाशों में भी संचालित रहेंगे ताकि अधिक छात्राएं लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि इस दौरान वे स्वयं उपस्थित रहेंगी और छात्रवृत्ति समिति को छात्राओं से संबंधित कार्यों के निष्पादन के लिए निर्देशित किया गया है। प्राचार्य ने बताया कि पिछले ग्यारह महीनों में महाविद्यालय में अतिक्रमण हटाया गया, चहारदीवारी का निर्माण कराया गया और पहली बार बड़े स्तर पर रोजगार मेला आयोजित किया गया। इसके अलावा अटल बिहारी बाजपेयी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और पंडित दीन दयाल उपाध्याय जयंती का भव्य आयोजन किया गया। महाविद्यालय में मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रम और प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर वृक्षारोपण भी सम्पन्न हुआ। प्राचार्य ने कहा कि अब उनका मुख्य प्रयास यह है कि शासन की नीतियों के अनुरूप छात्र हितों से संबंधित सभी योजनाएं लागू हों और नियमित कक्षाएं निरंतर चलें।

# नवजात शिशु और माताओं को सुरक्षा किट वितरित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** चंदरनगर अस्पताल में दिपावली पर्व के अवसर पर समाजसेवियों ने नवजात शिशु और उनकी माताओं का हाल जाना और उन्हें फल एवं सुरक्षा किट प्रदान की। इस मौके पर उपस्थित समाजसेवी पूजा शुक्ला भसीन, ऋषि भसीन, वीर सिंह, गौरव के साथ अस्पताल अधीक्षक डॉ. शहिद रजा और अस्पताल स्टाफ भी मौजूद रहे। समाजसेवी पूजा शुक्ला भसीन ने बताया कि सुरक्षा किट में सैनेट्री पैड, वाइप्स, सेनेटाइज़र, मिठाई, बिस्कुट सहित अन्य आवश्यक सामान शामिल था। उन्होंने नवजात और माताओं की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए दिपावली की शुभकामनाएँ दीं।



## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### सूचना

हम जयदेवी पत्नी दुल्लू व दुल्लू पुत्र पच्चा निवासीगण-रुसेना थाना-रहीमाबाद, लखनऊ अपने पुत्र भानु प्रताप व बहू अन्जू भारती के गलत आचरण से क्षुब्ध होकर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनसे मेरा कोई वास्ता व सरोकार नहीं है। उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों के लिए हम लोगों व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
सी.आर.-1540/L-50

### NOTICE

I Bushra Ishtiyaq resident of 13/338 Indira Nagar Lucknow Change my Name of Bushra Khatoon vide affidavit Dt. 13-10-25 sworn before notary R.C. Verma Lucknow
सी.आर.-1541/ L-25

### सूचना

मैं अपने पुत्र प्रियांशु गुप्ता को गलत आचरण के चलते समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। समस्त कृत्यों हेतु वो स्वयं जिम्मेदार होगा।दीपू गुप्ता पुत्र स्व. ओम प्रकाश गुप्ता 10ए केशवनगर थाना मड़ियांव लखनऊ।
सी.आर.-1542/L-33

### सूचना

पहले मेरा नाम SAUMYA PRIYADARSHNI SINGH था अब मैंने बदलकर अपना नाम SAUMYA VATSYA रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/o: AYUSH VATSYA R/o:1/267, RASHMI KHAND SHARDA NAGAR DILKUSHA LUCKNOW U P 226002
सी.आर.-1547/ L-25

### सूचना

पहले मेरा नाम RIZVANA MAQSOOD था अब मैंने बदलकर अपना नाम RIJAVANA रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। C/o:SYAIYAD MAQSOOD AHEMAD Ro:1/148, NAWABGANJ KATARIJIYORA KANPUR NAGAR U P 208002
सी.आर.-1547/ L-25

### सूचना

पहले मेरा नाम INDU RANI KHATTAR था अब मैंने बदलकर अपना नाम INDU KHATTAR रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/o: RAJ KUMAR KHATTAR R/o: 5B THIRD LANE NEAR GEETA PLACE SHIVAJI PURAM INDIRA NAGAR LUCKNOW U P 226016
सी.आर.-1547/ L-25

### संबंध विच्छेद

हमने पुत्र विकेश पुत्रवधू पूनम को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मीना देवी पत्नी मनीराम पुत्र मचले नि. ग्रा. पृथ्वीपुर ढाई मिर्जापुर-शाहजहांपुर।
सी.आर.-1545/ D-32

### सूचना

अमीर खाँ Ameer Khan पुत्र अजमल खाँ Ajmal Khan निवासी 221 सिंजई जिला शाहजहांपुर ने अपना नाम परिवर्तित कर मो. आमिर Mohd. Amir कर लिया है। अबसे मो. आमिर Mohd. Amir के नाम से जाना जाये।
सी.आर.-1545/ D-28

### सूचना

मेरा अंकपत्र सह प्रमाणपत्र हाई स्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 1013676 वास्तव में खो गया है। शिवम भारद्वाज पुत्र लखन मोहल्ला अम्बेडकर नगर तहसील जलालाबाद, शाहजहाँपुर।
सी.आर.-1545/ D-25

### सूचना

मेरे शिक्षा अभिलेखों में मेरा नाम कामिनी कश्यप अंकित है, घर पर शिवानी बुलाते हैं, दोनो नाम मेरे ही हैं। कामिनी कश्यप उर्फ शिवानी पुत्री दरवारीलाल नि.मो.मुस्तफाबाद कस्बा व थाना तिलहर-शाहजहांपुर।
सी.आर.-1545/ D-26

### सूचना

मेरी पुत्री के स्कूल के रिकार्ड में त्रुटिवश नाम शिवि शुक्ला दर्ज है। आधार कार्ड में प्रगति शुक्ला नाम दर्ज है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में प्रगति शुक्ला के नाम से जाना व पहचाना जाए। राम नरेश पुत्र स्व. रामप्यारे, नि.-बंथरा सिकंदरपुर लखनऊ।
सी.आर.-1549/ L-34

### NOTICE

I Awadesh Kumar is Father of ARMY No. 4579135F, Rank L- HAV Name-Ashutosh Awasthi, Residing at Village and Post-Kushmaura, Tehsil-MohanLalganj, Distt.-Lucknow. State U.P. 226301 Changed my Name from Awadesh Kumar to Avdhesh Kumar Awasthi, Vide Affidavite No. IN- U.P 79761253708361X, dt. 09-06-2025
सी.आर.-1550/ L-40

### अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान अपर प्रमुख परिवार न्यायाधीश कोर्ट सं. 2 कानपुर नगर
मूल वाद सं. 2051/2024
वाद सं. 802/2021

श्रीमती बरखा आर्या उम्र लगभग 28 वर्ष पत्नी आसरन बाबू, पुत्री प्रेमचन्द्र स्थायी पता ग्राम मेढ़ापाटी पोस्ट बिंदकी फतेहपुर उ.प्र. हाल निवासिनी भवन नं. 117/एन/105 रानीगंज नवीन नगर कानपुर नगर मो.नं. 8736992225...प्रार्थिनी/वादिनी
बनाम– आसरन बाबू उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र स्व. रजितराम स्थाई पता ग्राम जमल्दीपुर थाना केसरगंज जनपद बहराइच उ.प्र. हाल व व्यवसायिक पता– 117/एन/89 बड़ा बाजार देवकी पैलेस थाना काकादेव कानपुर नगर मो.नं. 8303220077, 8859992613...प्रतिवादी/विपक्षी
प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 126 (2) सी.आर.पी.सी.

वादिनी ने आपके विरुद्ध धारा 126(2) सी.आर.पी.सी. जाब्ता फौजदारी प्रार्थना पत्र वास्ते दिलाने गुजारा प्रतिमाह दाखिल किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 20.10.2025 को दिन में 10.00 बजे वादोत्तर के लिए उपसंजात होने के लिएसम्मन किया जाता है न्यायालय में आप स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 03.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, मुन्सरिम/रीडर न्यायालय अपर प्रमुख परिवार न्यायाधीश कोर्ट सं. 2
सी.आर.-1548/ K-CN

### हेतु सदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

**माननीय न्यायालय अपर प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश कक्ष सं0 2**
**वाद संख्या- 337/2022**
सुमन मिश्रा उम्र लगभग 40 वर्ष पत्नी अरुण कुमार मिश्रा पुत्री स्व चन्द्रकान्त पाण्डेय निवासी वारिदहाल ग्राम अगरापट्टी थाना फूलपुर जनपद प्रयागराज ........वादिनी
बनाम
अरुण कुमार मिश्र उम्र लगभग 43 वर्ष पुत्र स्व0 अमरनाथ मिश्र निवासी ग्राम बाभनपुर थाना सुजानगंज जौनपुर... विपक्षी
अंतर्गत धारा 125 सीआरपीसी थाना-फूलपुर प्रयागराज
चूँकी .. ऊपर नामांकित ने इस न्यायालय से आवेदन किया है कि.... आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सदर्शित करने के लिए 2025 के 11 के 27 दिवस को बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक रूपेण अनादिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल होने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर सहित आज के दिवस को निकाला गया।
**नियत तिथि - 27/11/2025**
न्यायाधीश
सी.आर.-1546/ D-CN

### एफ0सी0जे0 फार्म नं0 33 भाग-7 हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारुप)

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी (न्यायिक) महोदय, मोहम्मदी जिला खीरी**
**वाद संख्या सन् 2025 वादी**
**नरेन्द्र कुमार बनाम राजीव कुमार आदि प्रतिवादी**
नरेन्द्रनाथ पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी ग्राम व परगना-पसगवां, तहसील मोहम्मदी, जिला-खीरी
चूंकि उपरोक्त नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2025 के माह 10 दिवस 18 को समय प्रातः 10:00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यकरुपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रुप से सुना जायेगा व अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित सन् 2025 के माह 10 दिवस 14 को निकाली गयी।
**ता0 पेशी- 18/10/2025**
उपजिलाधिकारी (न्यायिक)
मोहम्मदी खीरी
सी.आर.-1543/ D-CN

### पूर्वोत्तर रेलवे

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य,** वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **क्र.सं. 1. ई–निविदा सूचना सं. एवं निविदा कार्य का विवरण: टेण्डर नं.:** "22–जीकेपी–एमडब्ल्यूएस–2025–26" "स्ट्रिपिंग लेयिंग, थर्मल, वेल्डिंग ऑफ पीवीसी एंड स्ट्रिपिंग ऑफ कम्प्रेग शीट इन मैकेनिकल वर्कशॉप, गोरखपुर फॉर 24 मन्थ्स"। **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹2,37,38,879.40; **धरोहर राशि (₹ में):** ₹2,68,700/-; **निविदा समापन की तिथि एवं अवधि:** 11:00 बजे, 06.11.2025 **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** ₹शून्य। **संविदा की अवधि:** 24 माह। उपरोक्त ई–निविदाओं का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या **http://www.ireps.gov.in** पर देखें।
उप मुख्य यॉंत्रिक इंजी०/कार्य
मुजाधि/यांत्रिक–77 गोरखपुर
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

### अदालती सूचना

अदालती सूचना ता. पेशी 30.10.2025 सम्मन तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय सिविल जज जू.डि.कोर्ट सं. 18 शाहजहांपुर मूल वाद सं0 184 वर्ष 2014 रामचन्द्र आदि बनाम नवनीत शर्मा आदि बनामः-1-श्रीमती कीर्ति शर्मा पत्नी श्री देवेश कुमार पुत्री स्व.राममूर्ति शर्मा निवासी द्वारा श्री यशपाल यादव मकान नं. 515 मोहल्ला सिकलापुर निकट बरेली कालेज जिला बरेली उ.प्र. पिन-243001 2-दीपक शर्मा बालिग पुत्र श्री रमेश चन्द्र शर्मा द्वारा श्री भगवानदास शर्मा मोहल्ला अन्तापांडा निकट होली गेट तह.व जिला मथुरा उ.प्र.पिन-281001 ...प्रतिवादी सं. 3/3 व 3/5 हरगाह रामचन्द्र आदि वादीगण उक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत उद्घोषणा के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि बतारीख 30 माह 10 सन् 2025 ई.बवक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमे की करवाई से वाकिफ किया गया हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही इस्तदलाल करना चाहते हों आपको इत्तिला दी जाती हैं कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुसामत फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से आज बतारीख 16 माह 10 के सन् 2025 ई. में जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार मुन्सरिम सिविल जज जू.डि.कोर्ट सं. 18 शाहजहांपुर।
सी.आर.-1545/ D-CN

### सरजू सहकारी चीनी मिल्स लि0, बेलरायां-खीरी

पत्रांक : 709/प्र0प्र0/2025–26 दिनांक : 16.10.2025

**ई–निविदा सूचना**

इस मिल समिति के प्रधान प्रबन्धक आवास की बाउण्ड्रीवाल के किनारे से लेकर डिस्पेन्सरी तक इण्टरलॉकिंग टाइल्स लगाने के कार्य हेतु **दिनांक 03.11.2025 को** ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है। जो **दिनांक 18.10.2025** से ई–निविदा बेवसाइड www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेंगी एवं अपलोड की जा सकेगी। धरोहर धनराशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य पृथक–पृथक बैंक ड्राफ्ट RTGS/NEFT द्वारा निविदा खुलने से पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा से जुड़ी कोई भी जानकारी अवर अभियन्ता (सिविल) कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

**प्रधान प्रबन्धक**

### तामीली के लिए समन (आदेश 5 के नियम 1,5 व 10) सी0पी0सी0

**न्यायालय उप जिला मजिस्ट्रेट/अधिकारी लखीमपुर खीरी**
**मुकदमा संख्या 14514 सन 2025**
**तारीख पेशी 24.10.2025**
**सुमन देवी बनाम मदन लाल आदि**
1. मदन लाल पुत्र मूलचंद निवासी जिगनहा मजरा खानपुर परगना पैला जिला खीरी
2. विकास पुत्र झब्बूलाल निवासी ग्राम कोडरी परगना पैला जिला खीरी
चुंकि वादी सुमन देवी ने आपके विरूद्ध उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 24 के अधीन आवेदन/दावा दाखिल किया है लिहाजा आपको इस न्यायालय मे तारीख.24.10.2025.को दिन में.10.....बजे, उसका उत्तर देने के लिये व्यक्तिगत रूप से या अधिवक्ता द्वारा उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है जिसमें असफल रहने पर वाद/ आवेदन का एकपक्षीय निस्तारण किया जाएगा।
यह आज ता0 ...15 अक्टूबर 2025.......को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
**न्यायालय की आज्ञा से जारी मुंसरिम,**
**रीडर न्यायालय उप जिला मजिस्ट्रेट/ अधिकारी लखीमपुर जिला खीरी**
सी.आर.-1544/ D-CN

### अदालती सूचना

अदालती सूचना ता. पेशी 14.11.2025 हेतु संदर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप न्यायालय सिविल जज जू.डि.कोर्ट सं. 18 शाहजहांपुर मूलवाद सं. 255 वर्ष 2015 श्रीमती किरन शर्मा पत्नी स्व. दीपक शर्मा निवासी मोहल्ला अकब मस्जिद कांच डाकखाना मंडी तह.सदर जिला शाहजहांपुर मो. 9415529345...प्रार्थिनी/वादिनी बनाम अमित शर्मा पुत्र स्व.दीपक शर्मा निवासी मोहल्ला कन्हैया टोला मकान नं.-1 बड़ी बमनपुरी निकट नरसिंह मंदिर डाकखाना घंटाघर थाना किला जिला बरेली मो.9411222350 व हरखास आम...प्रतिवादीगण। चूंकि उपरिनिमांकित श्रीमती किरन शर्मा वादिनी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि मैने अपने पुत्र अमित शर्मा को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करके सम्बंध विच्छेद कर लिए हैं इस आशय की घोषणा व स्थायी निषेधाज्ञ हेतु दिया गया है अतएव एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन 2025ई.के माह 11 के 14 दिवस को 11 बजे के पूर्वानह में स्वंय रूपेण अनादिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल हरने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन 2025ई.के माह 10 के 15 दिवस को निकाली गई। न्यायालय के आदेशानुसार मुन्सरिम सिविल जज जू.डि. कोर्ट सं. 18 शाहजहांपुर।
सी.आर.-1545/ D-CN

## शैक्षणिक उत्कृष्टता पर जोर

**स्वतंत्र भारत निलमथा।** अशोका विश्वविद्यालय ने 2026 सत्र के लिए अंडरग्रेजुएट आवेदन शुरू किए, 500 मेरिट और आवश्यकता-आधारित छात्रवृत्तियों की घोषणा, जेईई मेन्स, आईआईएसईआर, सीएमआई और आईएनओ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को 100 प्रतिशत ट्यूशन फीस माफी मिलेगी। **नया ट्रैक तक धिन–**भारतीय रैपर मेलो डी और कलाकार खानादी ने अपना नया अंतर्राष्ट्रीय सहयोगी गीत तक धिन रिलीज़ किया, जिसमें तेज़ रफ्तार, इलेक्ट्रॉनिक बीट्स और जबरदस्त परफॉर्मेंस है। इस ट्रैक का निर्माण पेटर और विलियम ने किया है और यह हर डांस फ्लोर, प्लेलिस्ट और जिम में अपनी ऊर्जा और हलचल से छा जाएगा।

### अदालती सूचना

अदालती सूचना ता. पेशी 20.12.2025 सन् 1980 के अधिनियम 8 की धारा 11 के अधीन सूचना न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय शाहजहांपुर जी.एण्ड डब्लू. वाद सं. 72 वर्ष 2025 अशोक कुमार सक्सेना पुत्र स्व.कृष्ण मुरारी सक्सेना निवासी मोहल्ला **हुसैनपुरा कृपाल आश्रम** मिशन फील्ड तह. सदर जिला शाहजहांपुर... प्रार्थी/आवेदक बनाम श्रीमती शशिरानी सक्सेना पत्नी अशोक कुमार सक्सेना निवासी मोहल्ला हुसैनपुरा **कृपाल आश्रम** मिशन फील्ड तह.सदर जिला शाहजहांपुर...विपक्षीगण को सूचना। यह सूचना दी जाती है कि उक्त आवेदक अशोक कुमार सक्सेना ने नावालिग शिवांश सक्सेना पुत्र स्व.आदित्य सक्सेना निवासी मोहल्ला हुसैनपुरा **कृपाल आश्रम** मिशन फील्ड तह. सदर जिला शाहजहांपुर जन्मतिथि 13-05-2022 का संरक्षक नियुक्त किए जाने के लिए आवेदन दिया है। अतएव यह सूचना आपत्तिकर्ताओं की उपरीति और वाद के पेशी के प्रयोजन के लिए सन 2025ई.के लिए माह 12 के 20 दिवस को नियत करके निकाली जाती है। आपको/जिस किसी को आवेदन के सम्बंध में आपत्ति हो तो उक्त नियत अवधि के भीतर स्वंय या अधिवक्ता द्वारा 11 बजे के पूर्वान्ह पूर्व जिला शाहजहांपुर के प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय में उपसंजात होकर अपनी आपत्ति पेश करें। उक्त नियत अवधि के अवसान होने की दशा में आपकी/जिस किसी से सम्बंध हो किसी की आपत्ति न सुनी जायेगी और उक्त आवेदक अशोक कुमार सक्सेना के आवेदन के सम्बंध में यथोचित आदेश पारित किया जायेगा। सन 2025ई.के माह 10 के 15 दिवस को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार मुन्सरिम/रीडर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय शाहजहांपुर।
सी.आर.-1545/ D-CN

### उत्तर रेलवे

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PnU-LKO-BSB-WRL-105-24-1 (Pay and Use-Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.10.2025 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.10.2025 at 11:30 hrs. |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3200/25

### उत्तर रेलवे

**ई–निविदा सूचना**

उप-मुख्य अभियन्ता/नि.-चतुर्थ/लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहर बन्द निविदा दो-पैकेट में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल पर, उप मुख्य अभियंता निर्माण, चतुर्थ, के अधीन प्रस्तावित, पीईबी (प्री–इंजीनियर्ड बिल्डिंग) स्टील शेड (16 कोच लंबाई) ट्रैक पिट और कैटवॉक के साथ, प्रशासनिक भवन (जी+1) और अन्य सम्बन्धित सिविल कार्य जैसे सड़क, नालियों, जलापूर्ति आदि का निर्माण कार्य। |
| 2 | निविदा फॉर्म का मूल्य | शुन्य |
| 3 | कार्य पूरा करने की अवधि | 18 (अट्ठारह) माह |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 3838.59 लाख |
| 5 | धरोहर राशि | रु. 20,69,300.00 |
| | ई निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | क. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 10.11.2025 समय 11.30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in<br>ख. निविदा जमा करने की प्रारम्भ तिथि 27.10.2025. विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र शर्तों के साथ तिथि 19.10.2025 से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी व अपलोड की जा सकती है<br>ग. निविदा दिनाँक 10.11.2025 को समय 11.30 बजे खोली जाएगी। |

संख्या 80–टेण्डर/उप–मुख्य अभियन्ता/नि.–चतुर्थ/लखनऊ दिनांक : 15.10.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3203/25

### Madhyanchal Vidyut Vitran Nigam Ltd.
**SE(MM-I), 4-A, Gokhale Marg, Lucknow**

**CORRIGENDUM** RO No. 1819 Date: 16.10.2025

**Tender No. MEDCO/3047/2025 and MEDCO/3048/2025**

The tender shall be published on GEM Portal instead of E-tender website against published dated on 14.10.2025 for the above said MEDCOs. All other terms and conditions of notice shall remain unchanged.

Detailed information and documents are available on website: https://bidplus.gem.gov.in Further all information shall be published only on website.

### पूर्वोत्तर रेलवे

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 47/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैः–

क्रम सं.-1, कार्य का विवरणः विलासपुर रोड–रूद्रपुर सिटी अनुभाग के मध्य डब्ल्यू–बीम मेटल क्रैश बैरियर फेन्सिंग का शेष कार्य। (स्वीकृत कार्य के अन्तर्गत रूद्रपुर सिटी–रामपुर अनुभाग के मध्य 130 किमी/घंटा की गति बढ़ाने तक के मद्देनजर सेफ्टी फेन्सिंग (88.12 किमी.) का प्रावधान। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 9,05,07,593.65, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 6,02,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 06 माह। क्रम सं.-2, कार्य का विवरणः इज्जतनगर मंडल में समइं/काशीपुर के अधिकार क्षेत्र में लेवल क्रासिंग–सड़क, गेट लॉज आदि का रखरखाव। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 74,10,380.40, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 1,48,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 12 माह। क्रम सं.-3, कार्य का विवरणः इज्जतनगर मंडल में समइं/पीलीभीत के अधिकार क्षेत्र में लेवल क्रासिंग–सड़क, गेट लॉज आदि का रखरखाव। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 78,91,623.02, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 1,57,800/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 12 माह। क्रम सं.-4, कार्य का विवरणः (1) रामनगर स्टेशन पर लिनिन स्टोरेज, सफाई सामग्री एवं सुपरवाइजर रूम के साथ लालकुआँ स्टेशन पर लाउन्ड्री के लिये तेल भंडारण कक्ष का प्रावधान। (2) काठगोदाम स्टेशन पर बायो–टॉयलेट अपशिष्ट परीक्षण सुविधाओं के लिये कमरों का निर्माण। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 48,30,648.94, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 96,600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 06 माह। क्रम सं.-5, कार्य का विवरणः वमइं/1/ इज्जतनगर के अधिकार क्षेत्र में पीलीभीत, रूद्रपुर सिटी एवं काठगोदाम अनुभाग में इज्जतनगर मंडल में समपारों पर ओवरहेड टैंक के साथ नल के पानी की आपूर्ति का प्रावधान। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 73,95,145.19, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 1,47,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 06 माह। क्रम सं.-6, कार्य का विवरणः टनकपुर यार्ड, इसके पहुंच मार्गो एवं इज्जतनगर मंडल के समइं/पीलीभीत अनुभाग में विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण को रोकने के लिये बाउंड्री वॉल का निर्माण। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 8,23,69,325.17, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 5,61,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः 12 माह।
(1) ई-निविदा दिनांक **06-11-2025** को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।
(2) ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर देखें।
मण्डल रेल प्रबंधक (इन्जी.),
मुजाधि/डब्लू-297 इज्जतनगर
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

### एफ0सी0जे0 फार्म नं0 33 भाग-7 हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारुप)

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय, मोहम्मदी जिला खीरी**
**वाद संख्या T202510430405299**
**सन् 2025 वादी**
**मेड़ई बनाम विक्रम आदि प्रतिवादी**
प्रतिवादी रामदास पुत्र स्व0 तौले निवासी ग्राम सोनौवा, परगना-पसगवां, तहसील मोहम्मदी, जिला-खीरी
चूंकि उपरोक्त नामांकित वादी ने इस न्यायालय मे ं यह आवदे न किया है कि सीमांकन वाद धारा-24(1) उ0प्र0 रा0सं0 2006 अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2025 के माह 10 दिवस 17 को समय प्रातः 10:00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यकरुपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रुप से सुना जायेगा व अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित सन् 2025 के माह 10 दिवस 14 को निकाली गयी।
**ता0 पेशी- 17/10/2025**
न्यायालय उपजिलाधिकारी
मोहम्मदी खीरी
सी.आर.-1543/ D-CN

### पूर्वोत्तर रेलवे

**ई–ऑक्शन सूचना**

सं०- इज्जत०/सी/ई-ऑक्शन /2025/10 **दिनांक 15.10.2025,** वरि० मंडल वाणिज्य प्रबन्धक/इज्जतनगर द्वारा आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) पर पंजीकृत संस्थाओं से ई-ऑक्शन के माध्यम से विज्ञापन ठेको हेतु बोलिया आमंत्रित की जा रही है। ऑक्शन कैटेलाग को आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया जा चुका है। इज्जतनगर मंडल की आगामी ई ऑक्शन का विवरण निम्नवत है:-श्रेणी: NFR, कैटलॉग सं0: IZN-NFRADV-25-11, एसेट विवरणः इज्जतनगर मंडल के 04 लोकेशनो जैसे स्टेशन, स्टेशन एरिया, एल.सी. गेट एवं एल.सी.गेट एरिया में तीन वर्ष हेतु विज्ञापन प्रदर्शित करने के सम्बन्ध में।, ऑक्शन प्रारम्भः 23-10-25 12:00:00, ऑक्शन समापनः 23-10-25 13:00:00, **1.** बोलीदाताओ को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित जानकारी के लिये रेलवे की बेवसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **2.** उक्त ई-ऑक्शन, आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) के ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। **3.** ई-ऑक्शन सम्बन्धित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एवं शर्ते आदि आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेवसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **4.** बोलीदाता उक्त दिये गये दिनांक एंव समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में भाग ले सकते है। **5.** सभी संभावित बोली दाताओ से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित किसी भी शुद्धिपत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की बेवसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करते रहें।
सहायक वाणिज्य प्रबन्धक/इज्जतनगर
मुजाधि/वा०–158
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

### उत्तर रेलवे

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल– वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/लौट सं० | MSS-LKO-AYC-PS-134-25-1 (Misc-Static-Services-Parcel Scanner) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15.10.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 31.10.2025 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 31.10.2025 at 10:30 hrs. |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

सं.: C/ParcelScanner/eauction/2025/SJK Date:- 15.10.2025 3201/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, मंडल रेल प्रबंधक हज़रतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई–निविदा सूचना सं0 | 1186–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता– उत्तर रेलवे– लखनऊ–तृतीय कॉल दिनांक– 16.10.2025 |
| 2. | कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के अंतर्गत विभिन्न रेलवे कॉलोनियों में स्थित विभिन्न प्रकार के रेलवे आवासों की विद्युत परिसंपत्तियों की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 1,01,91,976.91/– (एक करोड़ एक लाख इक्यानवे हजार नौ सौ छिहत्तर रुपये एवं इक्यानवे पैसा) |
| 4. | ई–निविदा की कीमत | शून्य |
| 5. | बयाना राशि | रु. 2,01,000/– (दो लाख एक हजार रुपये मात्र) |
| 6. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह। |
| 7. | ई–निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 11.11.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8. | प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 9. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

नं. 1186–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता – उत्तर रेलवे – लखनऊ–तृतीय कॉल दिनांक– 16.10.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3206/25

### एफ0 सी0 जे0 फार्म नं0 13 भाग, 1 हेतु संदर्शित की सूचना (साधारण प्रारूप)

**न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त उपजिलाधिकारी महोदय लखीमपुर जिला खीरी।**
**वाद सं0 टी 202510430119292**
**सन 2025 ई0**
**शिवकुमार आदि**
**बनाम**
**रामनगीना आदि**
1- रामनगीना पुत्र बृजमोहन नि0ग्राम ज्ञानपुर तह. लखीमपुर परगना श्रीनगर जिला खीरी
2-मधुबाला पत्नी संजय कुमार पुत्री हरद्वारीलाल नि0ग्राम फत्तेपुरसैधरी परगना व जिला खीरी।
3-मुकेश गुप्ता पुत्र मदनलाल नि0मो0ईदगाह शहर व तह. लखी0 परगना व जिला खीरी।
4-रवि गुप्ता पुत्र सोहनलाल नि0 मो0हाथीपुर कोठार शहर व तह0लखी0 परगना व जिला खीरी।
5-रेनू पत्नी आनन्द नि0 ग्राम संकल्पा पो0अमेठी तहग्धौरहरा जिला खीरी।
6-विवेक गुप्ता पुत्र रमेशचंद गुप्ता नि0बाजारटोला बेनीगंज देहात जिला हरदोई।
7- सलीम अहमद पुत्र निसार अहमद नि0मो0 हिदायतनगर शहर व तह0लखीमपुर पर0 व जिला खीरी।
अतएव आपको व मृतक चूँकि उपरोक्त नामित........ ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि के वारिसानो को एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित के लिए 2025 के 10 मास 18 दिवस को 10.30 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जावेगा व अवधारित किया जावेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाली गयी।
न्यायालय की मुहर
सी.आर.-1544/ D-CN

### वाद पदों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन (आदेश 5, नियम 1 और 5)

**अपर प्रधान पारिवारिक न्यायाधीशका कक्ष संख्या -3 इलाहाबाद**
विवाह विच्छेद वाद सं -1722 सन् 2024
बैजनाथ उम्र 32 वर्ष पुत्र पंडा निवासी - ग्राम छियालीस उर्फ बहत्तर (चन्दनहा) पोस्ट -बमैला थाना हंडिया तह0 हंडिया जिला प्रयागराज।
बनाम
श्रीमती संगीता उम्र 31 वर्ष पुत्री हिन्द लाल पाल निवासिनी- ग्राम. डेढरा पो0 मसौली थाना मान्डा तह0 मेजा जिला प्रयागराज
अन्तर्गत धारा 13 हिन्दु विवाह अधिनियम 1872 थाना हंडिया जिला- प्रयागराज
चूँकी .. ने आपके खिलाफ के लिए वाद सरिबत किया है अतएव आपको एतद द्वारा जो की सम्यक रूपेण अनूदिष्ट है और वाद संबंधी सब सरबान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है या इसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति है जो कि ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है। 2025 के 10 के 27 दिवस को बजे आहूत ने दावे का उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में उपसाजत हो और आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों को पेश करें जिनका की अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में सहारा लेने का आपका आशय है आपको यह सूचना दी जाती है कि पूर्ण वर्णित दिवस को आपको उपसजाति चूक होने पर वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाला गया।
**नियत तिथि-27.10.2025**
न्यायाधीश
सी.आर.-1546/ D-CN

### हेतु सदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)

**न्यायालय अपर प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश कक्ष सं0 5 इलाहाबाद**
**भरण पोषण वाद संख्या- 319 सन 2024**
प्रीती सिंह उम्र लगभग 31 वर्ष पत्नी बिजेन्द्र प्रताप सिंह पुत्री ब्रजेश सिंह नि0 -ग्राम व पोस्ट- पुरवा खास थाना औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज
बनाम
बिजेन्द्र प्रताप सिंह उम्र लगभग 32 वर्ष पुत्र स्व0 महाबीर सिंह निवासी -ग्राम-बैरी पोस्ट - देवरा, थाना कौंधियारा जिला- प्रयागराज पिन कोड-211008........विपक्षी
धारा-125 सी आर पी सी थाना - औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज।
चूँकी .. ऊपर नामांकित ने इस न्यायालय से आवेदन किया है आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सदर्शित करने के लिए 2025 के 10 के 27 दिवस को बजे पूर्व में स्वयं या सम्यक रूपेण अनादिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल होने पर उक्त आवेदन एक पक्षी रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर सहित आज के दिवस को निकाला गया।
**नियत तिथि - 27/10/2025**
न्यायाधीश
सी.आर.-1546/ D-CN

## दीपावली पर्व पर यूपी पुलिस सतर्क

# डीजीपी का निर्देश : बाजारों समेत भीड़ के दौरान सुरक्षा के हों पुख्ता इंतजाम



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** आगामी होने वाले त्योहारों में धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भईयादूज के मद्देनजर प्रदेश में यूपी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्णा ने सभी जोनल एडीजी, पुलिस आयुक्तों, रेंज आईजी व डीआईजी और जनपदों के एसएसपी/एसपी को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। डीजीपी ने कहा है कि दीपावली पर बाजारों में भीड़-भाड़ के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। सर्राफा बाजार, मॉल, रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और सार्वजनिक स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। भीड़ नियंत्रण के लिए सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए और एंटी रोमियो स्क्वॉड को सक्रिय रखा जाए। उन्होंने संवेदनशील इलाकों में सघन गश्त, पिकेट ड्यूटी और यूपी 112 वाहनों की प्रभावी तैनाती के निर्देश दिए। डीजीपी ने सभी जिलों में शांति समितियों, व्यापार मंडलों और धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर सामंजस्य बनाकर शांति बनाए रखने की अपील की। सोशल मीडिया की निगरानी बढ़ाने और अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए हैं। पटाखों के निर्माण, भंडारण और बिक्री के संबंध में डीजीपी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति निर्धारित सीमा से अधिक विस्फोटक सामग्री न रखे। अस्थायी पटाखा दुकानों को नियमानुसार लाइसेंस दिया जाए और रिहायशी इलाकों से दूर स्थान तय किए जाएं। साथ ही अग्निशमन विभाग को 24 घंटे सतर्क रखा जाए। डीजीपी ने सभी जिलों को निर्देशित किया है कि सीसीटीवी कैमरों की जांच कर ली जाए, संवेदनशील स्थलों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाए और क्विक रिस्पॉन्स टीम को तैयार रखा जाए ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।

■ भीड़ नियंत्रण के लिए सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए

## 28 अक्टूबर तक पुलिसकर्मियों के अवकाश निरस्त : डीजीपी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** आगामी त्योहारों को देखते हुए सीएम योगी के निर्देश पर यूपी के डीजीपी राजीव कृष्ण ने आदेश जारी कर दिया है। पर्व के दौरान पुलिस कर्मी मुस्तैदी से ड्यूटी करेंगे और कोई भी अप्रिय घटना न हो इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा। डीजीपी ने कहा है कि दीपावली और छठ के त्यौहार को देखते हुए प्रदेश में सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियों को 16 से 28 अक्टूबर तक के लिए रद्द कर दिया गया है। आपात परिस्थितियों में केवल वरिष्ठ अफसरों की अनुमति से छुट्टी ली जा सकेगी। मीडिया प्रवक्ता के मुताबिक 18 अक्टूबर से लेकर 28 अक्टूबर तक त्योहार हैं। 18 को धनतेरस, 19 को छोटी छिवाली, 20 को दिवाली, 21 को गोवर्धन पूजा और 23 अक्टूबर को इस बार भाईदूज का त्योहार पड़ रहा है। इसके बाद छठ पर्व शुरू हो जाएगा जो 28 अक्टूबर तक चलेगा। डीजीपी ने बताया कि त्योहारों के चलते बाजारों में भीड़भाड़ रहती है। ऐसे में पुलिसकर्मियों की जगह-जगह ड्यूटी लगाई जाती है जिससे की कानून व्यवस्था पूरी तरह से बनी रहे।

# पटाखा अभियान पर सख्ती, दो युवक गिरफ्तार

## भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद, दीपावली पर खपाने की थी तैयारी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बंथरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो अलग-अलग स्थानों पर छापा मारकर भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद किए हैं। इस कार्रवाई में दो युवकों को गिरफ्तार किया, जिन्हें गुरुवार को जेल भेज दिया गया। पुलिस ने कुल लगभग 2 क्विंटल 92 किलोग्राम अवैध पटाखे जब्त किए हैं। बंथरा प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह ने बताया कि बुधवार रात उपनिरीक्षक श्यामजी मिश्रा अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। तभी उन्हें बंथरा बाजार स्थित एक घर में बिना लाइसेंस के पटाखों के भंडारण की सूचना मिली। पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची, तो एक युवक ने घर का दरवाजा बंद करने का प्रयास किया, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। तलाशी के दौरान घर के अंदर से 6 पैकेट स्काई शॉट (120 राउंड), एक गत्ता माचिस वाला पटाखा, विभिन्न प्रकार के 35 पैकेट स्काई शॉट, विभिन्न कंपनियों के छोटे-बड़े 20 स्काई शॉट, 23 पैकेट रॉकेट, फुलझड़ियां, अनार और चार बोरियां देसी पटाखे बरामद हुए। बरामद माल का वजन लगभग 2 क्विंटल 7 किलोग्राम पाया गया। हिरासत में लिए गए युवक की पहचान बंथरा बाजार निवासी पंकज सिंह के रूप में हुई, जो पटाखों से संबंधित कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। इसी तरह, दूसरे मामले में उपनिरीक्षक बृजभान की टीम को मुखबिर से चनखरा मोड़ के पास एक दुकान में अवैध पटाखों के भंडारण की सूचना मिली। पुलिस के पहुंचने पर दुकान में मौजूद युवक ने शटर बंद करने की कोशिश की, लेकिन उसे भी पकड़ लिया गया। दुकान की तलाशी में लगभग 85 किलोग्राम अवैध पटाखे बरामद हुए। पूछताछ में युवक ने अपना नाम बंथरा बाजार निवासी अल्ताब खान बताया। वह भी पटाखों से संबंधित कोई वैध लाइसेंस नहीं दिखा सका। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने दीपावली त्योहार पर बेचने के लिए ये पटाखे जमा किए थे। पुलिस ने दोनों स्थानों से बरामद पटाखों को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है।

## खबर एक नजर

### रक्षामंत्री का 3 दिवसीय लखनऊ दौरा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** शुक्रवार को देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ के तीन दिवसीय आगमन पर कमिश्नरेट पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद हो चुकी है। वहीं ज्वाइंट पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था ने बबलू कुमार ने बताया कि हवाई अड्डे से लेकर तीन दिवसीय कार्यक्रमों पर पुलिस अफसरों के साथ स्थानीय महिला व पुरुष पुलिस कर्मी मुस्तैद रहेंगे वहीं एलआईयू की टीम भी सक्रिया रेहगी। बीजेपी के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री का आगमन शुक्रवार अपराह्न करीब 2.05 बजे अमौसी एयरपोर्ट पहुंचेंगे। शाम को वह विश्वेशरैया हाल में आयोजित व्यापारी मिलन कार्यक्रम में भाग लेंगे इसके बाद सीएसम स्कूल में दीपावली कार्यक्रम में शामील होंगे। शनिवार की सुबह 10.40 बजे रक्षा मंत्री लामार्टिनियर कॉलेज ग्राउंड से हेलीकॉप्टर द्वारा ब्रह्मोस एयरोस्पेस के लिए रवाना होंगे। वे सुबह 11 बजे ब्रह्मोस मिसाइल फ्लैग ऑफ सेरेमनी में शामिल होंगे। इसके बाद 12.30 बजे पीटीसी इंडस्ट्री लिमिटेड पहुंचेंगे और सिस्टम इंटीग्रेशन संकाय के भूमि पूजन कार्यक्रम में भाग लेंगे। शनिवार की शाम 4 बजे रक्षा मंत्री गोसाईगंज में गजेंद्र दत्त नथानी स्मारक दीनबंधु अस्पताल के शिलान्यास समारोह में सम्मिलित होंगे।

### चोरी की स्कूटी के साथ दो गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** कैसरबाग थाना क्षेत्र से बीते 15 अक्टूबर को चोरी हुई स्कूटी के साथ पुलिस ने दो अभियुक्तो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा के मुताबिक पीड़ित आदर्श कुमार ने 15 अक्टूबर को स्कूटी चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुरुवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर रोशनदौल लाइब्रेरी के पीछे कचेहरी जाने वाले मार्ग से स्कूटी समेत दो लोगो को गिरफ्तार कर पूछतांछ की गई। आरोपितों ने पूछतांछ के दौरान अपना नाम सुल्तान खान निवासी घासमंडी थाना ठाकुरगंज दूसरे ने अपना नाम मो0 जुनैद निवासी कच्ची ढाल फाइज्जुलागंज थाना मड़ियांव बताया। पुलिस ने मुताबिक दोनो ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि स्कूटी उन्होंने सफेद बारादरी के पास से चोरी थी। जिन्हें जेल भेज दिया गया।

### छत से गिरकर किसान की मौत

**स्वतंत्र भारत निगोहां।** निगोहां गांव में बुधवार की देर रात घर की छत से गिरने से किसान की मौत हो गई। परिजनों ने आनन - फानन में अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, वहीं परिजनों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक निगोहा निवासी 40 वर्षीय अम्बरीष कुमार बुधवार रात अपनी छत पर था, तभी अचानक उनका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर पड़ा। परिजनों ने उसे गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के मोहल्ले वालों ने बताया कि करीब दो वर्ष पहले उसकी पत्नी नीतू दोनों बच्चों बेटी शुभी और बेटा शुभम को लेकर मायके चली गई थी। तब से अम्बरीष घर पर अकेले ही रहता था और मानसिक रूप से परेशान था ।मृतक के भाई राकेश कुमार ने बताया कि अम्बरीष पिछले कुछ समय से तनावग्रस्त थे और बुधवार शाम उन्होंने शराब भी पी रखी थी। उसी दौरान छत पर चढ़े तो पैर फिसलने से यह हादसा हो गया। निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### युवक की गोली मारकर हत्या

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** गाजियाबाद के मोदीनगर थाना क्षेत्र में आज गुरुवार शाम एक ही अहसान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। युवक 4 दिन पहले ही हत्या के मामले में जमानत पर जेल से बाहर आया था, हत्या के बाद शव बीच सड़क पर ही पड़ा रहा। घटना की सूचना पर मोदीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली, पुलिस रंजिश में हत्या होना मान रही है।पुलिस का कहना है कि मार्च 2025 में मोदीनगर के सीकरी के पास अल्ला बख्श नाम के युवक की हत्या हुई थी, इस हत्या का आरोप अहसान पर लगा था, जिसमें पुलिस ने एहसान को गिरफ्तार कर जेल भेजा था,अब एहसान की कोर्ट से जमानत हुई है और चार दिन पहले ही जमानत पर जेल से बाहर आया। शाम मोदीनगर थाना क्षेत्र के सीकरी रोड पर जा रहा था यहां उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई, पुलिस का कहना है कि अभी तक की जांच पड़ताल मे सामने आया है कि एहसान मेरठ के परतापुर में किराए पर रह रहा था। फिलहाल पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### सेंट्रल जेल में कैदी की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बरेली के शीशगढ़ थाना क्षेत्र के जाफरपुर गांव निवासी 61 वर्षीय इकबाल की सेंट्रल जेल इज्जतनगर में तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। शव का बुधवार को पोस्टमॉर्टम कराया गया। उसके बेटे रजब ने बताया कि पिता चार साल से अपनी दूसरी पत्नी निशा की हत्या के मामले में सजा काट रहे थे। इकबाल हृदय रोगी था और इज्जतनगर सेंट्रल जेल में बंद था। सोमवार रात अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई, जिस पर जेल प्रशासन ने परिजनों को सूचना दी और उसे अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान इकबाल की मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### प्रेम प्रसंग के चलते युवक की हत्या

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बरेली जिले में बुधवार की रात बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के गांव रजऊ परसपुर में रामलीला देखकर वापस लौट रहे युवक को दौड़ाकर हत्यारों ने चौकी से महज कुछ कदमों की दूरी पर युवक के पेट और सीने पर कई वार मौत के घाट उताकर हत्यारे फरार हो गये। मेले से वापस लौट रहे राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि मृतक का दूसरी जात की युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था तो वहीं मृतक के पिता ने प्रेमिका के पिता समेत अन्य दो लोगों के खिलाफ तहरीर दी। एफआईआर दर्ज कर तीन लोगों को थाने लाकर पूछताछ कर विधिक कार्रवाई प्रचलित है। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी ने बताया कि प्रेम-प्रसंग के चलते रंजिश के चलते अभिषेक यादव (22)पुत्र राम किशन निवासी रजऊ परसपुर के दूसरी जाति की एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लड़की के परिजनों को यह रिश्ता मंजूर नहीं था बीते वर्ष 11 नवंबर को लड़की के घरवालों ने मृतक के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज करा दिया उस दौरान पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था करीब दो महीने पहले वह जेल से रिहा होकर घर लौटा था। दोनों परिवारों में अंदर-अंदर रंजिश की आग ने यह घटनाा का रूप ले लिया, मृतक के पिता सेना से सेवानिवृत्त हो चुके उन्होंने सतीश, बुद्धपाल, सुंदरलाल के खिलाफ नामजद तहरीर दी है।

युवक की सरेराह हत्या की गई है शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा चुका है मौके पर शांति बनी हुई है वहीं परिजनों की तहरीर पर तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ के साथ ही पूछताछ की जा रही है जल्द ही इसका खुलाशा किया जाएगा। **मुकेश चंद्र मिश्रा एएसपी उत्तरी**

# लापता युवक का मामला ठगी व धमकी में बदला

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी में ठगी करने वाले जालसाज बड़े ही शातिराना तरीके से ठगी की वारदात को अंजाम देते हैं। इसी बीच अब लखनऊ के महानगर थाना क्षेत्र के रहीमनगर इलाके में लापता युवक अरविंद तिवारी का मामला अब ठगी और धमकी में बदल गया है। आपको बता दें कि बीते 25 सितंबर से गायब अरविंद के पिता अजय तिवारी को 2 अक्टूबर को एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को जीआरपी अधिकारी बताया और कहा कि उनका बेटा उसके पास है। युवक को छोड़ने के बदले 10 हजार रुपए की मांग की गई। जब पिता ने वीडियो कॉल पर बेटे को देखने की बात कही तो आरोपी ने इनकार कर दिया और गालियां देते हुए धमकियां देने लगा। रहीमनगर के रहने वाले अजय तिवारी का बेटा अरविंद तिवारी बीते 25 सितंबर से रहस्यमय तरीके से लापता है। परिजनों ने हर संभावित जगह तलाश करने के बाद पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। परिवार का कहना है कि अरविंद किसी से झगड़ा या विवाद नहीं करता था, इसलिए उसके अचानक गायब होने से वे बेहद चिंतित हैं। घरवालों की उम्मीद थी कि पुलिस जल्द ही बेटे का पता लगा लेगी, लेकिन लगभग एक हफ्ते बाद एक फोन कॉल ने पूरे मामले की दिशा ही बदल दी।बताया जाता है कि बीते 2 अक्टूबर को अजय तिवारी को एक अनजान नंबर से कॉल आया। कॉलर ने खुद को जीआरपी (रेलवे पुलिस) का अधिकारी बताया और दावा किया कि अरविंद उसके कब्जे में है। उसने युवक को छोड़ने के बदले 10 हजार रुपए की मांग की। जब अजय ने बेटे को वीडियो कॉल पर दिखाने की बात कही, तो कॉलर ने इनकार कर दिया। इसके बाद आरोपी ने बार-बार धमकियां दीं और पैसे न भेजने पर गालियां देते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। परिवार ने इस बात को ठगी की साजिश मानते हुए पुलिस से दोबारा संपर्क किया।बीती 12 अक्टूबर को आरोपी का फिर से कॉल आया, जिसमें उसने और ज्यादा अभद्र भाषा का प्रयोग किया। परेशान पिता ने आखिरकार महानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर मोबाइल नंबर के आधार पर कॉल करने वाले की लोकेशन ट्रेस करने की प्रक्रिया शुरू की है।

अधिकारियों के मुताबिक, यह मामला किसी ठग गैंग का हो सकता है जो लापता व्यक्तियों के नाम पर फिरौती मांगकर परिवारों को ब्लैकमेल करता है। फिलहाल पुलिस साइबर सेल की मदद से आरोपी की पहचान कर रही है और जल्द ही गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है।

■ साइबर जालसाज भी हुए सक्रिय
■ जीआरपी का अफसर बन मांगी रकम

# पुलिस ने बचाई युवक की जान

**स्वतंत्र भारत नगराम।** स्नातक के छात्र द्वारा इंस्टाग्राम पर आत्मघाती कदम उठाने की पोस्ट डालने के बाद मेटा ए आई पर अलर्ट जारी होते ही नगराम पुलिस द्वारा सात मिनट मे ही पहुंच कर त्वरित कार्रवाई से एक संभावित अनहोनी को टल गई। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी द्वारा की गई काउंसिल के बाद युवक द्वारा भविष्य में कभी भी आत्मघाती कदम नहीं उठाए जाने का लिखित आश्वासन दिया गया । युवक की पहचान कपेरा मदार पुर गांव निवासी हर्षित वर्मा (19) के रूप में हुई। सहायक पुलिस आयुक्त मोहन लाल गंज रजनीश वर्मा ने बताया कि गुरुवार सुबह एक युवक द्वारा इंस्टाग्राम आई पर जहरीला पदार्थ खाकर आत्मघाती कदम उठाने की पोस्ट डाली गई । पोस्ट डालने के बाद ही मेटा ए आई द्वारा पुलिस मुख्यालय पर अलर्ट जारी किया गया कि एक युवक द्वारा इंस्टाग्राम आई डी पर जहरीला खाकर जान देने की पोस्ट डाली गई । अलर्ट मिलते ही पुलिस द्वारा लोकेशन ट्रेस कर थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार पाल सैयद हासिम अली दीपक पाल के साथ मौके पर पहुंच कर काउंसिलिंग की गई पुलिस टीम द्वारा समझा बुझाकर आत्मघाती कदम उठाने से रोका गया।



थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि महिला मित्र से विवाद के बाद आवेश में आकर बी ए प्रथम वर्ष के छात्र हर्षित वर्मा द्वारा आत्मघाती कदम उठाने की बात सामने आई है। समझाने बुझाने के बाद युवक द्वारा भविष्य में कभी भी ऐसा कदम नहीं उठाने का लिखित आश्वासन दिया गया। पुलिस के समझाने के बाद युवक द्वारा इंस्टाग्राम पर डाली गई पोस्ट डिलीट कर दी गई । परिजनों द्वारा वीडियो के माध्यम से मिली सूचना पर पुलिस की तत्परता के लिए आभार व्यक्त किया गया।

## रिश्तेदार बनकर महिला के खाते से 25 हजार की ठगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के कृष्णानगर थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का एक मामला सामने आया है। कृष्णानगर निवासी अमसी बानो ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनके साथ 15 अक्टूबर को शाम करीब 6:42 बजे ऑनलाइन ठगी की गई। पीड़िता के अनुसार, एक अज्ञात व्यक्ति ने उनके पिता के नाम से फोन किया और खुद को रिश्तेदार बताकर उनका विश्वास जीत लिया। ठग ने कहा कि उसके खाते का सर्वर काम नहीं कर रहा है और वह अमसी बानो के खाते में 25,000 भेजना चाहता है। इसके बाद उसने एक फर्जी मैसेज भेजा, जिससे भ्रमित होकर पीड़िता ने कुछ राशि ट्रांसफर कर दी। ठगी का एहसास होने पर अमसी बानो ने तुरंत बैंक के टोल-फ्री नंबर पर संपर्क किया और अपना खाता बंद करवा दिया। उन्होंने साइबर क्राइम पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद संबंधित बैंक ने एक्नॉलेजमेंट नंबर 33107250074812 जारी किया है। पीड़िता ने पुलिस से इस मामले में जांच कर ठग के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। थाना प्रभारी ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सनी हत्याकांड में प्रयुक्त कार बरामद

स्वतंत्र भारत निगोहां। सनी रावत हत्याकांड के मुख्य आरोपी जीतू यादव की गुरुवार को 12 घंटे की मिली रिमांड में निगोहां पुलिस ने हत्यारोपित की निशान देही पर हत्या में प्रयुक्त औरा कार बरामद की। साथ ही पुलिस ने कई बिंदुओं पर पूँछतांछ भी की। ध्यान रहे कि सनी रावत की हत्या बीती 8 सितंबर को हुई थी। जिसका कारण था कि जीतू की बहन ने प्रेम विवाह किया था। इसी से नाराज होकर मुख्य आरोपी जीतू यादव , देवेश यादव उर्फ बोग्गा, संतोष यादव, राजकपूर और जय सिंह ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया।

आरोपितों ने पहले गमछे से गला घोंटा फिर लोहे की रॉड से पीटा और शव गौतमखेड़ा नाले में फेंक दिया था। इस मामले मे जीतू ने कोर्ट में सरेंडर किया था। अन्य आरोपित तो पुलिस ने जेल भेजा। पुलिस ने जीतू के बैंक खाते पहले भी सीज कर दिए था। एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने बताया की घटना के मुख्य आरोपी जीतू यादव उर्फ विदेश यादव द्वारा मा. न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया था। शेष अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर जिलाकारागार लखनऊ में भेजा गया था। जाँच के दौरान पाया गया था कि अभियुक्तगण द्वारा मृतक शनि रावत की हत्या कारित करने में औरा कार का प्रयोग किया गया था। जिसकी बरामदगी के लिए गुरुवार को अभियुक्त जीतू यादव उर्फ विदेश यादव को को जिलाकारागार लखनऊ से पुलिस कस्टडी रिमाण्ड में लिया गया।

रिमांड के दौरान अभियुक्त जीतू यादव की निशादेही पर मृतक शनि रावत की हत्या में कारित करने में प्रयोग में लाये गये वाहन औरा कार बरामद की गई।थानाध्यक्ष अनुज तिवारी ने बताया कि गौरा गांव के पास जंगल से बरामद की गई है, साथ ही अन्य बिंदुओं पर भी पूछताछ की गई है।

## बुजुर्ग की हत्या से गांव में सनसनी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में घर के खुले बरामदे में सो रहे बुजुर्ग की सर पर वार करके हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान जयपाल सिंह (65) पुत्र लल्लू सिंह निवासी ग्राम किरतपुर के रूप में हुई है। गुरुवार को सुबह परिवार को हत्या की जानकारी हुई। हत्या की घटना से गांव में सनसनी फैल गई। सीओ चांदपुर ने पुलिस के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। बताया गया कि बीती रात गांव के परिवार के लोगों की शराब को लेकर गांव के एक युवक से बहस हो गई थी। उसके बाद सभी लोग अपने-अपने घरों में चले गए। सुबह तड़के हत्या की घटना का पता चला। इससे परिवार में हड़कंप मच गया। मृतक के बेटे अतुल ने बताया कि रात गांव के एक व्यक्ति से बहस हो गयी थी। हम लोगों के घर आने के बाद रात के 12ः00 बजे के बाद उनके पिता को मार दिया गया। उक्त युवक के खिलाफ नामजद शिकायत की गई है। इंचार्ज कादर खान ने हत्या की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि तहरीर के बाद दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## मेड़ काटने के विरोध में युवक की हत्या

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** फिरोजाबाद के थाना टूण्डला पुलिस ने गुरुवार को हत्यारोपित पिता-पुत्र को गिरफ़्तार किया है। थाना प्रभारी टूंडला अंजीश कुमार पुलिस टीम के साथ गुरुवार को क्षेत्र में गश्त पर थे तभी उन्होंने सूचना पर हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त लाल सिंह उर्फ लालता प्रसाद पुत्र स्व. पूरन सिंह व उसके पुत्र आकाश को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव मदावली में गुरुवार रात धर्मवीर सिंह की अवैध तमंचे से गोली मारकर हत्या हुई थी। हत्या का आरोप उसके ही चेचेरे भाई लाल सिंह उर्फ लालता प्रसाद व उसके पुत्रों मोहन, लव व आकाश पर था। इस मामले में मृतक धर्मवीर सिंह के भाई हरिओम ने थाने पर लाल सिंह व उसके पुत्रों मोहन, लव व आकाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि धर्मवीर सिंह के खेत की मेड़ को लाल सिंह ने काट लिया था। जिसका उलाहना देने धर्मवीर सिंह बुधवार रात लाल सिंह के घर पहुंचा था। तभी विवाद होने पर आकाश ने धर्मवीर सिंह के सीने में तमंचे से गोली मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्यवाही कर दोनों को जेल भेजा है।

# बेटे के साथ गर्भवती मां ट्रेन के आगे कूदी, मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद के फफूंद रेलवे स्टेशन पर बुधवार देर रात एक हृदयविदारक घटना हुई। प्रेम विवाह के बाद ससुराल में रह रही एक गर्भवती महिला ने अपने पांच वर्षीय बेटे के साथ ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारों के अनुसार दिबियापुर के मोहल्ला संत रविदास नगर निवासी सुनील की फफूंद रेलवे स्टेशन के पास फल की दुकान है। सुनील का एक वर्ष से पूजा नामक महिला से प्रेम संबंध चल रहा था। करीब तीन महीने पहले पूजा ने अपने पहले पति को छोड़कर सुनील से प्रेम विवाह कर लिया था और ससुराल में रहने लगी थी। उसका पहले पति से एक बेटा दीपक (5) भी है। स्थानीय लोगों के अनुसार विवाह के बाद से ही पति-पत्नी के बीच झगड़ा होता था। बताया जा रहा है कि बुधवार की रात करीब 12 बजे किसी बात को लेकर दोनों में फिर से झगड़ा हुआ। इसके बाद पूजा अपने बेटे दीपक को साथ लेकर घर से निकली और फफूंद रेलवे स्टेशन पहुंची और अमृत भारत ट्रेन के आगे कूद गई। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी फफूंद प्रभारी सोहन राज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों शवों को जांच पड़ताल के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। महिला के ससुर रामसनेही ने बताया कि उनके बेटे सुनील ने पूजा से प्रेम विवाह किया था और तीन महीने पहले वह बहू बनकर घर आई थी। वहीं, पूजा का मायका कानपुर देहात के रूरा थाना क्षेत्र के गांव सेठमारा में है। मायका पक्ष इस प्रेम विवाह के खिलाफ थे। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

■ 5 वर्ष पहले किया था प्रेम विवाह, फफूंद रेलवे स्टेशन पर देर रात हुई घटना, जांच में जुटी पुलिस

# बड़ी कार्रवाई : 10 करोड़ की अवैध संपत्ति जब्त



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत मुजफ्फरनगर पुलिस ने नशे के धंधे पर बड़ा प्रहार किया है। डीजीपी राजीव कृष्णा के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा अभियान के अंतर्गत पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त एक बड़े तस्कर की संपत्तियों को जब्त किया है। जब्त संपत्तियों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 10 करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र के निर्देशन में बुढ़ाना पुलिस ने 19 अगस्त 2025 को शातिर तस्कर अब्दुल कादिर पुत्र जुल्फकार निवासी ग्राम जिजोला, थाना झिंझाना (शामली) को उसके साथियों सहित गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसके कब्जे से करोड़ों रुपये मूल्य की स्मैक बरामद की थी। जांच में यह भी सामने आया कि अब्दुल कादिर ने मादक पदार्थों की तस्करी से अवैध रूप से करोड़ों रुपये कमाए और अपने तथा परिजनों के नाम पर कई संपत्तियां खरीदीं। पुलिस टीम ने जांच रिपोर्ट तैयार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत संपत्ति जब्ती की कार्रवाई के लिए रिपोर्ट सक्षम प्राधिकारी नई दिल्ली को भेजी।

पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और पैरवी के आधार पर सक्षम प्राधिकारी ने 15 अक्टूबर को अब्दुल कादिर की पाँच संपत्तियों को जब्त करने का आदेश पारित किया। जब्त की संपत्तियों में 546.55 वर्गमीटर का आवासीय भूखंड, मुजफ्फरनगर, 307.50 वर्ग मीटर का दोमंजिला मकान, मुजफ्फरनगर, 0.068 हेक्टेयर कृषि भूमि, मुजफ्फरनगर, 344.44 वर्ग मीटर का भूखंड, बागपत, 156.8 वर्ग मीटर का दोमंजिला मकान, सहारनपुर शामिल है।

# लुटेरी दुल्हन गिरफ्तार, मुस्कुराती रही

## हाथ में मेहंदी, जींस-टीशर्ट पहने थी, कुंवारों को बनाती थी निशाना

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी के मथुरा जिले की रहन वाली लुटेरी दुल्हन काजल को बीते दिनों हरियाणा के गुरुग्राम से बुधवार को सरस्वती इन्क्लेव से गिरफ्तार किया गया वह यहां छिपी हुई थी।

कस्टडी में वह मुस्कुराती नजर आई जींस और टीशर्ट पहने हुई थी यही नहीं उसके हाथों में मेहंदी भी लगी थी। पुलिस के मुताबिक काजल गोवर्धन थाना क्षेत्र की निवासी है उसने यूपी, हरियाणा, राजस्थान के कुंवारे लड़कों को अपनी सुंदरता व प्रेमजाल में फंसाकर उनसे प्रेमविवाह करती थी। और कुछ दिनों बाद वह नकदी व गहने लेकर फरार हो जाती थी। पुलिस उसे करीब 1 वर्ष से तलाश कर रही थी। वह लगातार ठिकाने बदल-बदलकर चकमा दे रही थी। फर्जी शादी मामले में ही लुटेरी दुल्हन काजल के पिता भगत सिंह, मां सरोज देवी, बहन तमन्ना और भाई सूरज को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। राजस्थान के सीकर जिले की पुलिस मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटेल की मदद से गुरुग्राम पहुंची और उसे गली नंबर दो में अंकित नाम के व्यक्ति के घर में किराए पर रहती थी। पुलिस टीम की पूछताछ के दौरान उसने कई राज उगले हुए बताया कि उसने 26 नवंबर 2024 को सीकर जिले के दांतारामगढ़ थाने में ताराचंद जाट ने शिकायत दर्ज कराई।

ताराचंद ने बताया कि उनकी मुलाकात जयपुर में भगत सिंह नाम के व्यक्ति से हुई थी। भगत सिंह ने ताराचंद को उनके दो बेटों, भंवर लाल और शंकर लाल की शादी के लिए अपनी बेटियों काजल और तमन्ना से रिश्ता तय करने का प्रस्ताव रखकर भगत सिंह ने शादी की तैयारियों के नाम पर ताराचंद से 11 लाख रुपए लेकर 21 मई 2024 को गोविंद अस्पताल के गेस्ट हाउस में भगत सिंह अपनी पत्नी सरोज, बेटे सूरज और दोनों बेटियों काजल और तमन्ना के साथ पहुंचा।

वहां ताराचंद के दोनों बेटों के साथ धूमधाम से शादी कर दी।। तीसरे दिन गहने, कपड़े और नकदी लेकर फरारः तीसरे दिन अचानक ये लोग बिना किसी को बताए दुल्हनों के गहने, नकदी और कपड़े लेकर गायब हो गए। ताराचंद और उनके परिवार के लिए यह एक बड़ा झटका था। उन्हें न केवल आर्थिक नुकसान हुआ, बल्कि सामाजिक अपमान का भी सामना करना पड़ा। उसने बताया कि उसके पिता भगत सिंह ने ठगी का एक सुनियोजित नेटवर्क बनाया था। अपनी दोनों लड़कियों को कुंवारा बताकर रिश्ता तलाशने का ढोंग किया जाता। तीन राज्यों में फैलाया जाल यह गिरोह राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा समेत अन्य राज्यों में भी सक्रिय था। काजल और तमन्ना को इस धंधे में मुख्य भूमिका दी गई थी, क्योंकि उनकी शादी के जरिए लोगों का भरोसा जीता जाता था। शादी के दो तीन दिन तो रस्मों रिवाज में निकाल देती थी। इस दौरान वे पति के साथ संबंध भी नहीं बनाती थी। जांच अधिकारी पूरणमल ने बताया कि पुलिस को अंदेशा है कि इस गिरोह ने कई अन्य लोगों को भी इसी तरह ठगा होगा।

काजल से पूछताछ में और भी मामलों के खुलासे होने की संभावना है। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सहयोगियों और उनके नेटवर्क की तलाश कर रही है। यह भी जांच की जा रही है कि इस गिरोह ने कितने लोगों को ठगा और कितनी राशि हड़पी।

स्वतंत्र भारत
यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## सटीक चेतावनी

भारत के प्रति पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठानों की कुटिल मानसिकता अब छिपी बात नहीं है। स्वतंत्रता मिलने के बाद के कई वर्षों तक वहां के शासक कोई न कोई बहाना निकाल कर टकराव की स्थिति बनाते जिसमें अमेरिका और कुछ अरब देश उनकी भरपूर मदद करते थे। लेकिन करीब पांच दशक पहले आतंकवादियों की 'नर्सरी' खोलने के बाद बहानों की आड़ देना भी उसने बंद कर दिया। कश्मीर को मुद्दा बनाकर घाटी और फिर पूरे भारत में दहशत फैलाना उसका खुला मकसद बन गया। बार-बार मुंह की खाने के बावजूद उसने पहलगाम नरसंहार को अंजाम दिया तो भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चला कर उसकी ताकत को एक बार फिर ध्वस्त किया। लेकिन ऐसा नहीं लगता कि इससे भी उसने कोई सबक लिया हो। पाक पीएम, आर्मी चीफ और रक्षा मंत्री ने भारत को गीदड़ भभकियों का सिलसिला अभी भी जारी रखा हुआ है। शायद उसे अमेरिका, सऊदी अरब और आईएमएफ से मिलने वाली भीख पर ज्यादा ही भरोसा है। भारत इसे समझता है और उसी हिसाब से तैयारियां भी पूरी कर रखी हैं। भारतीय सेना का कहना है कि पाकिस्तान के पास भारत से लड़ने की क्षमता नहीं है लेकिन वह फिर से पहलगाम जैसे हमले की कोशिश कर सकता है और इसके जवाब में ऑपरेशन सिंदूर का दूसरा चरण और भी घातक होगा। इस बार की कार्रवाई पहले से भी जोरदार होगी। सेना का मानना है कि उसमें हमसे युद्ध करने की क्षमता नहीं है बल्कि वह 'भारत को हजार जख्मों से लहूलुहान करने' के इरादे के तहत ऐसा करता है। सेना का यह आकलन सही भी है। कहा जाता है कि सांप को कभी घायल करके नहीं छोड़ना चाहिए बल्कि उसे पूरी खत्म कर देना जरूरी होता है। वरना वह फिर हमला जरूर करता है। पाकिस्तान भी ऐसा ही सांप है। ऑपरेशन सिंदूर में उसे बुरी तरह पस्त तो कर दिया गया था लेकिन जब तक उसका सिर पूरी तरह कुचल नहीं दिया जाएगा, तब तक वह जहर बुझी हरकतें करता रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इसी और कई बार संकेत भी कर चुके हैं। इंतजार केवल मौके का है जो अपनी आदत से मजबूर पाकिस्तान खुद ही भारत को देगा। अगर बार-बार की समस्या एक बार में ही खत्म हो जाए तो भला इससे अच्छा और क्या होगा।

## स्वदेशी की धूम

पर्वों के अवसर पर खरीदारी में उत्साह हमेशा से रहता आया है। इस बार भी ऐसा ही है। लोग अपनी-अपनी सामर्थ्य के अनुसार पूजा के लिए धीरे, दीप स्टैंड, खुद को और अपने घर को सजाने संवारने के सामान, कपड़े आभूषण आदि खूब शौक से खरीद रहे हैं। इस खरीदारी में अभी तक ध्यान विदेशी और ब्रांडेड कंपनियों के उत्पादों पर ज्यादा फोकस रहता था। माना यह जाता था कि स्थानीय स्तर पर बनी चीजों में उन जैसी क्वालिटी नहीं होती। कुछ लोगों के लिए महंगा दाम ही भरोसे की सबसे बड़ी कसौटी होता था। लेकिन इस नजरिए में पिछले कुछ सालों से धीरे-धीरे आ रहा बदलाव इस बार बाजार पर पूरी तरह छा गया है। यह हमारे देशी और परंपरागत हस्त कौशल को आगे बढ़ाने की दिशा में अहम बदलाव है। आधुनिकता की चकाचौंध में लोग भले ही इनसे दूर हो गए थे लेकिन फिर इनको हाथों-हाथ लेकर परंपरागत हुनर को पुनर्जीवित तो कर ही रहे हैं, इससे तमाम परिवारों में खुशहाली का उजाला भी फैला रहे हैं। जब इन्हें मौका मिलेगा तभी तो ये आगे आकर अपनी कला को और तराशेंगे तथा उसे नए जमाने के मुताबिक ढालेंगे। इससे अपने देश में मौजूद हुनर, कारीगरी और कुटीर-लघु उद्योग प्रतिस्पर्धा में आकर स्वदेशी एवं आत्मनिर्भरता की अवधारणा को और मजबूती के साथ विकसित करेंगे। लोकल बार लोकल के आह्वान के पीछे यही उद्देश्य है। अभी इसे बड़ी संख्या में स्टार्ट एप्स साकार कर रहे हैं। अब शहरों-कस्बों और गांवो तक में इनकी धूम मच रही है। इस कौशल में महिलाओं की भूमिका ज्यादा अहम है जो व्यक्तिगत स्तर से लेकर स्वयं सहायता समूहों तक में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। स्वदेशी के इस नए दौर में इन कामों से जुड़े परिवारों में तो समृद्धि और संपन्नता बढ़ेगी ही, देश की अर्थव्यवस्था को और आगे ले जाने में भी इसका बहुत बड़ा योगदान होगा। इस बार के पर्व की यही सबसे बड़ी विशेषता है। अच्छा यह होगा कि इस नए ट्रेंड को आगे के लिए भी बरकरार रखा जाए।



## कांव-कांव



♦♦♦

**यूपी में बेटियों को छेड़ा तो मिलेंगे यमराज- योगी**

प्रिया राठौर कांड की जांच वैसे अभी लंबित है!

**चुनावों में धनबल के इस्तेमाल पर आयोग सख्त**

व्यापारी चाहें तो बनी हुई सरकारों को खरीद लें!

**दोगुना हुआ पूर्व सैनिकों और आश्रितों का फंड**

अग्निवीरों के आश्रितों की ऐसी किस्मत कहां?

**जज भी हाड़मांस के बने सामान्य इंसान- हाईकोर्ट**

ये बात तो पब्लिक अब समझने ही लगी है!

**दवाओं, सौंदर्य प्रसाधनों पर सख्त कानून आयेगा**

लोग इतने ईमानदार नेताओं को गलत कहते हैं!

**दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों को इजाजत**

वायु प्रदूषण नहीं होगा,कान के पर्दे फट जायेंगे!

♦♦♦

# दुश्मनी से दोस्ती तक : भारत-तालिबान रिश्तों का नया अध्याय

जब भू-राजनीति के जटिल ताने-बाने में पुराने ज़ख्म सहजता से भरने लगें और दुश्मनी की कड़वाहट मधुर सहयोग में ढल जाए, तो विश्व मंच का चक्र कितना विस्मयकारी हो उठता है। भारत और तालिबान के उभरते रिश्ते इस चमत्कार की जीवंत मिसाल हैं,



- डॉ. आर.के. जैन 'अरिजीत'

जहां वैचारिक खाइयों को व्यावहारिक हितों की मज़बूत डोर ने पाट दिया है। सोचिए, दो दशक पूर्व पाकिस्तान के छद्म हथियार के रूप में कुख्यात तालिबान आज भारत के रणनीतिक साझेदार की दहलीज पर खड़ा है, अफगानिस्तान की धरती से उठकर क्षेत्रीय समीकरणों को नया रंग दे रहा है। तालिबान विदेश मंत्री का हालिया भारत दौरा–जहां गर्मजोशी भरे स्वागत के बीच दूतावास स्तर की बहाली की घोषणा हुई–न केवल तल्ख इतिहास के अंतिम पन्ने को पलटता है, बल्कि भारत की कूटनीतिक प्रौढ़ता का सशक्त प्रमाण भी है। यह एक ऐसी नीति है, जो सत्ता की कठोर सच्चाइयों को अपनाकर राष्ट्रीय हितों की रक्षा करती है, अतीत की जंजीरों से मुक्त, भविष्य की ओर दृढ़ कदम बढ़ाती हुई। इस परिवर्तन की जड़ें गहरी और बहुआयामी हैं, जो भारत-अफगानिस्तान संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही हैं। सुरक्षा मोर्चे पर भारत की चिंताएं–कश्मीर-केंद्रित चरमपंथ, आईएसआईएस-के और अल-कायदा की साजिशें–अफगान मिट्टी से पनपने के खतरे से हमेशा सताई रहीं, लेकिन तालिबान के स्पष्ट आश्वासन, कि उनकी धरती कभी भारत-विरोधी हमलों का अड्डा नहीं बनेगी, ने विश्वास की मजबूत नींव रखी। अब खुफिया सूचनाओं का साझा आदान-प्रदान, संयुक्त निगरानी तंत्र और आईएस जैसे साझा दुश्मनों के खिलाफ सहयोग इस साझेदारी को अटल बना रहा है, क्योंकि तालिबान खुद इन चरमपंथियों से जंग लड़ रहा है। आर्थिक पटल पर यह गठबंधन चमकदार अवसरों से भरा है- अफगानिस्तान के रसीले अनार, किशमिश, पिस्ता और जड़ी-बूटियां भारत के विशाल बाजारों में प्रवेश कर रही हैं, जहां पाकिस्तान की वाघा-कराची सीमाओं की रुकावटें अब इतिहास का हिस्सा बनने वाली हैं। चाबहार बंदरगाह के जरिए मध्य एशियाई गलियारों से जुड़ाव, खनिज संसाधनों में भारतीय निवेश, और पुरानी परियोजनाओं का पुनरारंभ–सलमा बांध की जीवनदायिनी धाराओं से लेकर काबुल संसद भवन की भव्यता तक–अफगान अर्थव्यवस्था को नई सांस देगा। बदले में भारत को ऊर्जा सुरक्षा, व्यापारिक लाभ और क्षेत्रीय वर्चस्व मिलेगा। हवाई गलियारों की स्थापना और ईरानी बंदरगाहों का प्रभावी उपयोग इस आर्थिक पुल को और मजबूत करेगा, अफगान गरीबी को जड़ से मिटाने में सहायक सिद्ध होगा। तालिबान के लिए यह रिश्ता वैधता का अमृतकलश है–पाकिस्तानी आईएसआई की कठपुतली की छवि से मुक्ति, स्वतंत्र शक्ति के रूप में उभरना, और पश्चिमी प्रतिबंधों के बीच वैकल्पिक समर्थन की ताकत। मानवीय सहायता के तहत भोजन-दवाओं का वितरण, व्यापारियों-छात्रों-मरीजों के लिए आसान वीजा, कंप्यूटर प्रशिक्षण से प्रशासनिक कौशल हस्तांतरण तक–ये कदम तालिबान शासन को आंतरिक स्थिरता देंगे, अफगान नागरिकों की आकांक्षाओं को साकार करेंगे। इस प्रकार, यह साझेदारी न केवल द्विपक्षीय लाभ का स्रोत है, बल्कि क्षेत्रीय शांति और समृद्धि की कुंजी भी। पाकिस्तान इस भू-राजनीतिक नाटक का सबसे बड़ा हारी है, जहां उसका तालिबान प्रेम सीमा पर गोलाबारी, टीटीपी के खूनी हमलों और आपसी कटुता में तब्दील हो चुका है। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री का 'शत्रु देश' बयान दरार को और गहराता है, जबकि अफगान हवाई हमलों में नागरिक हत्याओं के आरोप तालिबान को भारत की ओर धकेल रहे हैं। काबुल पर दबदबा कायम करने का इस्लामाबाद का दशकों पुराना सपना अब भारत के बढ़ते प्रभाव से चूर-चूर है। भारत की अफगानिस्तान में सक्रियता न केवल पाकिस्तानी रणनीति को ध्वस्त करती है, बल्कि बलूच विद्रोह और टीटीपी समर्थन के आरोपों को हवा देती है, जिनका भारत लगातार खंडन करता रहा है। यह बदलाव क्षेत्रीय शक्ति-संतुलन को नया आयाम देता है–चीन की बेल्ट एंड रोड महत्त्वाकांक्षाएं, रूस की पारंपरिक पैठ, और ईरान की सीमाई चिंताएं–सब अफगानिस्तान को दांव पर लगाए हुए हैं। भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति यहां चमकती है, जो सतर्क लेकिन साहसी कदमों से प्रभाव क्षेत्र का विस्तार कर रही है, युद्ध की छाया से परे। तालिबान की स्वतंत्र विदेश नीति का ऐलान–पाकिस्तान की मांगों से मुक्त होना–भारत को आकर्षित करता है, जबकि हवा में तैरते जख्म हैं। सुरक्षा जोखिम साये की तरह लिपटे हैं–चरमपंथी समूहों की साजिशें, अल-कायदा के अवशेष, और आईएस की उभरती ताकत सतर्कता की घंटी बजाते हैं। दोनों पक्ष धीमे मगर ठोस कदम उठा रहे हैं- तकनीकी टीमों से राजनयिक मिशनों तक, वाणिज्य दूतावासों का हस्तांतरण, उच्च-स्तरीय वार्ताएं–ये सतर्क प्रगति के प्रतीक हैं। व्यावहारिकता यहाँ सिद्धांतों पर भारी पड़ रही है; जैसा कि कूटनीति की भाषा में कहा जाता है, सत्ता में जो है, उसके साथ जुड़ना अनिवार्य है, चाहे वह कितना ही विवादास्पद हो। यह 'दुश्मन से मित्र' की गाथा भारत की दूरदर्शी कूटनीति का उत्सव है, जो अतीत की कटुता को भुलाकर भविष्य की संभावनाओं को गढ़ रही है। यदि यह गठजोड़ गहराता है, तो दक्षिण एशिया में शांति की लहर दौड़ेगी–व्यापारिक कारवां सड़कों पर लहराएंगे, विकास की धारा अफगान घाटियों को सींचेगी, और क्षेत्रीय स्थिरता नई ऊंचाइयों को छुएगी। पाकिस्तान को सबक मिलेगा कि छद्म युद्धों की होड़ में दोस्त खोना महंगा पड़ता है, जबकि भारत एक जिम्मेदार शक्ति के रूप में उभरेगा। लेकिन सफलता की कुंजी है सतत संवाद, पारस्परिक सम्मान, और सुधारों की प्रतिबद्धता–तालिबान को मानवाधिकारों की राह अपनानी होगी, और भारत को विश्वास का निर्माण जारी रखना होगा। यह नया दौर महज आहट नहीं, बल्कि एक क्रांति है, जहां पुराने शत्रु मिलकर समृद्धि का सपना बुन रहे हैं। भारत की यह कूटनीतिक विजय न केवल अफगानिस्तान को जोड़ेगी, बल्कि पूरे उपमहाद्वीप को नई दिशा देगी।



अफगान नागरिकों की शिकायतें पाकिस्तानी रुकावटों पर केंद्रित हैं, जो इस नई दोस्ती को स्वाभाविक बनाती हैं। फिर भी, यह साझेदारी सावधानी की मांग करती है, क्योंकि शांति का भ्रम घातक हो सकता है। भारत ने तालिबान को औपचारिक मान्यता देने से परहेज किया है, महिलाओं पर अमानवीय पाबंदियों, अल्पसंख्यकों की दशा, और मानवाधिकार उल्लंघनों पर गहरी चिंताएं बरकरार हैं। 2021 में दूतावास बंदी और वीजा रद्दीकरण को पूर्व अफगान नेताओं ने विश्वासघात करार दिया, जो आज भी

# ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

## प्रथम अध्याय

(गतांक से आगे)

तस्मादपरिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि ।। 27 ।।

ऐसा मान लेने पर भी जन्मनेवाले की निश्चित मृत्यु और मरनेवाले का निश्चित जन्म सिद्ध होता है। इसलिये भी तू बिना उपायवाले इस विषय में शोक करने लायक नहीं है। जिसका कोई इलाज नहीं, उसके लिये शोक करना एक अन्य दुःख को आमन्त्रित करना है।

अव्यक्तादीनि भूतानि व्यक्तमध्यानि भारत। अव्यक्तनिधनान्येव तत्र का परिदेवना।। 28 ।।

अर्जुन ! सम्पूर्ण प्राणी जन्म से पहले बिना शरीरवाले और मरने के बाद भी बिना शरीरवाले हैं। जन्म के पूर्व और मृत्यु के पश्चात् भी दिखायी नहीं पड़ते, केवल जन्म-मृत्यु के बीच में ही शरीर धारण किये हुए दिखायी देते हैं। अतः इस परिवर्तन के लिये व्यर्थ की चिन्ता क्यों करते हो? इस आत्मा को देखता कौन है? इस पर कहते हैं- आश्चर्यवत्पश्यति कश्चिदेन-माश्चर्यवद्वदति तथैव चान्यः। आश्चर्यवच्चैनमन्यः शृणोति श्रुत्वाप्येनं वेद न चैव कश्चित्।29।।पहले श्रीकृष्ण ने कहा था कि इस आत्मा को तत्वदर्शियों ने देखा है, अब तत्वदर्शन की दुर्लभता पर प्रकाश डालते हैं कि कोई विरला महापुरुष ही इस आत्मा को आश्चर्य की तरह देखता है। सुनता नहीं, प्रत्यक्ष देखता है और वैसे ही दूसरा कोई महापुरुष ही आश्चर्य की तरह इसके तत्त्व को कहता है। जिसने देखा है, वही यथार्थ कह सकता है। दूसरा कोई विरला साधक इसे आश्चर्य की भाँति सुनता है। सब सुनते भी नहीं; क्योंकि यह अधिकारी के लिये ही है। हे अर्जुन ! कोई-कोई तो सुनकर भी इस आत्मा को नहीं जान पाते; क्योंकि साधन पार नहीं लगता। आप लाख ज्ञान की बातें सुनें, समझें- बाल की खाल निकालकर समझें, लालायित भी रहें; किन्तु मोह बड़ा प्रबल है, थोड़ी देर बाद ही आप अपनी सांसारिक व्यवस्थाओं में लिप्त मिलेंगे। **क्रमशः...**

# ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**आत्मवर्गं परित्यज्य परवर्ग समाश्रितः।**
**स्वयमेव लयं याति यथा राजात्यधर्मतः।।**

जिस प्रकार कोई राजा अपने अधर्माचरण के कारण नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार अपनों को छोड़कर दूसरों को अपनाने वाला व्यक्ति भी अपने आप नष्ट हो जाता है।

♦♦♦

# गरीबी-कमी की यात्रा : प्रगति और परिप्रेक्ष्य

हर साल 17 अक्टूबर को विश्व गरीबी उन्मूलन दिवस मनाया जाता है। यह केवल गरीबी के अस्तित्व की जानकारी देने का दिन नहीं है, बल्कि समाज और नीतिनिर्माताओं को वास्तविक और ठोस कदम उठाने के



- डॉ. शिवम भारद्वाज

लिए प्रेरित करता है। यह दिन गरीबों के संघर्ष और उनकी रोज़मर्रा की कठिनाइयों को मान्यता देता है और याद दिलाता है कि गरीबी केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि लाखों परिवारों के जीवन के असली अनुभवों में मौजूद है। इसी संदर्भ में, भारत की गरीबी-कमी की यात्रा पिछले दशक में मिली उपलब्धियों और वास्तविक जीवन की चुनौतियों के माध्यम से समझी जा सकती है।

आँकड़ों के नजरिए से देखें तो भारत ने पिछले दशक में गरीबी-कमी के मोर्चे पर असाधारण प्रगति दर्ज की है। नीति आयोग के बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI) के आंकड़े बताते हैं कि 2013-14 में 29.17 प्रतिशत बहुआयामी गरीबी घटकर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत रह गई। इसका मतलब है कि लगभग 25 करोड़ लोग शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन-स्तर में सुधार के साथ गरीबी की सीमा से बाहर आए। विश्व बैंक की Spring 2025 Poverty & Equity Brief के अनुसार, 2011-12 में 16.2 प्रतिशत लोग 2.15 डॉलर प्रतिदिन (अत्यंत गरीबी रेखा) से नीचे जीवनयापन कर रहे थे, जो 2022-23 तक घटकर 2.3 प्रतिशत रह गया। ग्रामीण क्षेत्रों में यह 18.4 से 2.8 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 10.7 से 1.1 प्रतिशत हो गया। 3.65 डॉलर प्रतिदिन (निचले-मध्यम आय स्तर) पर गरीबी दर भी 61.8 प्रतिशत से घटकर 28.1 प्रतिशत हो गई, यानी 3.78 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। ग्रामीण-शहरी अंतर भी 25 से 15 प्रतिशत तक घट गया।

यह औसत प्रगति दिशा दिखाती है, लेकिन इन औसत आंकड़ों के पीछे वास्तविक जीवन की जटिलताएँ और संघर्ष, क्षेत्रीय असमानताएँ और सामाजिक समूहों के बीच अंतर अब भी स्पष्ट हैं। उदाहरणार्थ एक छोटे शहरी परिवार, जिसमें माता-पिता और दो बच्चे हैं, की मासिक आय लगभग 15-18 हजार रुपये है। किराना, बिजली, परिवहन, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च आसानी से 12-14 हजार रुपये हो जाता है। औसत आंकड़ों के अनुसार यह परिवार गरीबी रेखा से ऊपर है, लेकिन वास्तविक जीवन में आय का अधिकांश हिस्सा बुनियादी जरूरतों में ही चला जाता है। ग्रामीण प्रवासी मजदूर परिवार के लिए स्थिति और कठिन है। चार-पाँच सदस्यीय परिवार की आय मौसमी कृषि या निर्माण कार्य पर निर्भर रहती है, जिसके लिए 2ङ्क3 डॉलर प्रतिदिन का हिसाब भोजन-दवा-स्कूल आदि जैसे बुनियादी खर्चों के साथ वास्तविक मासिक खर्च से ऊपर पहुँच जाता है। यह दर्शाता है कि औसत आंकड़े केवल दिशा दिखाते हैं; वास्तविक जीवन में संघर्ष और असुरक्षा अब भी जारी हैं।

महामारी और बढ़ती महंगाई ने असमानताएँ और स्पष्ट कर दीं। 2020 में वैश्विक स्तर पर लगभग 70 मिलियन लोग फिर से अत्यंत गरीबी में चले गए। हालाँकि भारत में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और डिजिटल डीबीटी आधारित लक्षित हस्तांतरण ने इस झटके का प्रभाव सीमित किया। यह दिखाता है कि आर्थिक आंकड़े तभी सचमुच असरदार होते हैं जब वे वास्तविक जीवन की जरूरतों और खर्चों से मेल खाते हों।

रोज़गार के मोर्चे पर बात करें तो 2021-22 के बाद रोजगार की वृद्धि कामकाजी उम्र की आबादी से अधिक रही। शहरी बेरोज़गारी 6.6 प्रतिशत तक घट गई, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में महिला रोजगार में वृद्धि हुई। स्वरोज़गार खासकर ग्रामीण क्षेत्रों और महिलाओं में बढ़ा, जिससे आर्थिक भागीदारी बढ़ी। फिर भी अनौपचारिक रोजगार में एक बड़ी तादाद में श्रमिकों के जुड़े होने से आय अस्थिर रहती है और सामाजिक सुरक्षा सीमित रहती है।तकनीकी रूप से रोजगार में शामिल लोग भी महँगाई और असुरक्षित आय के चलते जीवन स्तर में जोखिम झेलते हैं।

कुछ क्षेत्रीय आंकड़ों का हवाला लें तो उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश जैसे पाँच सबसे जनसंख्या वाले राज्य 2011-12 में देश की अत्यंत गरीब आबादी का 65 प्रतिशत हिस्सा थे। 2022-23 तक इन राज्यों ने कुल अत्यंत गरीबी कमी में दो-तिहाई योगदान दिया। यह स्पष्ट करता है कि क्षेत्रीय प्रगति ही समग्र राष्ट्रीय प्रगति को आकार देती है।

आंकड़े बहुआयामी गरीबी और आय असमानता में सुधार को भी दर्शाते हैं। बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2005-06 में 53.8 प्रतिशत था, जो 2019-21 में 16.4 प्रतिशत और 2022-23 में 15.5 प्रतिशत तक घट गया। Gini Inde& 28.8 से 25.5 तक सुधरा, यानी आय असमानता में कमी आई। विकास दर के अनुमानों में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और एशियन



विकास बैंक 2025 में भारत की वृद्धि दर 6.4-6.6 प्रतिशत आंका है। यह दक्षिण एशिया में अग्रणी स्थिति दिखाती है, लेकिन तेज़ आर्थिक वृद्धि का लाभ असमान रहेगा यदि समावेशी रोजगार, कौशल विकास और मानव पूंजी निवेश पर्याप्त नहीं हैं। क्षेत्रीय विषमताएँ, प्रवासी श्रमिकों की संवेदनशीलता और अनौपचारिक रोजगार की व्यापकता यह सुनिश्चित करती हैं कि औसत वृद्धि के आँकड़े वास्तविक जीवन में हर परिवार तक समान प्रभाव नहीं डालते। इसलिए भारत की गरीबी-कमी की कहानी केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है। इसे वास्तविक जीवन के खर्च, महंगाई, सामाजिक हस्तांतरण और रोज़गार की असुरक्षा के संदर्भ में समझना आवश्यक है। यही व्यावहारिक पक्ष आंकड़ों के पीछे की कठिनाई को स्पष्ट करता है। 2030 तक सतत विकास लक्ष्य-1 तक पहुँचने के लिए नीति निर्माण को सामाजिक सुरक्षा, समावेशी रोजगार-सृजन, कौशल और मानव पूंजी निवेश और क्षेत्रीय असमानताओं के समाधान के साथ संरेखित होना चाहिए। तभी भारत की प्रगति टिकाऊ, व्यावहारिक और वास्तविक रूप से हर परिवार पर असर डालने वाली साबित होगी।

## प्रेरक प्रसंग — खुशियों की खोज

रवि एक छोटे से शहर में रहने वाला युवक था, जिसके पास सिर्फ एक सपना था खुद को खुश देखना। उसने कभी नहीं सोचा था कि यह सपना उसको एक अद्वितीय सफर पर ले जाएगा।

एक दिन, वह अपने दोस्तों के साथ शहर की लाइब्रेरी घूमने गया। लाइब्रेरी में उसका काफी मन लगा, और वह वहीं ठहर गया। वहां उसे एक पुरानी पुस्तक मिली जिसमें अत्यंत खुशी की खोज के बारे में लिखा था।

रवि ने उस पुस्तक को खोला और पढ़ा, और फिर उसने तय किया कि वह खुशी की खोज करेगा। उसके दोस्त विचलित रहे, लेकिन उसकी उम्मीद और संवाद के जादू ने उन्हें भी अपने साथ ले लिया।

वे तीनों एक अनोखी यात्रा पर निकल पड़े, खुशी की खोज में। उन्होंने अलग-अलग लोगों से बात की, विभिन्न स्थलों का अन्वेषण किया, और नई चुनौतियों का सामना किया। इस सफर में, उन्होंने जीवन के असली मतलब को समझा और खुशी को अपने अंदर पाया।

कुछ सालों बाद, वे तीनों वापस अपने गाँव लौटे, लेकिन तब सब बदल गया था। अब वे खुद को खुश और संतुष्ट महसूस करते थे और उनकी खुशियां उनके चारों ओर के लोगों को प्रेरित कर रही थीं।

इस प्रेरक प्रसंग से हमें यह सीखने को मिलता है कि खुशी की खोज हमारे अंदर होती है, और हमें किसी खास स्थान पर जाने की आवश्यकता नहीं होती। हमें सिर्फ अपनी आंतरिक यात्रा पर निकलना होता है, और हम अपने जीवन को सजाने के लिए अपने अंदर के संसाधनों का सही तरीके से उपयोग कर सकते हैं।

## आपका पत्र मिला


### न्यायिक संस्थाओं में व्यापक सुधार किए जाने की जरूरत

देश के विभिन्न न्यायाधिकरणों में लंबित मामलों की संख्या और उनसे जुड़ी आर्थिक क्षति के आंकड़े बेहद चौंकाने वाले हैं। हालिया रिपोर्ट के अनुसार इन न्यायाधिकरणों में 3.56 लाख मामले अटके पड़े हैं, जिनमें लगभग 24.72 लाख करोड़ रुपये फंसे हुए हैं। यह राशि देश की जीडीपी का करीब 7.5 प्रतिशत है। यह स्थिति न केवल न्यायिक व्यवस्था की धीमी गति को उजागर करती है, बल्कि देश की आर्थिक प्रगति पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है। विडंबना यह है कि अदालतों में पहले से ही करोड़ों मामले लंबित हैं और अब न्यायाधिकरण, जिन्हें इस बोझ को कम करने के उद्देश्य से बनाया गया था, स्वयं विलंब और निष्क्रियता के शिकार बन चुके हैं। 'दक्ष' नामक थिंक टैंक की रिपोर्ट बताती है कि ये संस्थान न तो न्यायिक प्रक्रिया को तेज कर पा रहे हैं, न ही निवेशकों में भरोसा पैदा कर पा रहे हैं। विदेशी निवेश पर इसका प्रतिकूल असर पड़ना स्वाभाविक है। न्यायाधिकरणों की सबसे बड़ी समस्या है प्रशिक्षित स्टाफ और विशेषज्ञ न्यायाधीशों की कमी। कई बार इनमें नियुक्त अधिकारी आवश्यक कानूनी या तकनीकी ज्ञान से लैस नहीं होते। साथ ही, जजों और वकीलों की लापरवाही और विलंबित कार्यप्रणाली भी स्थिति को और बिगाड़ती है। उदाहरण के लिए, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल में किसी विवाद को 330 दिनों में सुलझाने का प्रावधान है, किंतु वास्तविकता यह है कि औसतन 752 दिन लग जाते हैं। दूसरी ओर, आम नागरिक को हर सुनवाई पर वकीलों की फीस, गवाहों के खर्च और यात्रा-भोजन जैसी भारी लागत झेलनी पड़ती है। इसके बावजूद न्याय की गाड़ी 'कछुआ चाल' से ही चलती है। कानून मंत्रालय पर हर साल करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, पर उसकी कार्यक्षमता का लाभ जनता तक नहीं पहुंचता। अब समय आ गया है कि न्यायिक और अर्ध-न्यायिक संस्थाओं में व्यापक सुधार किए जाएं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीक को न्याय प्रक्रिया में शामिल करना अनिवार्य हो चुका है। इससे न केवल मामलों का शीघ्र निपटान संभव होगा, बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही भी बढ़ेगी। कार पर ही आएगी!

**विभूति बुपक्या**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
**E-mail : swatantrabharat77@gmail.com**

# दिल को स्वस्थ रखने के लिए डाइट में शामिल करें सुपरफ्रूटस



हमारा दिल हमारे शरीर का सबसे जरूरी हिस्सा है, जो ब्लड सर्कुलेशन और शरीर के सभी हिस्सों तक ऑक्सीजन और पोषक तत्वों को पहुंचाने का काम करता है। दिल को स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है, ताकि हम लंबे समय तक खुशहाल जीवन जी सकें। इसके लिए हमें अपनी डाइट में कुछ खास फल शामिल करने चाहिए, जो दिल के लिए अच्छे होते हैं। ये फल हमें आवश्यक विटामिन्स, मिनरल्स, और एंटीऑक्सीडेंट प्रदान करते हैं, जो दिल की सेहत को बनाए रखते हैं। आइए जानते हैं ऐसे सुपरफ्रूट के बारे में, जो दिल को स्वस्थ रखने में मददगार साबित होते हैं।

**एवोकाडो** एवोकाडो दिल के लिए बहुत फायदेमंद है क्योंकि इसमें मोनोअनसैचुरेटेड फैट्स होते हैं, जो खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करते हैं। इसके अलावा, इसमें पोटेशियम की अच्छी मात्रा होती है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है। इसे सलाद या सैंडविच में शामिल किया जा सकता है।

**सेब** सेब में फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम करने और दिल की बीमारी के जोखिम को घटाने में मदद करते हैं। सेब में पाए जाने वाले फ्लावोनोइड्स दिल की सेहत के लिए अच्छे होते हैं और ब्लड सर्कुलेशन को सुधारते हैं।

**बेरी** जैसे स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, और रास्पबेरी दिल के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इनमें एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो हृदय रोग के जोखिम को कम करते हैं। ये फल ब्लड वेसल्स को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करते हैं।

**केला** केला पोटेशियम का एक अच्छा स्रोत है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है। इसमें फाइबर भी होता है, जो कोलेस्ट्रॉल को कम करने और दिल को स्वस्थ रखने में सहायक होता है। केला दिल के लिए एक बेहतरीन विकल्प है।

**चेरी** चेरी में एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो दिल के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। यह शरीर में सूजन को कम करने और ब्लड वेसल्स को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। चेरी खाने से हृदय रोगों का खतरा कम होता है।

**अंगूर** अंगूर में रेस्वेराट्रोल नामक एंटीऑक्सीडेंट होता है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है और ब्लड वेसल्स की सेहत को बनाए रखता है। अंगूर खाने से दिल की बीमारियों का जोखिम घटता है और शरीर की सूजन भी कम होती है।

**कीवी** कीवी में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो दिल के लिए अच्छे होते हैं। यह ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने, रक्त को गाढ़ा होने से बचाने और कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है। कीवी खाने से हृदय के कार्य में सुधार होता है।

**संतरा** संतरे में विटामिन ष्ट और फाइबर होते हैं, जो दिल के लिए बहुत अच्छे होते हैं। इसमें पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स रक्तदाब को नियंत्रित करने और हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में मदद करते हैं। संतरा एक बेहतरीन फल है, जो दिल की सेहत को बढ़ावा देता है।

**पपीता** पपीता दिल के लिए बहुत लाभकारी है, क्योंकि इसमें विटामिन सी, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने, कोलेस्ट्रॉल को कम करने और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है।

**अनार** अनार दिल के लिए बहुत फायदेमंद है, क्योंकि इसमें एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने और दिल के रोगों से बचाने में मदद करते हैं। अनार का जूस हृदय की सेहत को बढ़ावा देता है और को स्वस्थ बनाए रखता है। ये सभी फल न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि दिल की सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद हैं। इसलिए सुपर फ्रूट्स को अपनी डाइट में शामिल करें और अपने दिल को स्वस्थ रखे।

## गुणों का खजाना है करेले का जूस

कई तरह के पोषक तत्वों से भरपूर करेला किसी औषधी से कम नहीं है। इसमें विटामिन-सी, विटामिन-ए, पोटेशियम, मैग्नीशियम, आयरन, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। करेले में मौजूद मॉमॉर्डिसिन और पोलिपेप्टाइड-पी नामक एक्टिव तत्व इसे डायबिटीज के मरीजों के लिए खास बनाते हैं। यह कैलोरी में कम और डिटॉक्सिफाइंग गुणों से भरपूर होता है।

करेले का सेवन शरीर को टॉक्सिक पदार्थों को दूर करने में मदद करता है, इम्युनिटी बढ़ाता है और पाचन को भी दुरुस्त बनाए रखता है। ऐसे में इसके जूस को नियमित पीने से शरीर को अनेक फायदे मिल सकते हैं। यहां करेले का जूस पीने के फायदों के बारे में जानकारी दी गई है। आइए जानें।

**ब्लड शुगर नियंत्रण**

करेले का जूस नेचुरल रूप से इंसुलिन को एक्टिव करता है। इसमें मौजूद पोलिपेप्टाइड-पी और चारेंटिन ब्लड शुगर लेवल को कम करने में मदद करते हैं, जिससे डायबिटीज के मरीजों को फायदा मिलता है।

**पाचन में सुधार**

करेला फाइबर से भरपूर है, जो कब्ज, एसिडिटी और पेट की अन्य समस्याओं को दूर करता है। यह पाचन एंजाइम को उत्तेजित करता है, जिससे खाने का सही से पाचन हो पाता है।

**वजन घटाने में सहायक**

करेले का जूस कैलोरी में कम और फाइबर से ज्यादा भरपूर होता है। यह भूख को नियंत्रित करता है और फैट मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है।

**लिवर डिटॉक्सिफिकेशन**

करेले का जूस लिवर को साफ करता है और बाइल जूस के उत्पादन को बढ़ाकर उसकी कार्यक्षमता में सुधार करता है। यह लिवर की बीमारियों के जोखिम को कम करता है।

**त्वचा के लिए फायदेमंद**

करेले का जूस त्वचा को साफ और ग्लोइंग बनाता है। इसके एंटीबैक्टीरियल गुण एक्ने, पिंपल्स और अन्य स्किन इन्फेक्शन को कम करते हैं।



# आपकी ये आदतें आंखों को पहुंचा रही हैं गंभीर नुकसान



आंखें हमारे शरीर का अनमोल हिस्सा हैं। यह दुनिया को देखने, समझने और अनुभव करने में मदद करती हैं। इन्हें स्वस्थ रखने के लिए हमें निरंतर प्रयास करते रहने की आवश्यकता होती है। हालांकि भागदौड़ भरी जिंदगी और खराब आदतों के कारण हम अक्सर अपनी आंखों का ख्याल रखना भूल जाते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण पूरे शरीर के साथ आंखों की सेहत पर भी असर हो सकता है।

हमारी आंखें दुनिया को देखने का माध्यम हैं, लेकिन कुछ आदतें इन्हें धीरे-धीरे नुकसान पहुंचा सकती हैं। लगातार डिजिटल स्क्रीन का इस्तेमाल, गलत खानपान, और आराम की कमी जैसी आदतें आंखों के लिए गंभीर समस्याएं पैदा कर सकती हैं। अगर समय रहते इन आदतों को बदला न जाए, तो यह न केवल आपकी दृष्टि को प्रभावित कर सकती हैं, बल्कि आंखों की सेहत पर भी गहरा असर डाल सकती हैं।

**आंखों की समस्याएं**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमारी आंखें बहुत नाजुक और संवेदनशील होती हैं। यही कारण है कि इनकी देखभाल हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। कुछ आदतों को सुधारकर आप अपनी आंखों को सुरक्षित और स्वस्थ रख सकते हैं। अगर आपको आंखों में कोई परेशानी महसूस हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

आजकल बच्चों में भी कम दिखाई देने और आंखों से संबंधित कई तरह की बीमारियों का खतरा देखा जा रहा है जो उनकी क्वालिटी ऑफ लाइफ को प्रभावित करता है। इसके अलावा उम्र बढ़ने के साथ आंखों की समस्याओं का जोखिम बढ़ ही जाता है जिसको लेकर सभी को सावधानी बरतनी चाहिए।

आइए जानते हैं कि किन आदतों में **सुधार करना आपके लिए बहुत जरूरी है?**

**लंबे समय तक डिजिटल स्क्रीन का इस्तेमाल नुकसानदायक**

आजकल ज्यादातर लोग दिनभर कंप्यूटर, मोबाइल, या टीवी स्क्रीन के सामने समय बिताते हैं। लंबे समय तक स्क्रीन देखने से आंखें थकान महसूस करती हैं, जलन-खुजली हो सकती है इसे डिजिटल आई स्ट्रेन कहा जाता है। स्क्रीन पर अधिक समय बिताने से डिजिटल आई स्ट्रेन, ड्राई आई सिंड्रोम और धुंधला दिखने जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

आंखों को स्वस्थ रखने के लिए 20-20-20 नियम अपनाएं - हर 20 मिनट बाद 20 सेकंड के लिए 20 फीट दूर देखें।

**संतुलित आहार की कमी**

विटामिन और मिनरल्स की कमी से आंखों की सेहत कमजोर हो सकती है। विशेष रूप से विटामिन ए, सी, और ई का अभाव आंखों की समस्याओं का कारण बन सकता है। यदि आप स्वस्थ और पौष्टिक चीजों का सेवन नहीं करते हैं तो इसका असर आंखों पर भी होने लगता है। इस तरह की दिक्कतों से बचे रहने के लिए गाजर, पालक, ब्रोकली, और मछली जैसे पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ खाएं। ओमेगा-3 फैटी एसिड वाले फूड्स को अपनी डाइट में शामिल करें। पानी ज्यादा पिएं, जिससे आंखें हाइड्रेटेड रहें।

**पर्याप्त नींद न लेना**

नींद की कमी संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। नींद पूरी न होने सेआंखें लाल, सूजी हुई, और थकी हुई दिखती हैं। यह आपकी आंखों की कार्यक्षमता और दृष्टि पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को रोजाना कम से कम 7-8 घंटे की नींद जरूर लेनी चाहिए। सोने से पहले स्क्रीन का इस्तेमाल बंद कर दें और सोने का एक निश्चित समय तय करें। इस तरह की कुछ आदतों को सुधारकर आप अपनी आंखों को सुरक्षित और स्वस्थ रख सकते हैं।

# पुरानी खांसी का पक्का इलाज भूना हुआ अमरूद



खांसी और जुकाम के लिए भुना हुआ अमरूद लेना एक घरेलू उपाय है। विशेषज्ञ के अनुसार, भुना हुआ अमरूद पुरानी खांसी से छुटकारा पाने में काफी फायदेमंद साबित होता है। अमरूद में विटामिन सी की मात्रा अधिक होती है और अमरूद में मौजूद गुण खांसी पैदा करने वाले माइक्रोबियल को रोकते हैं। एक स्टडी के मुताबिक, सर्दी में लगने वाली खांसी में भुने हुए अमरूद के साथ उसके पत्ते भी बहुत फायदेमंद रहते हैं। अमरूद एस्कॉर्बिक एसिड और आयरन का एक भरपूर स्रोत है जो लंग कंजेशन और बलगम बनने की प्रक्रिया को कम करता है। सबसे पहले एक कच्चा अमरूद लें और याद रखिए कि अमरूद कच्चा ही होना चाहिए। इसे दो हिस्सों में काट लें और सेंधा नमक लगाकर स्टोव पर भून लें। बैंगन की तरह जब अमरूद पूरी तरह से भुन जाए,तो उसे खांसी से पीड़ित व्यक्ति को खिला दें। भुना हुआ अमरूद तीन से चार दिन तक खाएं। जिन लोगों को शुगर है उन्हें अमरूद की पत्तियों का पानी पीना चाहिए। अमरूद की नरम साफ पत्तियां लें और जरूरतानुसार पानी में उबाल लें। इस पानी का सेवन करें। यह डायबिटीज रोगियों के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है।

**फायदे :** अमरूद में विटामिन सी, विटामिन ए और फाइबर के अलावा पोटेशियम, फोलिक एसिड और एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा भरपूर होती हैं जो हमारे शरीर के लिए बहुत बढ़िया माने जाते हैं। अमरूद में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो शरीर में सूजन को कम करने में मदद करते हैं। अमरूद के सेवन से कोलेस्ट्रॉल लेवल नियंत्रित रहता है और दिल को स्वस्थ बनाए रखता है। अमरूद में फाइबर की उच्च मात्रा होती है जो पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद करता है। जिन लोगों को कब्ज की समस्या रहती हैं उन्हें काला नमक लगाकर अमरूद का सेवन जरूर करना चाहिए।

## तनाव खत्म करने के लिए करें ये योगासन

तेज रफ्तार जिंदगी में तनाव और चिंता अब आम बात हो चुकी है। काम का दबाव और पारिवारिक जिम्मेदारियां मन को बेचैन कर देते हैं। ऐसे में योग न सिर्फ शरीर को लचीलापन देता है बल्कि मन को भी शांति और स्थिरता प्रदान करता है। कुछ विशेष योगासन ऐसे हैं जो मन को गहराई से शांत करते हैं और चिंता को जड़ से मिटाने में मदद करते हैं। चिंता और तनाव मन की स्थिति हैं, लेकिन योग शरीर और आत्मा के बीच पुल का काम करता है। हर दिन सिर्फ 20 मिनट का योग आपके जीवन में गहरी शांति, सुकून और आत्मविश्वास ला सकता है।

**बालासन** - यह आसन दिमाग को ठंडक और मन को स्थिरता देता है। इससे तनाव, थकान और सिरदर्द में राहत मिलती है। बालासन के अभ्यास के लिए घुटनों के बल बैठकर सिर को जमीन पर टिकाएं और हाथ आगे की ओर फैलाएं। धीरे-धीरे गहरी सांस लें।

# खून नहीं बनता तो करें खजूर का सेवन



अगर शरीर में खून की कमी हो या हीमोग्लोबिन का लेवल कम हो, तो इसे बढ़ाने के लिए कई नेचुरल उपाय हैं। इनमें से एक सबसे असरदार उपाय है खजूर का सेवन। खजूर में भरपूर पोषक तत्व होते हैं जो शरीर में खून की कमी को पूरा करने में मदद करते हैं। चलिए जानते हैं कि खजूर कैसे खून की कमी को दूर करने में मदद करता है और इसे कैसे सही तरीके से खाया जाए।

**खजूर खाने के फायदे**

**आयरन :** खजूर में आयरन की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है। आयरन शरीर में हीमोग्लोबिन के बनने लिए जरूरी है। जब आयरन की कमी होती है तो खून का लेवल कम हो जाता है और एनीमिया हो सकता है। खजूर का नियमित सेवन आयरन की कमी को दूर करने में मदद करता है।

**विटामिन सी :** खजूर में विटामिन सी भी पाया जाता है, जो शरीर में आयरन के अवशोषण को बढ़ाता है। इसके कारण शरीर को आयरन का पूरा फायदा मिलता है, जिससे हीमोग्लोबिन के लेवल में सुधार होता है।

**पोटैशियम :** खजूर में पोटैशियम की अच्छी मात्रा होती है, जो ब्लड प्रेशर को नार्मल बनाए रखने में मदद करता है। इसके अलावा यह शरीर को एनर्जी प्रदान करने में भी सहायक होता है।

**फाइबर :** खजूर में उच्च मात्रा में फाइबर होता है, जो पाचन क्रिया को सुधारता है और कब्ज की समस्या को दूर करता है। इससे रक्त प्रवाह भी बेहतर होता है, जिससे शरीर में खून का संचार अच्छे से होता है।

**कैल्शियम और मैग्नीशियम :** खजूर में कैल्शियम और मैग्नीशियम भी होते हैं, जो हड्डियों और मांसपेशियों की मजबूती के लिए जरूरी होते हैं, साथ ही यह रक्त परिसंचरण को भी बेहतर बनाते हैं।

**कई चीजों में करता है फायदा :** खजूर आयरन से भरपूर होता है, जो ब्लड में हीमोग्लोबिन के लेवल को बढ़ाता है और एनीमिया की समस्या को दूर करता है। खजूर में फाइबर की अधिकता होती है, जिससे पाचन क्रिया दुरुस्त रहती है और कब्ज की समस्या भी दूर होती है। खजूर में नेचुरल शक्कर होती है, जो शरीर को तुरंत एनर्जी देती है। यह कमजोरी को दूर करता है और शरीर को ताजगी का अहसास कराता है।

### खजूर का सेवन ऐसे करें

1. खजूर का सेवन सबसे अच्छे तरीके से तब होता है जब आप इन्हें रात भर पानी में भिगोकर सुबह खाली पेट खाएं। इससे खजूर के पोषक तत्व शरीर द्वारा जल्दी अवशोषित होते हैं।
2. खजूर को कटा हुआ दूध में डालकर भी खाया जा सकता है। यह स्वादिष्ट होता है और शरीर को भरपूर ऊर्जा देता है। यह तरीका विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों के लिए अच्छा है।
3. खजूर को दही, नारियल पानी या दूध के साथ स्मूदी बना कर भी पी सकते हैं। यह एक स्वादिष्ट और पोषण से भरपूर तरीका है।
4. खजूर को नाश्ते के रूप में पिस्ता, बादाम और अखरोट के साथ भी खाया जा सकता है। यह एक अच्छा और हेल्दी नाश्ता बनता है जो खून की कमी को दूर करने में मदद करता है।

# खसखस को हल्के में न लें, इसका सेवन करने से मिलते हैं ये बड़े फायदे



खसखस को आमतौर पर हम मिठाइयों या व्यंजनों को सजाने के लिए इस्तेमाल करते हैं, यह सिर्फ एक मसाला नहीं है, बल्कि यह पोषक तत्वों का एक पावर हाउस है। ये छोटे-छोटे बीज अपने अंदर ऐसे औषधीय गुण समेटे हुए हैं जो आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद साबित हो सकते हैं। खसखस का सेवन अक्सर पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में बेहतर नींद, तनाव कम करने और पाचन को सुधारने के लिए किया जाता रहा है। इसमें मौजूद ओमेगा-6 फैटी एसिड, प्रोटीन, फाइबर, और कैल्शियम जैसे तत्व इसे एक सुपरफूड बनाते हैं। अगर आप भी मानते हैं कि खसखस सिर्फ स्वाद बढ़ाने के लिए है, तो आप इसके कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य लाभों से अनजान हैं। अपनी डाइट में इसे नियमित रूप से शामिल करके आप न सिर्फ अपनी हड्डियों को मजबूत बना सकते हैं, बल्कि अपने दिल और दिमाग की सेहत का भी ख्याल रख सकते हैं। इसलिए आइए इस लेख में खसखस के सेवन से होने वाले चार बड़े फायदों के बारे में जानते हैं।

**बेहतर नींद और तनाव से राहत**

खसखस में प्राकृतिक रूप से कुछ ऐसे यौगिक होते हैं जो दिमाग को शांत करने और नींद लाने में मदद करते हैं। अगर आप अनिद्रा या तनाव से परेशान हैं, तो रात में सोने से पहले खसखस का सेवन बहुत फायदेमंद हो सकता है।

# काम को अंत तक खींचने की है आदत? लोगों में बढ़ा रही है प्रोक्रेस्टिनेशन की समस्या



क्या आप भी उन लोगों में से हैं जो काम को अंतिम समय तक टालते रहते हैं? अगर हां, तो आप अकेले नहीं हैं। काम को टालने की इस आदत को प्रोक्रेस्टिनेशन कहा जाता है, और यह आजकल एक आम समस्या बन गई है, जिसने हमारी उत्पादकता और मानसिक सेहत दोनों पर नकारात्मक असर डाला है। यह सिर्फ आलस नहीं है, बल्कि इसके पीछे कई मनोवैज्ञानिक कारण होते हैं, जैसे अपूर्णता का भय, तनाव का प्रबंधन न कर पाना, या काम को बहुत मुश्किल समझना। सोशल मीडिया और डिजिटल डिस्ट्रैक्शन ने इस समस्या को और भी बढ़ा दिया है, जहां लोग जरूरी काम को छोड़कर तुरंत मिलने वाले %डोपामिन हिट% के लिए रील या वीडियो देखने लगते हैं। इस आदत के कारण काम का बोझ बढ़ता जाता है, जिससे अंत में बहुत ज्यादा तनाव और चिंता पैदा होती है। यह एक ऐसा खराब साइकिल है जो न केवल आपकी व्यक्तिगत और पेशेवर जिंदगी को प्रभावित करता है, बल्कि आपकी सेहत को भी नुकसान पहुंचाता है। प्रोक्रेस्टिनेशन की समस्या पर ध्यान देना और इसे समझना जरूरी है, क्योंकि यह आपके मानसिक स्वास्थ्य और भविष्य की सफलता के लिए एक बड़ी बाधा बन सकता है।

**परफेक्शन और डर का जाल**

प्रोक्रेस्टिनेशन का एक बड़ा कारण परफेक्शन का डर है। बहुत से लोग काम को तब तक शुरू नहीं करते जब तक वे उसे पूरी तरह से सही करने के लिए तैयार न हों। यह डर उन्हें काम शुरू करने से ही रोक देता है। वे सोचते हैं कि अगर वे परफेक्ट नहीं कर पाए, तो वे असफल हो जाएंगे, जिससे काम टल जाता है।

**थकान और ऊर्जा की कमी**

आज की लाइफस्टाइल में लगातार काम और तनाव के कारण लोग मानसिक और शारीरिक रूप से थक जाते हैं। इस थकान के कारण, दिमाग ऐसे कामों से बचना चाहता है जिनमें ज्यादा ऊर्जा या प्रयास की जरूरत होती है। इस वजह से वह उन कामों को टाल देता है, जिससे थकान का चक्र और भी मजबूत होता जाता है।

**डिजिटल डिस्ट्रैक्शन का बढ़ता प्रभाव**

स्मार्टफोन और सोशल मीडिया ने हमारे दिमाग को इंस्टेंट ग्रैटिफिकेशन (तुरंत संतुष्टि) की आदत डाल दी है। जब हमें कोई मुश्किल काम करना होता है, तो दिमाग उसे टालकर सोशल मीडिया स्क्रॉलिंग या वीडियो देखने जैसे आसान और तुरंत खुशी देने वाले काम में लग जाता है, जिससे प्रोक्रेस्टिनेशन की समस्या बढ़ जाती है।

**सेल्फ-रेगुलेशन और आदत को बदलना**-प्रोक्रेस्टिनेशन से लड़ने के लिए आपको अपने दिमाग को छोटे-छोटे काम करने की आदत डालनी होगी। बड़े काम को छोटे हिस्सों में बांट लें और एक बार में एक ही हिस्से पर ध्यान दें। पोमोडोरो टेक्नीक (25 मिनट काम, 5 मिनट ब्रेक) जैसी तकनीकें इसमें बहुत कारगर साबित होती हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते शरद ऋतौ कार्तिक मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, एकादशी तिथौ शुक्र वासरे 11/13/ मघा नक्षत्रे 13/58/ शुक्ल योग 25/49/ बालव करणे 11/18/ सिंह राशिगत चन्द्रमा घं. मि.पर।

व्रत एवं त्यौहार- रम्भा एकादशी। गोवत्स पूजा।

**मेष :** अधिकारी की अनुकूलता और विशेष परामर्श की चर्चा होगी। किसी स्थाई आवश्यकता के लिए खर्चा करेंगे।

**वृष :** अध्ययन मनन व बौद्धिक गतिविधियों में रुचि लेंगे। कार्यों में गति आएगी। बुजुर्गों के प्रति उत्तरदायी पूरे होंगे।

**मिथुन :** लाभ मार्ग अवरुद्ध रहेगा। अल्प लाभ की प्राप्ति हो जाएगी। मान सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क :** निकट के मित्रों से मेलजोल होगा। विभिन्न स्रोतों से धन पाने की संभावना है। आयोजनों पर अपव्यय से बचें।

**सिंह :** आयोजन में किसी षड्यंत्र तथा दुर्घटना संबंधी सावधानियां आवश्यक है। बढ़ते व्यय की चिंताओं से ग्रसित रहेंगे।

**कन्या :** विभिन्न बाधाओं के कारण तथा सूझबूझ के अभाव में अधिक व्यय का पश्चाताप रहेगा। शान्ति से काम करें।

**तुला :** जीवनसाथी से तनावपूर्ण संबंध रहेगा। यदि दूरदर्शी तरह से कार्य करेंगे तो व्यवसाय में अच्छी सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक :** संदेह और संकोच नष्ट होंगे। नवीन योजना के प्रति उत्साह प्रबल होगा। मनस्ताप भी समाप्त होगा।

**धनु :** कामों में गलतियां खोजी जा सकती हैं। भविष्य का मार्ग स्पष्ट होगा। किसी घटना चक्र के कारण जिम्मेदरी बढ़ेगी।

**मकर :** व्यापार व्यवसाय में हानि हो सकती है। बढ़ते व्यय तथा संतान संबंधी समस्याएं महत्वपूर्ण होंगी।

**कुंभ :** अनुमान से अधिक खर्चा होगा। परिश्रम बढ़ेगा। विरोधियों और अवरोधों की प्रधानता रहेगी। निकट संबंधियों से प्रेम करें।

**मीन :** सामाजिक परिवर्तनों के प्रति विश्वास बढ़ेगा। विविध सांसारिक सुखों को प्राप्त करने की तत्परता बढ़ेगी।

## खबर एक नजर

### विजन 2047 शताब्दी महाअभियान विषय पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

बछरावां रायबरेली। बछरावां नगर पंचायत के नवीन कार्यालय के सभागार में अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत अध्यक्ष सभासद गण और प्रबुद्ध जनों द्वारा उपस्थिति में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा विकसित उत्तर प्रदेश 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महाअभियान के तहत एक विराट जन आंदोलन का रूप देना है। जन-जन को जोड़ने का आवाहन किया गया। इसी क्रम में पूर्व में मुख्यमंत्री द्वारा 29 सितंबर 2025 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समस्त जनप्रतिनिधियों के साथ इस विषय पर संवाद किया गया था। इस संगोष्ठी के कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह राम जी, अधिशासी अधिकारी राम अशीष वर्मा, वरिष्ठ सभासद ज्ञान चौधरी, नदीम, आशीष कुमार उर्फ बॉबी, शंभु, सतीश तिवारी और सैकड़ों बछरावां के प्रबुद्ध जन और नागरिक उपस्थित रहे।

### मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के तहत निबंध प्रतियोगिता आयोजित

लालगंज, रायबरेली। बैसवारा महाविद्यालय में मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के तहत निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में छात्रा श्रद्धा यादव ने पहला, अनुराधा सिंह ने दूसरा और शगुन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को शिक्षकों ने सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की रूपरेखा सहायक आचार्य भूगोल डॉ वीरेंद्र कुमार यादव ने प्रस्तुत की। उन्होंने महिला स्वावलंबन और सामाजिक समानता पर जोर दिया। संगोष्ठी में डॉ नवीन कुमार विश्वकर्मा, प्रो शैलेंद्र कुमार सिंह, डॉ नीलम शुक्ला और डॉ इंदु त्रिपाठी ने मिशन शक्ति फेज-5 के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो निरंजन राय ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि पुरुषों को आत्मावलोकन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारा व्यवहार सदैव सामाजिक मूल्यों के अनुरूप होना चाहिए। भारतीय संस्कृति में नारी सम्मान का विशेष स्थान रहा है। प्रबंधक देवेंद्र बहादुर सिंह ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि परिवार का वातावरण और व्यवहार सही होना चाहिए। बदलाव हमें स्वयं से शुरू करना होगा। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी डॉ रमेश चंद्र यादव ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### पालतू कुत्ते की पीटकर हत्या का आरोप

लालगंज, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के मेरुई गांव में रंजिश के चलते एक महिला के पालतू कुत्ते को पीट-पीटकर मार डालने का मामला सामने आया है। गांव निवासी रीतू शर्मा ने गांव के ही पांच लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पीड़िता के अनुसार आरोपियों से उसकी पुरानी रंजिश चल रही है। मंगलवार को विवाद के दौरान आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए उससे मारपीट की। जिसमें उसकी बेटी अदिति शर्मा घायल हो गई। रीतू शर्मा के मुताबिक वह बेटी का इलाज कराने जिला अस्पताल गई हुई थी। तभी आरोपियों ने उसके पालतू कुत्ते को लाठी डंडों से पीट दिया। बुधवार की सुबह जब वह घायल कुत्ते को लेकर कोतवाली पहुंची, तो गेट के सामने ही कुत्ते की मौत हो गई। महिला ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### निवेश को बेहतर बनाने पर दिया जोर

रायबरेली। -टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने चंडीगढ़ में टीएमएसएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के तहत नया आउटलेट खोला। तदाशी असाजुमा ने कहा ग्राहकों को भरोसेमंद प्री-ओन्ड कार अनुभव देना हमारा लक्ष्य है।

-वज़ीरएक्स, सिंगापुर की अदालत ने Zettai Pte Ltd. की वज़ीरएक्स पुनर्गठन योजना को मंजूरी दी। निश्चल शेट्टी ने कहा 10 कार्यदिवसों में प्लेटफॉर्म फिर से शुरू होगा।

-स्मोकफ्री इंडिया ने सीओपी11 से युवाओं में तंबाकू सेवन रोकने के लिए त्वरित कार्रवाई की अपील की। डॉ पवन गुप्ता ने कहा तंबाकू से होने वाला नुकसान जीवनभर बना रहता है।

-एनपीसीआई ने त्योहारों पर डिजिटल भुगतान सुरक्षित रखने के लिए पाँच टिप्स जारी कीं। उपयोगकर्ताओं को सलाह दी, रुकें, सोचें और फिर भुगतान करें।

-अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 ने रचा नया इतिहास। 276 करोड़ ग्राहक विजिट्स के साथ तोड़े सभी रिकॉर्ड, जिनमें से 70प्रतिशत ग्राहक टियर 2 और 3 शहरों से रहे।

-सौरभ श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अमेजन इंडिया ने बताया कि इस वर्ष ग्राहकों ने 1.000 करोड़ रुपये से अधिक की बचत की और लाखों विक्रेताओं व छोटे व्यवसायों को जबरदस्त वृद्धि मिली।

### रजिस्ट्री के टिकट बढ़ाकर फरियादियों पर लगाम-ओपी यादव

रायबरेली। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजवादी नेता ओपी यादव ने कहा कि वैसे तो भाजपा की डबल इंजन सरकार में किसी की सुनी नहीं जाती है। कर्मचारी से लेकर अधिकारी तक किसी भी पटल परखर्च रिश्वत के कोई पत्रावली या प्रार्थना-पत्र आगे बढ़ता ही नहीं, लेकिन पीड़ित पक्ष की जब कोई नहीं सुनता, कोई उसकी बिना पैसे के तहरीर लेने को तैयार नहीं होता तो वह मजबूर होकर रजिस्ट्री के माध्यम से अपनी शिकायत भेजकर अपने दिल को तसल्ली दे देता था कि शायद किसी ईमानदार कर्मचारी, अधिकारी के हाथ शिकायती तहरीर लग जाये तो उसे न्याय मिल जाय, इसी उम्मीद पर वह रजिस्ट्री के जरिए अपनी शिकायत दर्ज करा लेता था, परन्तु भाजपा की डबल इंजन सरकार को यह भी गंवारा नहीं हुआ। फरियादियों की संख्या कम करने के लिए भारत सरकार ने रजिस्ट्री के टिकट के दाम बढ़ाकर फरियादियों पर ही लगाम लगा दी है, जो रजिस्ट्री सामान्य रूप से 26 रूपये में होती थी, उस रजिस्ट्री के टिकट के दाम बढ़ाकर 63 रूपये कर दिए गए हैं। सरकार का यह फैसला 01 अक्टूबर 2025 से प्रभावी हो गया है। देश के हर पोस्ट आफिस में रजिस्ट्री के पंजीकरण की संख्या में भारी गिरावट आ गयी है। श्री यादव ने कहा कि जिस देश की 140 करोड़ जनता में से 85 करोड़ जनता को प्रतिमाह 5 किलो राशन देकर उसका पेट भरने का सरकार प्रयास करती है। ऐसी कमजोर अर्थव्यवस्था के देश के गरीब, मजलूम लोगों से रजिस्ट्री के दाम बढ़ाकर उन्हें न्याय से वंचित किया जा रहा है। श्री यादव ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर मांग की है कि इस प्रकरण का संज्ञान लेकर रजिस्ट्री के टिकटों के बढ़े दाम वापस लिए जाय।

### 200 पंचायत सहायकों एवं खंड प्रेरकों के साथ आयोजित कार्यक्रम सम्पन्न

रायबरेली। उपयुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया कि जीआईसी ग्राउंड द्वितीय रायबरेली में यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश पर पंचायती राज विभाग द्वारा स्वच्छ भारत मिशन पर लगभग 200 पंचायत सहायकों एवं खंड प्रेरकों की उपस्थिति में जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह द्वारा कार्यक्रम आयोजित कराया गया, जिसमें पंचायत भवन, पंचायत सहायकों द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं सुविधाओं जिसमें विशेष रूप से शौचालय के निर्माण एवं उसके प्रयोग के बारे में जनमानस को जागरूक किया गया एवं जानकारी दी गयी। राहुल सिंह एवं प्रेरित कटियार द्वारा संयुक्त रूप से विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर उपयुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने कहा कि सभी पंचायत सहायक एवं खंड प्रेरक आज इस यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला में भ्रमण कर सामग्री की खरीद करें साथ ही अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में आम जनमानस के बीच इस ट्रेड शो का व्यापक प्रचार-प्रसार करें जिससे ग्रामीण क्षेत्र वासी भी इस मेले का हिस्सा बन सकें और अपनी ज़रूरत की वस्तुएं खरीद सकें। उन्होंने कहा कि 18 अक्टूबर तक यह स्वदेशी मेला संचालित रहेगा जिसमें विभिन्न स्टालों पर जनपद में महिला समूहों द्वारा निर्मित सामग्री के स्टाल लगाए गए हैं।

## एक कदम गांधी के साथ पदयात्रा रायबरेली शहर पहुंची तथा शहीद स्मारक पर शहीद किसानों को याद किया

### दिन 14, एक कदम गांधी के साथ, वाराणसी राजघाट से दिल्ली राजघाट तक



स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली। गांधी जयंती के अवसर पर बनारस से शुरु हुई एक कदम गांधी के साथ पदयात्रा 14वे दिन बुधवार को रायबरेली शहर पहुँची। संविधान, लोकतंत्र और बंधुत्व की पुकार लिए यह यात्रा जब रायबरेली की सड़कों पर पहुँची तो स्थानीय युवाओं, विद्यार्थियों, महिला समूहों तथा नागरिकों ने बड़े उत्साह के साथ इसका स्वागत किया। अपने संकल्प के साथ बनारस से निकली यात्रा मंगलवार को प्रतापगढ़ कुंडा के रास्ते ऊंचाहार से जिले में प्रवेश की थी, इसके बाद आज सुबह यह पदयात्रा जगतपुर होते हुए यात्रा दरियापुर चौराहा, मुंशीगंज पर पहुंची जहां पर धर्मेंद्र यादव के नेतृत्व में उनकी टीम ने पदयात्रियों का स्वागत एवं भोजन की व्यवस्था की। पदयात्रा दोपहर विश्राम के बाद मुंशीगंज स्थित शहीद स्मारक पहुंची और आजादी के लड़ाई में शहीद किसानों के साहस और बलिदान को याद किया गया। इसके बाद यात्रा शहर में राणा बेनी माधव के स्मारक पर माल्यार्पण करते हुए शहीद चौक डिग्री कॉलेज पहुँची। इसके बाद कचेहरी रोड होते हुए यात्रा अंबेडकर चौक पहुँची यहां पर डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद यात्रा घण्टाघर, तिलक भवन, बस स्टॉप, कहारो के अड्डा, जहानाबाद, स्वराज नगर, रायपुर होते हुए त्रिपुला पहुँचे। यात्रा के दौरान सिविल लाइन पर रामु दादा एवं इंद्रमोहन सिंह के नेतृत्व मे स्वागत किया गया। सुपर मार्केट मे गुरुद्वारा सभा, तिलक भवन मे पंकज त्रिपाठी के नेतृत्व मेए कैपरगंज मे सभासद सुफि यान खानके नेतृत्व मे, कहारो के अड्डा पर रज्जू खान द्वारा, मो हासिम के नेतृत्व, रायपुर मे सूरज सोनकर के नेतृत्व मे स्वागत किया गया। साथ ही गंगागंज मे राहुल बाजपेई के नेतृत्व स्वागत एवं जलपान कराया गया, राही ब्लॉक प्रमुख धर्मेद्र यादव उर्फराजू ने यात्रा का स्वागत किया। इसके अलावा किसान नेता पुष्कर पाल के नेतृत्व मे पदयात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। रामू दादा ने पदयात्रियों को शुभकामना देते हुए पदयात्रा के उद्देश्यों से एकजुटता प्रकट की।

उन्होंने कहा कि सद्भाव, समानता और लोकतंत्र सिर्फ भारत ही नहीं, पूरी दुनिया की जरूरत हैं। रात्रि पड़ाव पर स्वराज अभियान की प्रदेश अध्यक्षा एडवोकेट अर्चना एवं एडवोकेट राम विलास यादव के संयोजन में नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर द्वारा पदयात्रा में शामिल सभी साथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। यात्रा के दौरान विभिन्न चौराहों पर पदयात्रियों ने लोगों से संवाद स्थापित किया तथा वर्तमान की चुनौतियों पर जन सहमति बनी। आज देश में सबसे बड़ी आवश्यकता है प्रेम, सद्भाव और लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाए रखने की। यही गांधी की राह है, और यही इस पदयात्रा का उद्देश्य। एक कदम गांधी के साथ पदयात्रा आगे भी अपने संदेश को गाँवों और कस्बों तक पहुँचाती रहेगी, ताकि हर व्यक्ति में यह विश्वास जागृत हो कि भारत का भविष्य तभी सुरक्षित है जब हम अपने संविधान और साझा विरासत की रक्षा करेंगे। इस यात्रा में देश के 19 प्रदेशों के पदयात्री और सहयोगी शामिल हुए हैं। तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा, असम, त्रिपुराए मध्य प्रदेश, गुजरात, झारखंड, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल के साथी पदयात्री दल में शामिल हैं।

#### प्रमुख प्रतिभागी

कार्यक्रम में पदयात्री अरविंद कुशवाहा, अरविंद अंजुम, रामधीरज, सोमनाथ रोड़े, रमेश दाने, शिवए लता ताई, बेबी वाईकर, माया ढंडे, नंदलाल मास्टर, श्यामधर तिवारी, सरिता बहन, डॉ जीतेन नंदी, ध्रुव, विद्याधर, जोखन यादव, सिस्टर फ्लोरीन, निधि, अंतर्यामी बरल, जगदीश कुमार, समाजवादी जन परिषद के ओडिशा प्रदेश अध्यक्ष राज किशोर तथा सुमंत सुनानी, अनोखेलाल, अनिल, मुस्तफा, रेणु, सरोज, कविता, पूजा, सीता, माधुरी शामिल हुए। इसके अलावा गौरव पुरोहित, विवेक मिश्रा, सौरभ त्रिपाठी, अलीबा, प्रवीण वर्मा, नीरज राय, नितिन कुमार, राहुल शर्मा, विकास कुमार, ईश्वरचंद्र, महेश, माणिकचंद, आर्यभट्ट महंत, सचिन, शिराज़ अहमद और स्थानियों समेत 100 से अधिक लोग मौजूद रहे। स्थानीय लोगों में अर्चना, पंकज त्रिपाठी, मोहम्मद हाशिम, वीके शुक्ला, शिव प्रताप, इंद्रेश, रामविलास, ललित आदि शामिल हुए।

## दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी में आरेडिका स्टाल का जीएम ने किया उद्घाटन, दिखाया तकनीकी कौशल



स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज, रायबरेली। दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रही अंतरराष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी आईआरईई के पहले दिन आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने आरेडिका के स्टॉल का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। देश विदेश से आए प्रतिभागियों से तकनीकी नवाचारों पर चर्चा की। यह प्रदर्शनी वर्ष 1990 में शुरू हुई थी और अब इसे भारतीय उद्योग परिसंघ सीआईआई रेल मंत्रालय के सहयोग से आयोजित करता है। इस वर्ष के आयोजन में 15 से अधिक देशों के 450 से ज्यादा प्रदर्शक शामिल हैं। रेल और मेट्रो क्षेत्र की अत्याधुनिक तकनीकों और सेवाओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। आरेडिका की टीम ने इस प्रदर्शनी में रेलवे कोच निर्माण में उपयोग होने वाले उपकरणों और तकनीकी क्षमताओं को प्रदर्शित किया। महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने सहयोगी कंपनियों के स्टॉलों का भ्रमण कर उनके उत्पादों की जानकारी ली। उन्होंने यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए कोचों में नवाचार की संभावनाओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आरेडिका इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में सक्रिय भागीदारी कर अपनी तकनीकी दक्षता और भारतीय रेलवे की प्रगति को आगे बढ़ाता रहेगा। इस अवसर पर विजय कुमार, आरएन तिवारी, सीएस श्याम, संजय निगम, एके अग्निहोत्री, अनिल श्रीवास्तव, केके श्रीवास्तव, आलोक कुमार, अंगद सिंह कुशवाहा, श्रीराम सिंह और धर्मेंद्र कुमार सहित आरेडिका के कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## ग्राम प्रधान ने अपने पति और रिश्तेदार की फर्म को कर दिया 55 लाख का भुगतान

### जिलाधिकारी के निर्देश पर जांच टीम गठित

स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली। ऊंचाहार ब्लाक की ग्राम पंचायत सवैया धनी में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। आरोप है कि ग्राम प्रधान ने अपने आगे संबंधियों के फर्म को करीब 56 लाख रुपए का भुगतान कर दिया है। मामले का खुलासा तब हुआ जब इसकी शिकायत हुई है। डीएम ने इसकी जांच के लिए टीम गठित की है। बताया जाता है कि पूरा मामला वित्तीय वर्ष 2021-22 का है। गांव की महिला प्रधान संगीता के पति शिव भूषण मौर्य के नाम दो फर्म है।

जिसमें आयुष इंटरप्राइजेज और एसबी इंटरप्राइजेज का संचालन उनके पति करते हैं। इसी के साथ जेके इंटरप्राइजेज नामक एक अन्य फर्म का संचालन प्रधान के भांजे करते हैं। आरोप है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में इन फर्मों को मनरेगा, राज्य वित्त और केंद्रीय वित्त से करीब 56 लाख रूपये का भुगतान किया गया है, जो नियम विरुद्ध है। इस बात की शिकायत क्षेत्र के शहजादपुर गांव निवासी शत्रुघ्न सिंह ने जिलाधिकारी समेत उच्चाधिकारियों से की तो विभाग में हड़कंप मच गया। इसमें जिलाधिकारी ने उपायुक्त मनरेगा और सहायक अभियंता लघु सिंचाई की दो सदस्यीय टीम गठित करके जांच का निर्देश दिया है।

#### लगातार हो रहा भुगतान

इस मामले में बताया जाता है कि शिकायत के बावजूद लगातार सगे संबंधियों के खाते में सरकारी धन का भुगतान किया जा रहा है। चालू वित्तीय वर्ष में भी भुगतान हुआ है। इस प्रकार से सारे नियमों को ताक पर रखकर सरकारी धन का बंदरबांट किया गया है।

#### कुछ भी नियम विरुद्ध नहीं

पूरे प्रकरण में प्रधान के पति शिवभूषण मौर्य का कहना है कि उन्होंने कुछ भी नियम विरुद्ध नहीं किया है। सन 2022 में शासन से यह निर्देश हुआ है कि ग्राम प्रधान अपने सगे संबंधितों की फर्म को भुगतान नहीं कर सकते हैं। जबकि यह सारे भुगतान उससे पहले हुए है, जो नियम संगत है।

#### नहीं आई जांच टीम

इस मामले में जांच के लिए गुरुवार को टीम को आना था। टीम ने शिकायत कर्ता शत्रुघ्न सिंह को भी इस बारे में सूचित किया था, किंतु नियत तिथि और समय पर जांच टीम ब्लॉक मुख्यालय नहीं पहुंची, जहां पर शिकायत कर्ता समेत लोग दिन भर टीम का इंतजार करते रहे।

## एफडीडीआई टीम ने की काउंसलिंग, छात्रों को दिखाया लेदर टेक्नोलॉजी में सुनहरा भविष्य



स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज, रायबरेली। कस्बे के बैसवारा इंटर कॉलेज में बृहस्पतिवार को एफ डीडीआई संस्थान की टीम ने इंटरमीडिएट के छात्रों को करियर काउंसलिंग दी। पदाधिकारी मुकेश सैनी, वीके सिंह और काउंसलर शालिनी ने छात्रों को लेदर टेक्नोलॉजी में भविष्य की संभावनाओं के बारे में बताया। काउंसलर शालिनी ने कहा कि ओबीसी और सामान्य वर्ग के छात्रों को प्रतिवर्ष 35 से 40 हजार रुपये तक की छात्रवृत्ति मिलती है, जिससे फीस का बड़ा हिस्सा कवर हो जाता है। वहीं एससी-एसटी वर्ग के छात्रों के लिए पूरा कोर्स निशुल्क है। संस्थान में कैंपस सिलेक्शन की सुविधा भी दी जाती है,

साथ ही मेक इन इंडिया योजना के तहत स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए बैंक लोन की सुविधा उपलब्ध है। काउंसलिंग के बाद कई छात्रों ने इंटरमीडिएट के बाद एफ डीडीआई में प्रवेश लेने की इच्छा जताई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ नरेंद्र बहादुर सिंह, वीरेंद्र कुमार शुक्ला, डॉ शालिनी, कनकलता और प्रियांशी मौजूद रहीं।

## सियासत में बढ़ता कद, कांग्रेस ने बढाया ओहदा, दिल्ली में हुई बैठक के बाद फैसला

### पंचायत चुनाव जीत के साथ राजनीतिक पारी की शुरुआत करने वाले संदीप चौधरी का डलमऊ है पैतृक स्थान



स्वतंत्र भारत संवाददाता, डलमऊ रायबरेली। उत्तर प्रदेश की सियासत में राजनीतिक जमीन मजबूत करने के लिए कांग्रेस पार्टी नित नए आयाम जूटाने को लेकर पार्टी के कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां से नवाज रही है। जनपद के विकासखंड डलमऊ की सरजमी से ताल्लुक रखने वाले भूतपूर्व जिला पंचायत सदस्य संदीप चौधरी के कंधों पर कांग्रेस पार्टी ने पूर्व में ओबीसी जिला अध्यक्ष के बाद ओबीसी प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी सौंफ रखी थी किंतु दिल्ली में हुई ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की बैठक में फैसला लिया गया और संदीप चौधरी को ओबीसी कांग्रेस कमेटी का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिससे उनके विरोधियों मे सियासी जलन है तो उससे कहीं ज्यादा उनके चाहने वालों में हर्ष व्याप्त है। क्योंकि जिला पंचायत चुनाव जीतने के बाद राजनीति में पदार्पण करने वाले संदीप चौधरी का चेहरा किसी परिचय का मोहताज नहीं है।

सूत्रों की माने तो जनपद में प्रियंका गांधी वाड्रा के करीबियों में से एक संदीप चौधरी गांधी परिवार के करीबी माने जाते। राजनीतिक लोगों का मानना है कि पंचायत चुनाव के नजरिए से कांग्रेस पार्टी के द्वारा संदीप चौधरी का कद बढ़ाया गया।

कुछ माह पूर्व हुए कार्यकर्ता सम्मेलन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी डलमऊ पहुंचे थे जहां पर संदीप चौधरी की मंच पर उपस्थिति थीं लेकिन स्थानीय मीडिया कर्मियों को प्रवेश न मिलने के बाद संदीप चौधरी ने मीडिया से रूबरू होते हुए पार्टी के कुछ लोगों को ही आडे हाथों लेते हुए स्थानीय पत्रकारों को प्रवेश न दिए जाने पर नाराजगी जाहिर की थी और ऐसे लोगों को पार्टी के हित में ना खड़े रहने वालों की श्रेणी में रखा था। संदीप चौधरी की इसी तीखी तल्की की वजह से आवाम और पार्टी के बीच मजबूत वक्ता के तौर पर भी जाना व पहचाना जाता। हमारे संवाददाता से रूबरू होते हुए श्री चौधरी ने कहा पार्टी ने जिस जिम्मेदारी का निर्वहन करने का दायित्व संभाला है वह अधिकार पूर्ण है और पार्टी के इस भरोसे को कायम रखने के लिए मैं अपना पूर्ण समर्पण जनता के बीच स्थापित कर पार्टी की नीतियों का बखान करने का काम करूंगा और अपने महबूब नेता राहुल गांधी के कंधों को मजबूत करने का काम उत्तर प्रदेश की जनता के साथ हम सभी पार्टी के पदाधिकारी करेंगे।

## एसओजी प्रभारी पर धमकाकर तीन लाख रूपये वसूलने का आरोप, महिला ने एसपी से लगाई गुहार

स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली। जिले में अपराधियों के गठित एसओजी पर बड़ा गंभीर आरोप लगा है। एसओजी द्वारा दो दिन पूर्ण पकड़े गए गांजा के आरोपित की पत्नी ने एसओजी प्रभारी पर धमकाकर वसूली करने और रुपया न देने पर झूठे मुकदमे दर्ज करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उसके पति को पहाड़कर तीन लाख रूपये की वसूली की गई है। पीड़िता ने एसपी से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरे अयोध्या निवासिनी पूजा यादव पत्नी जयकिशन उर्फ चमन ने आरोप लगाया कि बीते सोमवार को रिश्तेदार वीरेंद्र यादव की पत्नी का इलाज कराने लखनऊ गए थे, जहां से वापस आते समय रास्ते में टोल प्लाजा के पास एसओजी की टीम ने उन्हें रोक लिया, उसके बाद किशन को जबरन गाड़ी में बैठा लिया गया। जहां से उन्हें पुलिस लाइन लाया गया। वहां से महिला के पति द्वारा व्हाट्सएप काल करवाया गया और बताया गया कि पांच लाख रूपये दोगे तभी उन्हें छोड़ा जाएगा। परेशान महिला और उनके रिश्तेदारों ने किसी तरह तीन लाख रुपए का जुगाड किया और एक रिश्तेदार के माध्यम से उसे पुलिस लाइन भेजवाया गया। आरोप है कि वहां पर रुपए ले लिए गए।

इसके बाद महिला के पति के पास से आठ किलो गांजा बरामद दिखाकर जेल भेज दिया गया। महिला का कहना है कि एसओजी प्रभारी द्वारा इससे पूर्व भी कई बार धमका कर उससे रुपए की वसूली की गई है। यही नहीं रुपया न देने पर विभिन्न थानों में उसके पति के ऊपर गांजा तस्करी का झूठा मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़िता ने मामले में पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। जिसमें उसने कहा है कि उसका पूरा परिवार एसओजी प्रभारी से परेशान है। महिला ने एसपी से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## डीएम ने संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को दिए निर्देश

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तृतीय की प्रथम साप्ताहिक समीक्षा बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी ने ब्लॉकवार समीक्षा करते हुए शिवगढ़ और हरचंदपुर की कम प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा द्वारा 05 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक संचालित किए जाने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान दस्तक अभियान तृतीय की प्रथम साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि संचारी रोग एवं दस्तक अभियान में सभी अन्य सहयोगी विभागो के द्वारा भी कार्यवाही संपादित कराई गई है। जिनमें पंचायत राज विभाग द्वारा झाड़ियों की कटान तथा हैंडपंप रिपेयर कराना, उथले हैंडपंप चिन्हित कराना। शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों में विभिन्न प्रतियोगिता द्वारा जन जागरूक अभियान, नगर विकास विभाग द्वारा वार्डों में फागिंग, एंटी लार्वा छिड़काव, कूड़ा उठान, नाला-नालियों की साफ -सफ ाई, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 08 विकास खंडों में प्रचार प्रसार कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगले साप्ताहिक बैठक तक प्रत्येक दशा में शत-प्रतिशत कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाए। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश यादव, जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चंद्र यादव, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डीएस अस्थाना, एईएसजेई कंसल्टेंट के अलावा समस्त अधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, जिला एपिडमोलॉजिस्ट डा ऋषि बागची, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, यूनिसेफ से वंदना त्रिपाठी, डब्लूएचओ से डा सीएल पटेल, मलेरिया निरीक्षक मो आतिफ, सुमित, हिमालय, नीलम, प्रयोगशाला तकनीशियन राजेश मिश्रा समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका-नगर पंचायत एव अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बिजली के पोल में मारी टक्कर, 20 घंटे गायब रही आधे लालगंज की बिजली




स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज, रायबरेली। कस्बे के मेन रोड पर बुधवार की देर रात एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो बिजली के पोल से टकरा गई। जोरदार टक्कर से पोल टूटकर लटक गया और आसपास अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि वाहन सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। पोल टूट जाने के कारण नगर में करीब 20 घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रही। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक करीब 12.15 बजे करुणा बाजार चौराहे की ओर से आ रही नई स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे लोहे के पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और स्टीयरिंग जाम हो गई। उधर विद्युत फुल टूट जाने के करण करीब 15 हजार आबादी की विद्युत आपूर्ति 17 घंटे प्रभावित रही। बिजली विभाग के जेई दीपक कुमार ने बताया कि पोल टूटने से तार झूल गए थे। जिन्हें ठीक करने का काम शुरू कर दिया गया है। श्याम करीब 5 बजे विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। बताया कि विभाग को करीब 35 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि हादसे में किसी को चोट नहीं आई है। वाहन को कब्जे में लेकर कोतवाली लाया गया है।

# रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्यों की प्रगति देखने पहुंचे डीआरएम




**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बाराबंकी रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है। इस योजना के तहत स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं और बेहतर यात्री इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस किया जा रहा है। यह उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के उन 40 प्रमुख स्टेशनों में से एक है, जिनका विकास इस योजना के अंतर्गत हो रहा है।लखनऊ मंडल के डीआरएम सुनील कुमार वर्मा ने आज बाराबंकी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए।डीआरएम ने बताया कि बाराबंकी स्टेशन पर नई बिल्डिंग का आधा ढाँचा तैयार हो चुका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट नहीं है, इसलिए स्टेशन को चालू रखते हुए निर्माण कार्य किया जा रहा है। उनका लक्ष्य है कि यह काम जल्द पूरा हो, ताकि यात्रियों को नई बिल्डिंग की सुविधाएं मिल सकें।डीआरएम वर्मा ने यह भी बताया कि लखनऊ मंडल में लगभग 40 स्टेशनों पर अमृत भारत योजना के तहत विकास कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि वे यहाँ कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने और उन्हें शीघ्र पूरा करने के लिए आवश्यक निर्णय लेने आए हैं।निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवालों के जवाब में डीआरएम ने आश्वस्त किया कि किसी भी स्थिति में घटिया सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसी कोई शिकायत मिलती है, तो वे संबंधित अधिकारियों को उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री के उपयोग के निर्देश देंगे।

# टेट को लेकर शिक्षकों ने जताया विरोध

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी।** टेट संबंधी वर्तमान प्रकरण को लेकर अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में देश के विभिन्न शिक्षक ,कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ वृहद आंदोलन किए जाने को लेकर दिल्ली में विचार विमर्श वर्तमान में जारी है। इसी समस्या को लेकर गुरुवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र हैदरगढ़ पर शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। जिला उपाध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता ने कहा जिस प्रकार खेल खेलने के बाद नियमों में कोई बदलाव नहीं किया जा सकता।उसी प्रकार भर्ती के समय न्यूनतम योग्यता पूरी करने के बाद विद्यालय में लगातार कई वर्षों से पठन पाठन का कार्य कर रहे शिक्षकों को टेट के लिए मजबूर करना किसी भी तरह से न्याय संगत नहीं है। इससे जहां एक ओर शिक्षक मानसिक रूप से अवसादग्रस्त हो रहे है। वहीं स्कूलों में पठन पाठन का कार्य भी बाधित हो रहा है। अब ऐसे में शिक्षक नौकरी बचाने के लिए पहले खुद की पढ़ाई करें या स्कूल में बच्चों को पढ़ाये। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह, महामंत्री कुलदीप मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता,आदित्य कुमार बंसल, प्रमोद रंजन, संरक्षक श्रवण कुमार शुक्ला, सुजीत शर्मा, शैलेंद्र सिंह,शिखा सोनकर, प्रतीक्षा गुप्ता,दुर्गेश सिंह, सत्यधर द्विवेदी, आशुतोष त्रिपाठी, वैभव शर्मा,योगेंद्र मिश्रा,राम शंकर, योगेश वर्मा सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

## विद्युत समाधान शिविर का आयोजन शनिवार को

**स्वतंत्र भारत, हैदरगढ़ बाराबंकी।** उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए शनिवार को 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र सुबेहा के अंतर्गत नगर पंचायत सुबेहा के टैक्सी स्टैंड पर विद्युत समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस मेगा शिविर में उपभोक्ताओं के बिजली बिल संशोधन, बिल जमा करने और नए विद्युत कनेक्शन से संबंधित सभी कार्य किए जाएंगे। उपभोक्ता अपनी बिजली संबंधी विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही समाधान करा सकेंगे।

# पूर्व मुख्यमंत्री बोले वोट-चोरी का मामला बेहद गंभीर



**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** देश में वोट चोरी का मामला बहुत ही गंभीर है भाजपा की इसमें पूरी तरह से संलिप्तता है चुनाव आयोग भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है यह बात मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव दिग्विजय सिंह ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहीं श्री सिंह बुढ़वल चौराहा स्थित पूर्व प्रधान समाजसेवी सोमकार सिंह निरंकार सिंह सिंह के निजी कार्यक्रम में शिरकत करने आये थे। उन्होंने कहा कि 2003 से बिहार की मतदाता सूची में दर्ज 62 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटे गए हैं उनकी नागरिकता भी रहेगी या नहीं रहेगी यह कहां रहेंगे कहां जाएंगे इस पर भी संशय बना हुआ है। इस संवेदनशील मुद्दे पर चुनाव आयोग भी चुप्पी साधे हुए हैं यह देश के लिए बहुत ही दुखद बात है बिहार चुनाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस गठबंधन बहुत ही मजबूती से चुनाव लड़ रहा है। जीतने का प्रयास सभी दल के लोग करते हैं लेकिन जनता जिसको चाहती है उसी के सर पर ताज बंधता है। देश व प्रदेश में चल रहे जातीय विद्वेष के बारे में पूछे जाने पर कहा कि यह सदियों से चला आ रहा है। लेकिन इस समय जातीय उन्माद चरम पर है यह देश हित में नहीं है। संविधान में सबको बराबर का अधिकार है। यूपी में 2027 के होने वाले चुनाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इस समय में यूपी का प्रभारी नहीं हूँ इसलिए इस बारे में मैं कुछ नहीं कह सकता हूं। मुख्य अतिथि के रूप में उन्होंने नवनिर्मित भवानी पैलेस का फीता काटकर विधि विधान के साथ उद्घाटन किया। इस मौके पर मध्य प्रदेश के विधायक जयवर्धन सिंह रामनगर स्टेट की रानी मृणालिनी सिंह पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप एमएलसी अंगद सिंह ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक निरंकार प्रदीप रवि सिंह सहित भारी संख्या में सभ्रांतजन मौजूद रहे।

## खबर एक नजर

### खेतों से पराली हटाने वाली संस्था का काम सुस्त, किसान परेशान

**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** खेतों से पराली हटाने वाली संस्था के द्वारा बड़ी ही धीमी गति से कार्य किया जा रहा है जिससे किसानों की रबी की फसलों की बुवाई पिछड़ रही है, इसी का फायदा उठाकर दलाल सक्रिय हो गए। नाम न छापने की शर्त पर कई किसानों ने बताया कि संस्था के द्वारा खेतो से पराली उठाने का काम काफी धीमी गति से किया जा रहा जिससे फसलो की बुवाई लेट हो रही हैं। सूत्रों की माने तो खेतों से पराली उठाने के नाम पर किसानों से अग्रिम सुविधा शुल्क मांगा जाता हैं। सुविधा शुल्क न देने वाले किसानों की पराली नहीं उठाई जाती है। बताते चले कि इस संबंध में तहसील फतेहपुर में बीते दिनों कई किसानों ने शिकायती प्रार्थना पत्र भी दिया था समय से खेतों से पराली नही उठ पा रही है जिससे किसान परेशान हैं उधर खेतो में पराली जलाने वाले किसानों पर प्रशासन लगातार कार्यवाई कर रहा है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर ऐसे में किसान बेचारा करे तो करे क्या।किसानों का कहना है कि संस्था के कर्मचारियों का फोन तक नही उठता है। अशोक पुर चाचू सराय स्थित सेंटर के बार बार चक्कर काटने के बावजूद कोई सुनवाई नही हो रही हैं।

### अधिक मूल्य पर मास्क बेचने के आरोपी को तीन साल के कारावास की सुनाई सजा

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** कोविड के दौरान मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर मास्क बेचने के मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रुचि तिवारी ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत अभियुक्त को 3 वर्ष की कैद व 1000 जुर्माना भगतने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक अमरेश विक्रम सिंह ने बताया की 29 मार्च 2020 को कोविड महामारी के दौरान तत्कालीन पूर्ति निरीक्षक हैदरगढ़ संजय कुमार ने संयुक्त टीम के साथ मंगलपुर चौराहा त्रिवेदीगंज स्थित देवी मेडिकल स्टोर पर छापा मारा था। इस दौरान प्रोपराइटर देवनरायन निवासी त्रिवेदीगंज थाना लोनी कटरा मौजूद मिले और विक्रेता द्वारा टू प्लाई मास्क36 में बिक्री करना पाया गया जिस पर उन्होंने थाना लोनी कटरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी । गवाहों के बयान और दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात में मजिस्ट्रेट ने अभियुक्त देवनारयन को दोषी पाते हुए 3 वर्ष की कैद व 1000 जुर्माना भुगतने की सजा सुनाई है।

### मारपीट में अभियुक्त को मिली पांच वर्ष की सजा

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप न्यायालय द्वारा गंभीर मारपीट की घटना से सम्बन्धित अभियुक्त को 05 वर्ष का कारावास व 4000/- रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ द्वारा दिये गये आदेशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलन एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए ऑपरेशन कनविक्शन कार्ययोजना के तहत मॉनीटरिंग सेल में नियुक्त अधि0/कर्म0गण/पैरोकार द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी व साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को प्रस्तुत कराकर न्यूनतम समय में अधिकतम सजा दिलाये जाने की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना सतिरख पर गंभीर मारपीट के अपराध की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0-309/2023 धारा 323/324/325/504 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त मनोज यादव पुत्र विश्राम निवासी परेठिया थाना सतरिख जनपद बाराबंकी को उपरोक्त धाराओं में न्यायालय जिला सत्र न्यायाधीश डी0जे0 कोर्ट बाराबंकी द्वारा दोषसिद्ध करते हुए 05 वर्ष का कारावास व 4000/- रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित* किया गया व धारा 307/506 भादवि में दोषमुक्त किया गया ।

### विधानसभा सम्मेलन का हुआ आयोजन

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** के फतेहपुर ब्लॉक सभागार में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत एक विधानसभा सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जीएसटी दरों में कमी और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालना था।विधायक वर्मा ने उपस्थित व्यापारियों और आमजन को केंद्र सरकार की विभिन्न उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से प्रगति कर रहा है। विधायक ने जीएसटी दरों में कटौती को व्यापारियों के लिए राहत और छोटे उद्योगों के लिए नई मजबूती बताया।भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी के नारे के साथ आत्मनिर्भरता को जन आंदोलन बनाने पर जोर दिया। मौर्य ने लोगों से स्थानीय उत्पादों को अपनाने और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देने का आग्रह किया।इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी आरती श्रीवास्तव और प्रतिष्ठित व्यापारी सचिन कुमार जैन सहित बड़ी संख्या में व्यापारी, कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने मोदी सरकार की नीतियों का समर्थन करते हुए आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों के साथ हुआ

### टूटी हुई पुलिया में धंसी ट्रक

**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी ।** नगर पंचायत जैदपुर में पानी टंकी के पास एक ट्रक टूटी हुई पुलिया में धंस गया। यह घटना गुड्डू टायर वाले की दुकान के पास हुई। पुलिया कई महीनों से क्षतिग्रस्त थी, जिसकी मरम्मत का इंतजार किया जा रहा था। ट्रक का पहिया नाले में धंसने से उसके एक्सल टूट गए। गनीमत रही कि ट्रक पलटने से बच गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों और दुकानदारों, जिनमें गुड्डू टायर वाले, समीर, इलियास, डॉ. ईस कुमार, केशवराम और बबलू सहित तमाम लोगों ने पुलिया की तत्काल मरम्मत की मांग की है। उनका कहना है कि इस पुलिया की कई बार मरम्मत कराई जा चुकी है, लेकिन हर बार स्थिति जस की तस बनी रहती है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नगर प्रशासन ने महीनों से टूटी पड़ी इस पुलिया की मरम्मत के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। पहले भी इस पुलिया पर कई छोटी-मोटी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया। लोगों का यह भी आरोप है कि ठेकेदार द्वारा बनाई गई पुलिया अक्सर एक हफ्ते के भीतर ही टूट जाती है।

# तेज रफ्तार पिकप ने ऑटो रिक्शा में मारी टक्कर, सात घायल



**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** तेज रफ्तार पिकप ने सवारी से भरे ऑटो रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी जिसके चलते चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई तथा 7 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए रामनगर व बड़ागांव सीएचसी ले जाया गया यहां से उन्हें जिला अस्पताल बाराबंकी भेज दिया गया। यह दर्दनाक हादसा लखनऊ बहराइच मुख्य हाइवे मार्ग पर गुरुवार को घटित हुआ।इस संबंध में उपलब्ध जानकारी के मुताबिक बृहस्पतिवार को ग्राम धौखरिया निवासी 30 वर्षीय ऑटो चालक संजीत कुमार पुत्र अनूप लाल ऑटो में सवारियां बैठाकर बाराबंकी से रामनगर की ओर आ रहे थे जब वह थाना क्षेत्र के गोंडा बहराइच हाईवे स्थित ग्राम मलिहामऊ के निकट पहुंचे तो सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकप ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी जिसके चलते चालक की मौके पर ही मौत हो गयी तथा चार महिलाओं समेत 7 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस स्थानीय लोगो की मदद से घायल महिला मुन्नी देवी पत्नी जय प्रकाश व उसका 7 वर्षीय पुत्र रितेश निवासी भौका जवारीपुर, रीना पत्नी वृजेश ग्राम हजतपुर, शिवदेवी पत्नी आलोक ग्राम कटियारा को सीएचसी रामनगर लाया गया। वही गम्भीर रूप से घायल पिंकू यादव पुत्र मनोहर ग्राम कुतलुपुर को सीएचसी बड़ागाँव मे भर्ती कराया गया। पांचों लोगो की हालत गंभीर होने के चलते जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जबकि दो अज्ञात लोगों ने निजी अस्पताल में इलाज कराया है। पुलिस ने मृतक ऑटो चालक के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक लिखा पड़ी के बाद पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है।

## बहुत जल्द हो जाता है अभिमानी का पतन- कथा व्यास

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी ।** देह और धन का अभिमान करने वाले का पतन बहुत जल्दी हो जाता है। यह उद्गार हैदरगढ़ के चौबिसी गांव में प्रधान गौरव सिंह के आवास पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास महामृत्युंजय मठ महाकाल लोक उज्जैन के पीठाधीश्वर स्वामी प्रणव पुरी जी महाराज ने बुधवार की रात श्रोताओं को कथा का रसपान कराते हुए व्यक्त किये। इस कथा का श्रवण करने पहुंचे पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा, भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष शशांक सिंह कुशमेश, नीरज सिंह भिखरा, व्यापारी नेता योगेश द्विवेदी आदि ने कथा व्यास जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। कुबेर के अहंकारी पुत्र नलकूबर व मणिग्रीव के प्रसंग का उल्लेख करते हुए महाराज जी कहते हैं कि निर्धन से धनवान बने व्यक्ति हमेशा जमीन से जुड़े रहते है लेकिन बिना प्रयास के धन पाने वाले कुबेर पुत्रों की तरह मतवाले हो जाते हैं जो कि उनके पतन का कारण बनता है।

# एक दिन की सीएचसी अधीक्षक बनी अंसारिया



**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी ।** रफी मेमोरियल गर्ल्स इंटर कालेज मसौली की कक्षा 12 की छात्रा अंसारिया खातून को एक दिन का सीएचसी अधीक्षक की जिम्मेदारी दी गई पदभार ग्रहण के उपरांत सीएचसी अधीक्षक अंसारिया खातून ने उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया जिसमे अनुपस्थित पाए गये कर्मचारियों को कार्यालय मे स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये। मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के तहत सीएचसी अधीक्षक के रूप मे रफी मेमोरियल गर्ल्स इण्टर कॉलेज मसौली की कक्षा 12 की छात्रा अंसारिया खातून को अधीक्षक पद पर कार्य करते हुए देख कर्मचारियों को अचम्भे में पड़ गये सीएचसी अधीक्षक ने उपस्थिति पंजिका को जब चेक किया तो कई कर्मचारीअनुपस्थित पाये गये जिसपर एक दिन की सीएचसी अधीक्षक अंसारिया खातून ने समय का पालन न करने वाले कर्मचारियों को कार्यालय बाबू को स्पष्टीकरण देने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने अनुपस्थित कर्मचारियों का फोन द्वारा लोकेशन लिया तथा गुरुवार को बच्ची को जन्म देने वाली प्रसूता सीतू देवी का हाल चाल लेते हुए बच्चे के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ संजीव कुमार , डॉ सुमन पांडे, डॉ किरण सचान, डॉ प्रीती वर्मा, कपिल देव, साक्षी श्रीवास्तव, अतुल वर्मा,अनिरुद्ध श्रीवास्तव, रीना श्रीवास्तव, प्रियंका, आलोक वर्मा, अखिलेश पटेल मौजूद रहे।

# पराली प्रबंधन के लिए संयुक्त मजिस्ट्रेट ने ग्राम प्रधानों के साथ की बैठक

## त्योहारों को सकुशल निपटाने एवं महोत्सव को सफल बनाने के लिए मांगा सहयोग



**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** संयुक्त मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल ने सूरतगंज ब्लाक सभागार में ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर प्रणाली प्रबंधन के प्रति जागरूक किया और धान की कटाई के बाद बचाने वाले अवशेषों को खेतों में ना जलाए जाने की हिदायत दी। संयुक्त मजिस्ट्रेट ने ग्राम प्रधानों से त्योहारों को सकुशल निपटाने तथा महादेवा महोत्सव के बेहतर आयोजन सहयोग के लिए अपील की। गुरुवार को विकासखंड सूरतगंज संयुक्त मजिस्ट्रेट गुजिता अग्रवाल ने तहसीलदार विपुल कुमार सिंह एवं खंड विकास अधिकारी देवेंद्र सिंह की मौजूदगी में ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की। बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधानों से रूबरू होते हुए उप जिलाधिकारी रामनगर ने कहा कि आप सभी लोग शासन और जनता के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी है शासन के द्वारा दिए गए आदेश निर्देश एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में विशेष योगदान रहता है वर्तमान समय में खरीफ की फसल बहुत तेजी से चल रही कुछ लोग पराली को खेतों में ही जला देते हैं। ऐसा कतई न होने पाए अपने स्तर से आप सभी लोग लोगों को जागरूक करने एवं पराली प्रबंधन में सहयोग करें। उप जिलाधिकारी ने महादेवा महोत्सव के आयोजन को लेकर ग्राम प्रधानों का सहयोग और सुझाव मांगा। और मिशन शक्ति अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायत सहायकों तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# उप्र बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी।** बीआरसी सतरिख के प्रांगण में विकास खंड उच्च प्राथमिक स्तर बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सत्र 2025 24 का आयोजन किया गया प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी महोदय के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया प्रतियोगिता का शुभारंभ 100 मीटर दौड़ से किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अश्वनी प्रताप सिंह के द्वारा की गई 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में दिव्यांशु यूपीएस सिकंदरपुर प्रथम स्थान प्रियांशु कंपोजिट विद्यालय पारदीप दूसरा स्थान 200 मीटर दौड़ में कंपोजिट विद्यालय उधवापुर में स्थान प्राप्त किया 200 मीटर द्वारा प्रतियोगिता में प्रिंस यूपीएस बरायन ने प्रथम स्थान रेहान यूपीएस उदयपुर द्वितीय स्थान तथा महिलाओं में नैना यूपीएस गाल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में अंशुल बाबू कंपोजिट विद्यालय बालछत में प्रथम स्थान तथा यूपीएस शरीफाबाद की फरहीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया लंबी कूद प्रतियोगिता में एक बार फिर से अंशुल बाबू की बलसाड़ ने प्रथम स्थान दिव्यांशु यूपीएस सिकंदरपुर बालिका वर्ग में मान्य यूपीएससी सतरिख पलक यू पी एस सतरिख ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ऊंची कूद प्रतियोगिता में मुजम्मिल यू पी एस सतरिख सेकंड स्थान बालिका वर्ग में प्रियंका यू पी एस सिकंदरपुर तथा 600 मीटर दौड़ में हेमंत यूपीएस बाद पूरा प्रथम स्थान तथा बालिका वर्ग में पलक 600 मी प्रथम स्थान प्राप्त किया 4×100 रिले दौ? में बालक वर्ग में सुमित यूपीएस पंडरा, बालिका वर्ग में शालू ब?ापुरा तथा रुखसार कम्पो वि बलछत को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता को सफल बनाने में ब्लॉक हरख के समस्त यूपीएस विद्यालयों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया तथा इस मौके पर समस्त संगठन के पदाधिकारी गण तथा ए आर पी गण उपस्थित रहे।

# समाज को प्रभु राम के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए : संजय तिवारी



**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** प्रभु श्री राम हम सभी के आदर्श है समाज को भगवान राम के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए ।उक्त बातें रामनगर ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी ने ग्राम सिलौटा में आयोजित रामलीला में बोलते हुए कहीं। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख श्री तिवारी ने आगे कहा कि प्रभु राम का पूरा जीवन सादगी और सरलता नैतिक मूल्यों पर आधारित रहा है उन्होंने हमेशा सत्य के रास्ते पर चलकर न्याय की लड़ाई लड़ी।विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक ने प्रभु श्री राम के जीवन चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि वह स्वयं पार ब्रह्म परमेश्वर थे। उन्होंने मानव के रूप में धरा पर अवतार लेकर समाज को न्याय के रास्ते पर चलने माता-पिता और गुरू जनों का सम्मान करने की सीख दी। भगवान श्री राम ने हमेशा मर्यादित आचरण अपनाया और समाज में मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। कार्यक्रम के आयोजकों को बधाई देते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि गांवों में ऐसे आयोजन कराया जाना अति आवश्यक है जिससे नई पीढ़ी को शिक्षा मिले। कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्य अतिथि रामनगर ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी विशिष्ट अतिथि चेयरमैन रामशरण पाठक पूर्व सभासद दयाशंकर तिवारी का शिव भगवान पांडेय सौरभ पांडेय सहित रामलीला कमेटी के अध्यक्ष उपाध्यक्ष महामंत्री सहित सभी पदाधिकारियों ने माला पहनकर अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया।

# महाविद्यालय के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर हुआ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

## ऐसे आयोजनों से प्रतिभागियों का होता है शारीरिक एवं बौद्धिक विकास-सिद्धार्थ अवस्थी



**हैदरगढ़, बाराबंकी ।** ग्राम्यांचल महाविद्यालय में स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने छात्र-छात्राओं में उत्साह का संचार कर दिया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित रंगोली, मेहंदी, पोस्टर मेकिंग और चित्रकला प्रतियोगिताओं में क्षेत्र के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ये प्रतियोगिताएं न केवल रचनात्मकता को बढ़ावा देने वाली थीं, बल्कि छात्रों के बीच आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का भी माध्यम बनीं।प्रतियोगिता में भाग लेने वाले संस्थानों में ग्रामीण अंचल पीजी कॉलेज, बी.फार्मा, डी.फार्मा, ग्राम्यांचल पब्लिक स्कूल, ग्राम्यांचल इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज हैदरगढ़, राजकीय इंटर कॉलेज पोखरा शामिल थे। इसके अलावा, हैदरगढ़ शिक्षा क्षेत्र के समस्त इंटर कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। रंगोली में चटकीले रंगों से सजी सुंदर आकृतियां, मेहंदी में जटिल डिजाइन, पोस्टरों में सामाजिक संदेश और चित्रकला में कल्पनाशील रचनाएं देखने को मिलीं। प्रतिभागियों ने अपनी कला के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और स्वतंत्रता जैसे विषयों पर आपने इस प्रदर्शन के माध्यम सेविचार व्यक्त किए।इन प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में महाविद्यालय की सहायक प्रबंधक सुप्रिया अवस्थी, हैदरगढ़ की खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह ,प्रख्यात साहित्यकार एवं रामपाल सिंह इंटर कॉलेज गोसाईगंज के पूर्व प्रधानाचार्य श्री रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी प्रलयंकर ,रामपाल ग्राम्यांचल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर लालमणि शुक्ला ग्राम्यांचल महाविद्यालय के जन सूचना एवं संपर्क प्रभारी एसपी सिंह थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त संकायों के प्रवक्ता गण भी उपस्थित रहे।यह आयोजन महाविद्यालय के स्थापना दिवस (24 अक्टूबर) की श्रृंखला का हिस्सा है।

ऑस्ट्रेलिया पहुंचते ही प्रैक्टिस में जुटी टीम इंडिया

# पर्थ में रोहित-कोहली ने जमकर बहाया पसीना





**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए कमर कस ली है। रोहित और कोहली इस सीरीज से टीम में वापसी कर रहे हैं और उन्होंने आखिरी बार भारत के लिए इस साल चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में खेला था। रोहित इस सीरीज में कप्तानी नहीं करेंगे और पूर्णकालिक बल्लेबाज के तौर पर हिस्सा लेंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज की शुरुआत 19 अक्टूबर से होगी और इससे पहले टीम इंडिया ने पहले अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। इस दौरान सभी की नजरें रोहित और कोहली पर रहेंगी। दोनों पूर्व भारतीय कप्तान ने नेट्स में करीब 30 मिनट तक बल्लेबाजी की। भारतीय टीम तीन वनडे और पांच टी20 मैच के सीमित ओवरों के दौरे के लिए बुधवार और गुरुवार को दो समूहों में ऑस्ट्रेलिया पहुंची। रोहित को नेट्स में समय बिताने के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लंबी बातचीत करते भी देखा गया। कोहली और रोहित दोनों ने इस साल की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और पिछले साल बारबाडोस में टी20 विश्व कप जीतने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कहा था। यह आखिरी बार हो सकता है जब ये दोनों महान खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया में खेलें। विश्व कप 2027 में इन दोनों की भागीदारी अभी तय नहीं है क्योंकि उस समय उनकी फॉर्म और फिटनेस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। हालांकि नए कप्तान शुभमन गिल ने दोनों सुपरस्टार्स के अपार अनुभव को देखते हुए उनका समर्थन किया है। नेट सत्र के बाद कोहली को गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल के साथ बातचीत करते देखा गया जिसके बाद उन्होंने तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के साथ भी बात की। टीम का शुक्रवार और शनिवार को एक ट्रेनिंग सत्र है।

## मुंबई एयरपोर्ट पर पैपराजी पर बरसे बुमराह

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आमतौर पर मैदान पर बेहद शांत और संयमित रहते हैं, लेकिन इस बार उन्होंने मुंबई एयरपोर्ट पर अपना आपा खो दिया। दरअसल, सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में बुमराह को एयरपोर्ट से बाहर निकलते वक्त देखा गया, जहां फोटोग्राफर्स की भीड़ ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया। वीडियो में साफ दिख रहा है कि बुमराह भीड़ से परेशान होकर कहते हैं, 'मैंने बुलाया ही नहीं, तुम किसी और के लिए आए हो, वो आ रहे होंगे।' इसके बावजूद पैपराजी लगातार उनसे फोटो की रिक्वेस्ट करते रहे। फोटोग्राफर्स ने कहा, 'बुमराह भाई, आप तो दिवाली बोनस हैं।' जब बुमराह बार-बार उनसे दूरी बनाने की कोशिश कर रहे थे, तभी एक फोटोग्राफर ने मजाकिया लहजे में कहा, 'बुमराह भाई, आप बोनस में मिले हो हमें दिवाली के।' हालांकि बुमराह इस कमेंट से ज्यादा प्रभावित नहीं हुए और शांत स्वर में जवाब दिया, 'अरे भाई, मेरी गाड़ी के पास जाने दो मुझे।' इसके बाद वो बिना कुछ बोले अपनी कार की ओर बढ़ गए। यह पहली बार नहीं है जब बुमराह ने अपनी झुंझलाहट जाहिर की हो। हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन डीआरएस विवाद के दौरान उन्होंने अपनी नाराजगी साफ जाहिर की थी।

## अभिषेक और स्मृति बने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ



**नई दिल्ली।** आईसीसी ने अभिषेक शर्मा को सितंबर के लिए मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ घोषित किया है। एशिया कप 2025 में अभिषेक ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था। दूसरी ओर महिलाओं में स्मृति मंधाना प्लेयर ऑफ द मंथ चुनी गई हैं। अभिषेक एशिया कप टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे जिन्होंने 7 मैचों में तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 314 रन बनाए थे। वहीं एशिया कप टूर्नामेंट में अभिषेक ने 200 के ताबड़तोड़ स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी भी की थी। वो पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज भी रहे। उनके बल्ले से 3 फिफ्टी निकली थीं। जबकि टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा चौके (32) और सबसे ज्यादा छक्के (19) लगाने का रिकॉर्ड भी उन्हीं के नाम पर था। इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया था। वहीं दूसरी तरफ भारतीय महिला स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना का बल्ले से साल 2025 में अब तक वनडे फॉर्मेट में काफी शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। सितंबर महीने में मंधाना के बल्ले से प्रदर्शन को लेकर बात की जाए तो कुल 4 मैच खेले जिसमें 77 के शानदार औसत के साथ 308 रन बनाने में कामयाब रहीं। मंधाना ने इसी के साथ 2 शतकीय और एक अर्धशतकीय पारी भी खेली। मंधाना का इस दौरान स्ट्राइक रेट 135.68 का देखने को मिला। मंधाना को उनके इस बेहतरीन प्रदर्शन के चलते आईसीसी की तरफ से ये अवॉर्ड दिया गया। मंधाना ने अपने करियर में दूसरी बार इस अवॉर्ड को जीता है, जिसमें इससे पहले साल 2024 में जून महीने में स्मृति मंधाना ने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड जीता था।

## एलिसा का शतक, ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को 10 विकेट से रौंदा

**नई दिल्ली।** गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज और कप्तान एलिसा हीली के नाबाद शतक और फोएबे लिचफील्ड के साथ उनकी पहले विकेट की अटूट साझेदारी से आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप में बृहस्पतिवार को यहां बांग्लादेश को 10 विकेट से रौंद दिया। बांग्लादेश के 199 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने कप्तान हीली (नाबाद 113 रन, 77 गेंद, 20 चौके) और लिचफील्ड (नाबाद 84 रन, 72 गेंद, 12 चौके, एक छक्का) के बीच पहले विकेट की 202 रन की अटूट साझेदारी से 151 गेंद शेष रहते बिना विकेट खोए 202 रन बनाकर बेहद आसान जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले एलेना किंग (18 रन पर दो विकेट), जॉर्जिया वेयरहैम (22 रन पर दो विकेट), एनाबेल सदरलैंड (41 रन पर दो विकेट) और ऐशलेग गार्डनर (48 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी की बदौलत बांग्लादेश को नौ विकेट पर 198 रन पर रोक दिया। बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया की अनुशासित गेंदबाजी के सामने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। शोभना मोस्तरी ने एक छोर संभाले रखा और 80 गेंद में नौ चौकों की मदद से नाबाद 66 रन की पारी खेलते हुए टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। मोस्तरी की यह पारी महिला क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बांग्लादेश की किसी भी बल्लेबाज का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। सलामी बल्लेबाज रूबया हैदर ने भी 44 रन की उम्दा पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान एलिसा और लिचफील्ड ने ऑस्ट्रेलिया को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और बांग्लादेश को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। फरीहा तृष्णा ने गेंदबाजी की शुरुआत मेडन ओवर के साथ की लेकिन उनके अगले ओवर में लिचफील्ड ने दो चौके मारे। एलिसा ने निशिता अख्तर पर पारी का अपना पहला चौका जड़ा और फिर फरीहा पर लगातार तीन चौके मारे। लिचफील्ड ने निशिता पर चौके के साथ आठवें ओवर में ऑस्ट्रेलिया के रनों का अर्धशतक पूरा किया।

## जडेजा ने झटके सात विकेट, सौराष्ट्र ने कर्नाटक को 372 रन पर समेटा

**नई दिल्ली।** बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्रसिंह जडेजा के 124 रन देकर सात विकेट झटकने से सौराष्ट्र ने बृहस्पतिवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच के दूसरे दिन कर्नाटक को पहली पारी में 372 रन पर समेट दिया। कर्नाटक ने पांच विकेट पर 295 रन से आगे खेलते हुए जडेजा की शानदार गेंदबाजी के आगे आखिरी पांच विकेट महज 77 रन में गंवा दिए। अर्धशतक जड़ने वाले स्मरण रविचंद्रन (77) अपने कल के स्कोर में महज 11 रन ही जोड़ सके जबकि अनुभवी श्रेयस गोपाल (95 गेंद में 56 रन, चार चौके, दो छक्के) और शिखर शेट्टी (41) ने उपयोगी योगदान देकर कर्नाटक को 372 रन तक पहुंचाया। कर्नाटक के लिए बुधवार को देवदत्त पडिक्कल (96 रन) और करुण नायर (73 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 146 रन जोड़े थे। सौराष्ट्र ने दूसरे दिन स्टंप तक 60 ओवर में चार विकेट पर 200 रन बना लिए थे जिससे वह पहली पारी के हिसाब से कर्नाटक से 172 रन पीछे है। विकेटकीपर हार्विक देसाई (41) और चिराग जानी (90 रन) ने पहले विकेट के लिए 140 रन की साझेदारी कर सौराष्ट्र को मजबूत शुरुआत दिलाई। दिन का खेल समाप्त होने तक अर्पित वासवडा (नाबाद 12) और प्रेरक मांकड़ (नाबाद 20) क्रीज पर थे।

## ऋषि व सानिध्य के बीच बालक एकल की खिताबी टक्कर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के युवा टेनिस सितारों ने गुरुवार को आइटा सुपर सीरीज अंडर-18 बालक व बालिका टेनिस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश का परचम लहराया। बालक एकल वर्ग में उत्तर प्रदेश के ऋषि यादव और सानिध्य द्विवेदी ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह सुनिश्चित की, जबकि बालिका एकल वर्ग में मिराया अग्रवाल ने खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया। वहीं ऋषि यादव अब शुक्रवार को दोहरी चुनौती के साथ कोर्ट पर उतरेंगे। वह एकल और युगल दोनों खिताबों के लिए दावेदारी करेंगे। उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में स्पोर्ट्स डेवलपमेंट सोसायटी (एसडीएस) द्वारा लामार्टिनियर कॉलेज स्थित लामार्टिनियर लॉन टेनिस फैसिलिटी में आयोजित टूर्नामेंट का प्रायोजक शालीमार ग्रुप है। बालक एकल के पहले सेमीफाइनल में तीसरी वरीय उत्तर प्रदेश के ऋषि यादव ने छठीं वरीय तेलंगाना के राघव प्रभु को तीन सेट तक चले रोमांचक मुकाबले में 3-6, 6-4, 6-2 से शिकस्त दी। शुरुआती सेट गंवाने के बाद ऋषि ने शानदार वापसी करते हुए लगातार दो सेट जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में आठवीं वरीय उत्तर प्रदेश के सानिध्य द्विवेदी ने प्रदेश के ही अनुज कुमार को 6-0, 6-3 से पराजित किया। इस जीत के साथ बालक एकल फाइनल ऋषि यादव बनाम सानिध्य द्विवेदी के बीच खेला जाएगा, जो पूरी तरह उत्तर प्रदेश का मुकाबला होगा। बालिका एकल के पहले सेमीफाइनल में गैर वरीय कर्नाटक की आद्या चौरसिया ने शीर्ष वरीय दिल्ली की स्नेह नंदल को 7-5, 6-3 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में सातवीं वरीय उत्तर प्रदेश की मिराया अग्रवाल ने दिल्ली की मेहर शर्मा को 6-3, 6-1 से पराजित करते हुए आत्मविश्वास से भरी जीत दर्ज की। बालक युगल में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों का जलवा देखने को मिला। पहले सेमीफाइनल में ऋषि यादव व सानिध्य द्विवेदी ने पश्चिम बंगाल के श्रीयंश साहनी व कलश कुमार को 6-1, 6-4 से हराकर फाइनल में स्थान पक्का किया। दूसरे सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश के अनुज कुमार व अनुरुद्ध कुमार की जोड़ी ने प्रदेश के ही मेहर खोसला व आरव भास्कर के खिलाफ 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की।

# शेयर बाजार गुलजार; सेंसेक्स ने लगाई लंबी छलांग, निफ्टी में भी तेजी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी फेड की ओर से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के चलते गुरुवार को शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुए। बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 826.23 अंक या 1.04 प्रतिशत उछलकर 83,467.66 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,010.05 अंक या 1.22 प्रतिशत बढ़कर 83,615.48 अंक पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 261.75 अंक या 1.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,585.30 पर आ गया। घरेलू आय में सुधार और नए विदेशी निवेश के कारण वित्तीय और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं के शेयरों में मजबूती से सेंसेक्स और निफ्टी ने व्यापक बढ़त हासिल की। बीते दो सत्रों में सेंसेक्स 1,500 अंक से ज्यादा चढ़ा है। वहीं, निफ्टी 1.9त्न उछला है। डॉलर के मुकाबले 21 पैसे की बढ़त के साथ 87.87 (अनंतिम) पर बंद हुआ।



प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी मुद्रा के नरम पड़ने और निवेशकों में जोखिम की भावना के फिर से उभरने से यह तेजी आई।

सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, एक्सिस बैंक, अडानी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स और एचडीएफसी बैंक प्रमुख लाभ में रहे। वहीं, इटर्नल और इंफोसिस पिछड़ गए।

-निसान मोटर इंडिया ने नई निसान मैग्नाइट बीआर-10 ईजेड-शिफ्ट एमएमटीमें सीएनजी रेट्रोफिटमेंट का विकल्प पेश किया है, जिसमें मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने इसे ग्राहक केंद्रित सुविधा बताया। फ्यूल लिड इंटीग्रेशन, 3 साल/1 लाख किलोमीटर वारंटी और 71,999 रुपये की नई कीमत के साथ यह सुविधा मोटोजेन फ्यूल सिस्टम्स द्वारा विकसित और अधिकृत निसान रेट्रोफिटमेंट सेंटरों पर उपलब्ध है।

यूरोपीय बाजारों में दिखी बढ़त

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 2.49 प्रतिशत, जापान का निक्केई 225 सूचकांक 1.27 प्रतिशत और शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक 0.10 प्रतिशत बढ़ा। हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुआ। यूरोप के बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजार अधिकतर बढ़त के साथ बंद हुए।

भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता को लेकर बाजार में आशावद

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, सकारात्मक वैश्विक संकेतों और भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता को लेकर नए आशावाद से उत्साहित घरेलू शेयर बाजारों ने अपनी मजबूत रिकवरी रैली को जारी रखा। वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में मांग में सुधार की उम्मीद, एफआईआई प्रवाह के शुरुआती संकेत, अमेरिकी फेड की नरम टिप्पणी और डॉलर सूचकांक में नरमी से धारणा को और बल मिला।

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल आज व्यापार वार्ता के लिए अमेरिका में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ शामिल होंगे। भारत ने अमेरिका से ऊर्जा आयात बढ़ाने की अपनी तत्परता का संकेत दिया है। भारतीय वार्ता दल व्यापार वार्ता के लिए पहले ही वाशिंगटन में मौजूद है।

ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 62.26 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.57 प्रतिशत बढ़कर 62.26 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 68.64 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने भी 4,650.08 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। बुधवार को सेंसेक्स 575.45 अंक या 0.70 प्रतिशत बढ़कर 82,605.43 पर बंद हुआ। निफ्टी 178.05 अंक या 0.71 प्रतिशत चढ़कर 25,323.55 पर बंद हुआ।

## सोने की कीमत में 200 रुपये की मामूली गिरावट

**नई दिल्ली।** व्यापारियों की मुनाफावसूली के बीच राजधानी दिल्ली में गुरुवार को सोने की कीमतें अपने रिकॉर्ड स्तर से नीचे आ गई। सोने का भाव 200 रुपये की गिरावट के साथ 1,31,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 200 रुपये की गिरावट के साथ 1,31,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। हालांकि, उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में चांदी की कीमतें 2,000 रुपये की तेजी के साथ 1,84,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर के करीब पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है।

वैश्विक बाजारों में बढ़े सोने-चांदी के दाम

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना करीब 1 प्रतिशत बढ़कर 4,246.08 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। अमेरिका में राजकोषीय चिंताओं और बढ़ते वैश्विक तनाव के बीच निवेशकों द्वारा सुरक्षित निवेश की ओर रुख करने से सोने में हालिया तेजी जारी रही। हाजिर चांदी मामूली बढ़त के साथ 53.05 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

क्या है विशेषज्ञों की राय?

एलकेपी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट रिसर्च एनालिस्ट (कमोडिटी एंड करेंसी) जतीन त्रिवेदी ने कहा कि सोने में तेजी जारी रही, क्योंकि अमेरिकी सरकार के चालू बंद के कारण प्रमुख आर्थिक आंकड़ों के जारी होने में देरी हुई, जिससे बाजार में अनिश्चितता बनी रही। उन्होंने कहा कि नए संकेतों के अभाव और अमेरिकी राजकोषीय स्थिति को लेकर लगातार चिंताओं के कारण सुरक्षित निवेश की मांग मजबूत हुई है, जिससे सोने की कीमतों में तेजी आई है।



कोटक सिक्योरिटीज में एवीपी कमोडिटी रिसर्च कायनात चैनवाला ने कहा कि निवेशकों की धारणा इस उम्मीद से प्रभावित हो रही है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक विकास को समर्थन देने के लिए इस वर्ष के अंत में ब्याज दरों में दो बार कटौती कर सकता है।

-फाइन ज्वेलरी ब्रांड स्व डायमंड्स ने अपने नए कैंपेन एज रियल एज यू के लिए अभिनेत्री प्रीति ज़िंटा को ब्रांड एंबेसडर बनाया। एमडी अब्दुल गफूर अनादियान ने कहा, ब्रांड आईजीआई/जीआईए सर्टिफाइड नेचुरल डायमंड्स से सच्ची खूबसूरती को दर्शाता है।

कमोडिटी बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, कभी-कभार मुनाफावसूली के बावजूद, बहुमूल्य धातु के लिए अंतर्निहित रुख तेजी का बना हुआ है, जिसे व्यापक आर्थिक और भू-राजनीतिक कारकों के संयोजन से समर्थन मिल रहा है।

## एफआईआई की भारतीय बाजारों में वापसी, अक्टूबर में 10,000 करोड़ रुपए से अधिक का किया निवेश

**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजारों में महीनों की बिकवाली के बाद विदेशी निवेशकों का भरोसा फिर से बढ़ता रहा है। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, 7 अक्टूबर से 14 अक्टूबर के बीच, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पिछले सात कारोबारी सत्रों में से पांच में शुद्ध खरीदार रहे और उन्होंने सेकेंडरी मार्केट में 3,000 करोड़ रुपए से अधिक के शेयर खरीदे। आंकड़ों के अनुसार, प्राइमरी मार्केट में उनकी खरीदारी और अधिक रही और यह 7,600 करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई।

एनएसई के प्रोविजनल डेटा से पता चलता है कि एफआईआई ने 15 अक्टूबर को अपनी खरीदारी का सिलसिला जारी रखा और 162 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।खरीदारी में यह नई दिलचस्पी प्रमुख बाजार सूचकांकों में लगातार बढ़ोतरी के साथ देखने को मिली है। अक्टूबर की शुरुआत से, सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में लगभग 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि बीएसई मिडकैप सूचकांक 3.4 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक 1.7 प्रतिशत बढ़ा है। फॉरन फंड फ्लो में अचानक बदलाव ने कई बाजार पर्यवेक्षकों को आश्चर्यचकित कर दिया है। कुछ विश्लेषक इसे अल्पकालिक उछाल के रूप में देखते हैं, जबकि अन्य का मानना है कि यह कॉर्पोरेट आय की बेहतर संभावनाओं और भारत में स्थिर आर्थिक स्थितियों को दर्शाता है। यह बदलाव इस वर्ष की शुरुआत में देखी गई भारी निकासी के बिल्कुल विपरीत है। इस वर्ष जनवरी से सितंबर तक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सेकेंडरी मार्केट में 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के शेयर बेचे।

यह तब हुआ जब भारतीय रिजर्व बैंक और सरकार ने विकास को समर्थन देने के लिए कई कदम उठाए, जिनमें जीएसटी रेट कट, जून में रेपो दर में भारी कमी और एसएंडपी द्वारा भारत की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग में सुधार शामिल है। उस दौरान, भारतीय बाजार वैश्विक प्रतिस्पर्धियों से पिछड़ गए।

-भारती एयरटेल ने आईबीएम के साथ साझेदारी कर एयरटेल क्लाउड को और सुरक्षित, उच्च क्षमता वाला और एआई-तैयार प्लेटफ़ॉर्म बनाया है। इस सहयोग के तहत उद्योगों के लिए मल्टी-क्लाउड, ऑन-प्रिमाइज़ और एज इंफ्रास्ट्रक्चर में सहज इंटरऑपरेबिलिटी सुनिश्चित की जाएगी।

सेंसेक्स और निफ्टी में केवल लगभग 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक क्रमश- 3 प्रतिशत और 4 प्रतिशत गिरे। वर्तमान में बढ़ते अमेरिका-चीन तनाव के बीच भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की उम्मीदों से माहौल सुधर रहा है।

## जीएसटी दर में कटौती से दीपावली होगी धमाल बिक्री में देखने को मिलेगा ऐतिहासिक उछाल

**नई दिल्ली ।** अर्थशास्त्रियों और उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि जीएसटी 2.0 सुधारों के चलते इस साल दीपावली की खरीदारी में अभूतपूर्व वृद्धि देखने को मिलेगी। क्रय शक्ति में उल्लेखनीय बढ़ोतरी और ऐतिहासिक रूप से कम मुद्रास्फीति ने उपभोक्ताओं, विशेष रूप से निम्न और मध्यम वर्ग को अधिक खरीदारी के लिए प्रेरित किया है। इस त्योहारी सीजन में रिकॉर्ड तोड़ बिक्री की उम्मीद है, जिसका लाभ व्यापारियों को भी मिलेगा।

ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष हरवंश चावला ने आईएएनएस को बताया, जीएसटी 2.0 के सुधारों ने खुदरा कीमतों में कमी लाई है, जिसका सबसे बड़ा प्रभाव निम्न और मध्यम वर्ग पर पड़ा है। पहले जहां लोग 100 रुपए में एक वस्तु खरीद पाते थे, अब उनकी क्रय शक्ति बढ़ने से वे एक से अधिक वस्तुएं खरीद सकते हैं।

उन्होंने कहा कि यह %ऐतिहासिक दीपावली' होगी, जिसमें बिक्री के नए रिकॉर्ड बनेंगे और व्यापारियों को भारी मुनाफा होगा।

चावला ने जीएसटी 2.0 के प्रभाव को प्रधानमंत्री मोदी और उनकी टीम के प्रयासों का परिणाम बताया। उन्होंने कहा, जीएसटी दरों में कमी से आम आदमी की क्रय शक्ति में वृद्धि हुई है। जब क्रय शक्ति बढ़ती है तो खुदरा मुद्रास्फीति स्वत- कम हो जाती है। यह सरकार की ओर से एक बहुत बड़ा कदम है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि इस कदम ने न सिर्फ उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाया है, बल्कि समग्र आर्थिक माहौल को भी सकारात्मक दिशा दी है। जीएसटी 2.0 के तहत वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दरों में कमी से कई आवश्यक और गैर-आवश्यक वस्तुओं की कीमतें घटी हैं। इससे विशेष रूप से निम्न और मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं की खरीदारी की क्षमता में इजाफा हुआ है।

## वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत की 8 प्रतिशत से अधिक जीडीपी वृद्धि

**नई दिल्ली ।** वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों के बीच भारत ने 8 प्रतिशत से अधिक की शानदार आर्थिक वृद्धि दर हासिल की है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (क्रक्चद्ब) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (द्बरूस्न) की वार्षिक बैठक में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि भारत एक घरेलू मांग आधारित अर्थव्यवस्था है, इसलिए अमेरिकी टैरिफ विवाद या वैश्विक व्यापार में आई सुस्ती का देश की वृद्धि पर सीमित प्रभाव पड़ेगा। मल्होत्रा ने कहा कि कोविड-19 महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के प्रभावों के बावजूद भारत ने तेजी से सुधार करते हुए वैश्विक मंच पर मजबूत स्थिति बनाई है। उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक बुनियाद मजबूत है और यह वैश्विक झटकों का सामना करने में सक्षम है।

मुद्रास्फीति नियंत्रण और घाटे पर काबू

गवर्नर ने बताया कि भारत ने मुद्रास्फीति को 8 प्रतिशत से घटाकर 1.5 प्रतिशत तक लाने में सफलता पाई है, जो पिछले आठ वर्षों का सबसे निचला स्तर है। उन्होंने कहा कि तेल की कीमतों में गिरावट ने भी इसमें अहम भूमिका निभाई है।

इसके अलावा, भारत का राजकोषीय घाटा नियंत्रण में है और केंद्र सरकार का घाटा त्रष्ठक्क का 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। मल्होत्रा ने बताया कि भारत का कुल कर्ज वैश्विक स्तर पर सबसे कम में से एक है, और सरकार तथा वित्तीय संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय ने इस उपलब्धि को संभव बनाया है। उन्होंने कहा कि जहां अमेरिकी डॉलर में 10 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, वहीं भारतीय रुपये में इतनी गिरावट नहीं आई। इसका कारण भारत की सतर्क नीतियां और पूंजी प्रवाह का सुव्यवस्थित प्रबंधन है।

मल्होत्रा ने जोर देकर कहा कि रुपये की स्थिरता भारत की प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि भारत के पूंजी बाजार गहरे और सशक्त हैं, जो अर्थव्यवस्था को अतिरिक्त स्थिरता और लचीलापन प्रदान करते हैं। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत की नीतिगत स्थिरता, नियंत्रित मुद्रास्फीति और मजबूत घरेलू मांग ने इसे उभरती अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी स्थान दिलाया है।

# रेल मंत्री ने यात्री सुविधाओं से जुड़े विभिन्न कार्यों को राष्ट्र को किया समर्पण

**स्वतंत्र भारत गोरखपुर।** रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी ने आज खातीपुरा रेलवे स्टेशन का दौरा किया और राजस्थान में यात्रियों की सुविधा बढ़ाने तथा आधुनिक और कुशल रेल सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण पहलों की शुरुआत की। ये पहल राज्य के रेल इंफ्रास्ट्रक्चर को रूपांतरित करने और यात्रियों के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम हैं।श्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्थान के 65 रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए किए गए विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इनमें रामसर, सिवानी, लूनी, पृथ्वीराज पुर और भगत की



कोठी जैसे स्टेशन शामिल हैं। इन सुधारों में प्रतीक्षालयों का आधुनिकीकरण, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, उन्नत स्वच्छता सुविधाएँ, बैठने की सुविधाएँ, स्पष्ट साइनबोर्ड और दिव्यांगजन के अनुकूल इंतजाम शामिल हैं, जिससे स्टेशन और अधिक सुरक्षित, स्वच्छ और यात्रियों के अनुकूल बन गए है।

साथ ही, केंद्रीय मंत्री ने जयपुर-आसारवा एक्सप्रेस की सभी एसी श्रेणियों में मुद्रित कंबल कवर (printed blanket covers) की नई व्यवस्था शुरू की, जिससे यात्रा में स्वच्छता, एकरूपता और आरामदायक अनुभव सुनिश्चित होगा।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रेलवे का विकास कई मोर्चों पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। नई प्रकार की ट्रेनों की शुरुआत, नए स्टेशनों का निर्माण, नई रेल लाइनें, विद्युतीकरण कार्यों की पूर्णता और आधुनिक रखरखाव डिपो का निर्माण जारी है। उन्होंने कहा कि इन सबके साथ ही रेलवे का मुख्य उद्देश्य यात्रियों के जीवन में सार्थक बदलाव लाना है।

केंद्रीय बजट 2025-26 में राजस्थान में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए ?9,960 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जो तेजी से विस्तार और आधुनिकीकरण को आगे बढ़ा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रदेश में 85 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है, जिनमें से इस वर्ष 8 स्टेशनों का लोकार्पण हो चुका है। राज्य में आज 12 वंदे भारत सेवाएं संचालित हो रही हैं, जो प्रमुख मार्गों पर तेज, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा प्रदान कर रही हैं। ये योजनाएँ राजस्थान में आधुनिक, कुशल और यात्री-केंद्रित बुनियादी ढांचे के निर्माण के प्रति रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

## पूर्वोत्तर रेलवे का मेला आज से शुरू



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** कर्मचारी कल्याण के दिशा में पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल यादव के नेतृत्व में बादशाहनगर स्थित मनोरंजन संस्थान में 16 से 19 अक्टूबर तक 'दीपावली उत्सव मेला' का आयोजन किया जाएगा। इस 'दीपावली उत्सव मेला' में रेल कर्मियों और उनके परिवारिजनों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले, बच्चों के गेम्स तथा दीपावली पर बिक्री हेतु सजावट संबंधी सामान, दीये, झालर, बर्तन, खिलौने आदि के स्टाल लगाए गए हैं। उक्त मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत गीत-संगीत, डांडिया नृत्य, नाटक आदि का प्रस्तुतीकरण रेलवे कर्मचारी/आश्रितों के द्वारा किया जाएगा।

## 100 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया पथ संचलन



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्थापना दिवस के 100 वर्ष पुर्ण होने पर हलिया विकास खंड के अति पिछड़ा नक्सल प्रभावित क्षेत्र उत्तर प्रदेश का अंतिम छोर सुदुर इलाका न्याय पंचायत मतवार मंडल के कुशियरा गांव के वनोदय पब्लिक स्कूल पर स्वयं सेवकों द्वारा भारी संख्या में एकत्रित होकर बुधवार को विशाल पथ संचलन किया। मिर्जापुर से चल कर हलिया से मतवार घना जंगल को पार करते हुए उबड़-खाबड़ सड़क को पार करते हुए कुशियरा पहुंचे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक रजत द्वारा सर्व प्रथम मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के आदर्शों को नमन करते हुए शस्त्र पुजन कर संघ के नियमों का पालन करते हुए फुल गडवेश में सस्त्र सहित कतार बद्ध तरीके से खड़े होकर भगवा ध्वज को नमन करते हुए प्रार्थना किया गया।

## बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में अहरौरा डीह आल बना चौंपियन

**स्वतंत्र भारत अहरौरा (मिर्जापुर)।** रोशनहर न्याय पंचायत की न्याय पंचायत स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को कंपोजिट विद्यालय महमूदपुर में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में प्राथमिक वर्ग में आल ओवर चौंपियन प्राथमिक विद्यालय अहरौरा डीह बना वही उच्च प्राथमिक वर्ग में आल ओवर चौंपियन सीनियर बेसिक विद्यालय अहरौरा डीह रहा।प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी जमालपुर देवमणि पांडेय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करने के पश्चात सौ मीटर यू पी एस वर्ग की प्रतियोगिता का शुभारंभ करा कर किया।खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को अपना आशीष देते हुए कहा की खेलकूद प्रतियोगिता से बच्चों का शारिरिक, मानसिक विकास होता है।इसके साथ ही बच्चों में आपसी प्रेम व भाईचारा का विकास होता है।50 मीटर दौड़ बालक वर्ग में अहरौरा डीह का साहिल प्रथम, इसी विद्यालय का शुभम द्वितीय स्थान पर रहे।100 मीटर दौड़ में जसवा का चंदन प्रथम, अहरौरा डीह का अंश गुप्ता द्वितीय स्थान पर रहा। 200 मीटर दौड़ में अहरौरा डीह से तसलीम प्रथम, इसी विद्यालय का आकाश द्वितीय स्थान पर रहा।प्राथमिक बालिका वर्ग 50 मीटर दौड़ में महुली की पायल प्रथम, बिंदपुरवा की अर्चना दूसरे स्थान पर रही 100 मीटर बिंदपुरवा की अर्चना प्रथम महुली की अंशिका द्वितीय,200 मीटर दौड़ में मझवा की अलका प्रथम, इसी विद्यालय की शिवानी दूसरे स्थान पर रही।पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में मुकेश प्रथम, महमूदपुर का प्रीतम दूसरे स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ में सीनियर बेसिक की कुलदीप यादव प्रथम, मानिकपुर की आशु यादव द्वितीय स्थान पर रहे।400 मीटर दौड़ में सीनियर बेसिक विद्यालय से वाजिद प्रथम, महमूदपुर से प्रीतम दूसरे स्थान पर रहे।बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में विधि पांडेय प्रथम, इसी



विद्यालय की रिजु यादव द्वितीय स्थान पर रही। 200 मीटर दौड़ में सीनियर बेसिक से विधि पांडेय प्रथम इसी विद्यालय की रिजु यादव द्वितीय स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ में सीनियर बेसिक विद्यालय की ऋतिका प्रथम, विधि पांडेय द्वितीय स्थान पर रही। लंबी कूद बालक वर्ग में जसवा का चंदन प्रथम प्रथम, महुली का आदित्य द्वितीय स्थान, बालिका वर्ग में महुली की अंशिका प्रथम, महमूदपुर की हर्षिका दूसरे स्थान पर रही। खेल कूद प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में न्याय पंचायत समन्वयक अरविन्द कुमार त्रिपाठी, अब्दुल कयूम, अब्दुल हमीद, चन्द्रमा सिंह, अनिल कुमार, सुनील कुमार,राजन अवस्थी, भरत केसरी, राजेश उपाध्याय, महेन्द्र सोनकर, अनुदेशक रणजीत सिंह, कुसुम लता, राजकुमार अग्रहरि, सुलेखा देवी, अर्चना, प्रियंका सिंह, सहित न्याय पंचायत के सभी अध्यापक अध्यापिकाओ का सहयोग रहा। न्याय पंचायत समन्वयक अरविन्द कुमार त्रिपाठी ने बच्चों को पुरस्कार वितरित करने के पश्चात आभार व्यक्त किया।

## नई दिल्ली-मुजफ्फरपुर ट्रेन का संचलन 18 से

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 04058/04057 नई दिल्ली-मुजफ्फरपुर-नई दिल्ली आरक्षित वातानुकूलित पूजा विशेष गाड़ी का संचलन नई दिल्ली से 18, 19, 22 एवं 23 अक्टूबर, 2025 को तथा मुजफ्फरपुर से 19, 20, 23 एवं 24 अक्टूबर को 4 फेरों के लिए किया जायेगा। इसके चलते 04058 नई दिल्ली-मुजफ्फरपुर आरक्षित वातानुकूलित पूजा विशेष गाड़ी 18, 19, 22 एवं 23 अक्टूबर, 2025 को नई दिल्ली से 13.30 बजे प्रस्थान कर मुजफ्फरपुर 14.00 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 04057 मुजफ्फरपुर-नई दिल्ली आरक्षित वातानुकूलित पूजा विशेष गाड़ी 19, 20, 23 एवं 24 अक्टूबर, 2025 को मुजफ्फरपुर से 15.30 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन नई दिल्ली 16.50 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का 1, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 4, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का 12 तथा जनरेटर सह लगेज यान के 2 कोचों सहित कुल 19 कोच लगाये जायेंगे।

## बनारस-बेंगलूरू का संचालन आज से

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** रेलवे प्रशासन ने दीपावली एवं छठ त्योहारों पर यात्रियों की मांग पर 05599 बनारस-बेंगलूरू छावनी पूजा विशेष गाड़ी का संचलन बनारस से 17 अक्टूबर को एकल यात्रा के लिए किया जाएगा। इसके चलते 05599 बनारस-बेंगलूरू छावनी पूजा विशेष गाड़ी 17 अक्टूबर को बनारस से 23.55 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन बेंगलूरू छावनी 14.45बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी के रेल संरचना में शयनयान श्रेणी के 08, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 05, एस.एल.आर.डी. के 02 कोचों सहित कुल 15 कोच लगाये जायेंगे।

## खाली कराये गए अतिक्रमण का डीएफओ व वन्यजीव प्रतिपालक ने किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय वन रेंज के पड़री बीट के कुशियरा गांव स्थित वनभूमि के अतिक्रमण को वन विभाग कि टीम ने बोई गई तिल्ली को जोतवा कर अतिक्रमण मुक्त करा दिया है। बुधवार को खाली कराये गए अतिक्रमण का प्रभागीय वनाधिकारी कैमूर वन्यजीव प्रभाग मिर्जापुर तापस मिहिर व वन्यजीव प्रतिपालक चुर्क भास्कर प्रसाद पाण्डेय ने मौके पर पहुंचकर खाली कराई गई वन भूमि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश रेंजर हलिया अवध नारायण मिश्रा को दिया है। पड़री बीट के कुशियरा गांव स्थित करीब 45 हेक्टेयर वनभूमि पर अतिक्रमण कर तिल्ली कि फसल को अतिक्रमण कर्ताओ ने बो दिया था। मामले में संलिप्त वन दरोगा श्रवण कुमार संत को प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा निलंबित कर वन दरोगा के विरुद्ध जाँच बैठा दिया है। अधिकारियो द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए वनभूमि से अतिक्रमण को खाली कराते हुए वन भूमि को अपनी अभिरक्षा में ले लिया है। प्रभागीय वनाधिकारी ने सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए वन कर्मियों को निर्देश दिया है कि वन भूमि पर अतिक्रमण अबैध कटान व खनन किसी भी दशा में होने पर संलिप्त कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा। इसके बाद प्रभागीय वनाधिकारी तापस मिहिर व वन्यजीव प्रतिपालक चौरा में वन भूमि पर हुए अतिक्रमण का निरीक्षण किया है। वनभूमि के अतिक्रमण को जल्द से जल्द खाली कराने का भी निर्देश दिया है। इस संबंध में प्रभागीय वनाधिकारी तापस मिहिर ने बताया कि पड़री बीट के ग्राम कुशियरा के वनभूमि पर किये गए अतिक्रमण को खाली करा दिया गया है।

## सीतापुर-मिश्रिख की सड़क को गढ्डामुक्त किया जाये : जिलाधिकारी

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में लोक निर्माण विभाग के समस्त खण्डों एवं एन0एच0 कानपुर/लखीमपुर के मार्गों के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन सड़कों पर बिजली के पोलों को शिफ्ट करना है, उसके कार्य को ससमय पूर्ण किया जाये। उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पाटों को चिन्हित करते हुये निस्तारण



सुनिश्चित किया जाये तथा जिन सड़कों पर चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य चल रहा है, उसके समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाये। सीतापुर-मिश्रिख की सड़क को जल्द से जल्द गढ्डामुक्त किया जाये। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां-जहां की सड़कों के किनारे झाड़ियां उग आयी हैं, उनकी आगामी त्यौहारों से पहले साफ-सफाई करायी जाये। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि ओवरब्रिज एवं सड़कों पर खराब हुयी स्ट्रीट लाइटों को सही कराया जाये तथा सभी लाइटें त्योहारों से पहले क्रियाशील हो जायें, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि जिन सड़कों पर पैचिंग का कार्य संचालित है, उन कार्यों को भी जल्द ही पूर्ण किया जाये।

## ग्राम प्रधान ने विद्युतीकरण कराने लिए उपखण्ड अधिकारी को सौंपा प्रार्थना पत्र

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत महोखर के ग्राम प्रधान जान बहादुर कोल ने गुरुवार को उपखण्ड अधिकारी हलिया को प्रार्थना पत्र देकर ग्राम पंचायत के आदिवासी बस्ती में विद्युतीकरण कराने की मांग किया है। दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है की ग्राम पंचायत महोखर के आदिवासी बस्ती में विद्युतीकरण का कार्य नहीं होने से बस्ती के लोग विद्युत आपूर्ति व्यवस्था से वंचित है। जिससे बस्ती के लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। विद्युतीकरण का कार्य हो जाने से बस्ती के लोगो को विद्युत व्यवस्था का लाभ मिलने लगेगा। इस संबंध में उपखण्ड अधिकारी हलिया दिलीप कुमार ने बताया की ग्राम पंचायत महोखर के प्रधान द्वारा ग्राम पंचायत के आदिवासी बस्ती में विद्युतीकरण के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया है। जल्द हीं बस्ती में विद्युतीकरण का कार्य करा दिया जायेगा।

## क्षेत्र पंचायत की बैठक में 22.14 करोड़ का प्रस्ताव पास

**स्वतंत्र भारत जमालपुर (मिर्जापुर)।** ब्लाक सभागार मेंबुधवार को ब्लाक प्रमुख मंजूसिंह की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई। बैठक में पिछली कार्रवाई की पुष्टि करतेहुए वित्तीय वर्ष 2025-26 मेंक्षेत्र के विकास कार्यो के लिए 22.14 करोड़ रुपयेका बजट सदन के सदस्योंनेध्वनि मत सेपारित कर दिए। मनरेगा योजना के तहत चार लाख, दो हजार, 45 मानव दिवस का सृजन करतेहुए 16.88 करोड़रुपयेका बजट पारित किया गया। पंचम राज्य वित्त के लिए 4.38 करोड़ रुपयेएवं केंद्रीय वित्त आयोग के लिए 3.52 करोड़ काबजट स्वीकृत किया गया। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 109 मुख्यमंत्री आवास का लक्ष्य निर्धारित करते हुए 1.30करोड़ का बजट पारित किया गया।बीडीओ रक्षिता सिंह नेसदन के सदस्यों को बताया कि जिनका राशनकार्ड नहीं हैउनका फैमिली आईडी एवं किसानों का फार्मररजिस्ट्री कराया जाना जरूरी है। ऐसेलोग सरकारी योजनाओं के लाभ सेवंचित हो सकतेहैं। प्रधान संघ अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह नेजिवनाथपुर- कंचनपुर स्टेट हाइवेके किनारेउगी झाड़ी की सफाई कराए जानेकी मांग की। डोहरी निवासी अमरनाथ सिंह नेबाढ़सेनष्ट हुई फसल का बीमा दिलानेकी मांग सदन के माध्यम से की। तेतरिया की प्रधान रीता कुमारी नेग्राम पंचायत में रुके हुए मॉडल शॉप के भवन का निर्माण कराए जानेएवं रास्तेको बनवाने की मांग की। ग्राम प्रधानों नेदीपावली सेपूर्वधनराशि खाते में भेजने की मांग की जिससे मनरेगा श्रमिकों का भुगतान कराया जा सके। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याणरमाकांत मिश्रा, सहायक विकास अधिकारी कृषि शनि सिंह, पशु चिकित्साधिकारी अहरौरा डॉ. सुशांत सिंह,सीएचसी प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. राजन सिंह, बीईओ देवमणि पांडेय नेअपने-अपनेविभाग की योजनाओं के बारेमेंजानकारी दी। बैठक कासंचालन तकनीकी सहायक संतोष मिश्रा नेकिया। इस दौरान ग्राम प्रधान नरसिंह चौहान, सतीश सिंह, भरतलाल विश्वकर्मा, आनंदसिंह, दिनेश बिंद, पुनीत चौबे, चंद्रशेखर सिंह, रविशरण गुप्ता, बीरेंद्र यादव, अनिल पटेल, भगवती पाल, गुड्डु सिंह, मनोज यादव,बिहारी बियार आदि मौजूद रहे।

## कई ट्रेनों में बर्थ उपलब्ध, रेलवे ने जारी की सूची

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** रेलवे प्रशासन आगामी दीपावली एवं छठ त्योहारों पर यात्रियों की सुविधा के लिए अनेक विशेष गाड़ियों का संचलन किया जा रहा है। इन विशेष गाड़ियों में माह अक्टूबर के लिये 16 अक्टूबर को सायं बर्थ/सीट उपलब्ध हैं। छपरा से चलने वाली 05049 छपरा-अमृतसर पूजा विशेष गाड़ी में 17 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 638 बर्थ तथा 24 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 626 बर्थ उपलब्ध है। इसी तरह छपरा से चलने वाली 05305 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनल पूजा विशेष गाड़ी में 16 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 803 एवं शयनयान श्रेणी में 157 बर्थ उपलब्ध है। छपरा से चलने वाली 04607 छपरा-अमृतसर पूजा विशेष गाड़ी में 20 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 536 बर्थ एवं शयनयान श्रेणी में 279 तथा 27 अक्टूबर, 2025 को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 457 एवं शयनयान श्रेणी में 76 बर्थ उपलब्ध है। इसके अलावा गोरखपुर से चलने वाली 05634 गोरखपुर-नारंगी पूजा विशेष गाड़ी में 24 अक्टूबर 2025 को शयनयान श्रेणी में 695 बर्थ, 31 अक्टूबर को शयनयान श्रेणी में 398 बर्थ उपलब्ध है। मऊ से चलने वाली 05301 मऊ-अम्बाला कैंट पूजा विशेष गाड़ी में 23 अक्टूबर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 01 बर्थ, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 59, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 236 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 48 बर्थ उपलब्ध है। बढ़नी से चलने वाली 05005 बढ़नी-अमृतसर पूजा विशेष गाड़ी में 22 अक्टूबर को शयनयान श्रेणी में 123 बर्थ तथा 29 अक्टूबर, 2025 को शयनयान श्रेणी में 293 बर्थ उपलब्ध है। गोमती नगर से चलने वाली 05325 गोमती नगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस पूजा विशेष गाड़ी में 18 अक्टूबर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 20, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 82 एवं शयनयान श्रेणी में 257 बर्थ उपलब्ध है। मऊ से चलने वाली 05064 मऊ-कोलकाता पूजा विशेष गाड़ी में 22 अक्टूबर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में19, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 77 एवं शयनयान श्रेणी में 53 बर्थ उपलब्ध है। गोमती नगर से चलने वाली 05314 गोमती नगर-महबूबनगर पूजा विशेष गाड़ी में 19 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 347 बर्थ तथा 26 अक्टूबर को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 313 बर्थ उपलब्ध है।

## बाइकसवार अनियंत्रित होकर सुखड़ा नहर पर गिरकर घायल

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकटा महुगढ़ गांव सुखड़ा नहर पर बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायल बाइक सवार युवक को उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के लिए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है।


### कार्यालय उपनिदेशक (नि0) मु0-अनु0
### राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उत्तर प्रदेश
''किसान मण्डी भवन'' विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 www.upmandiparishad.in

पत्रांक-मु०अनु०/ई-निविदा/2025-460 दिनांक: 16-10-2025

**ई-निविदा सूचना**

राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, मुख्यालय अनुरक्षण खण्ड, लखनऊ के अन्तर्गत निम्नलिखित तालिका में अंकित कार्य के निर्माण हेतु ई-निविदा (E-Tendering) के माध्यम से परिषद आदेश पत्रांक-मु०अभि०-(पंजी०-नि0-1168-भाग-4)/2023-217 दिनांक 29.05.2023 के क्रम में मण्डी परिषद में पंजीकृत एवं वित्तीय रूप से सुदृढ फर्म/ठेकेदारों से **दिनांक 07.11.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक** निविदायें आमंत्रित की जाती है। ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आनलाइन निविदा https://etender.up.nic.in पर **दिनांक 17.10.2025 की अपरान्ह 01.00 बजे से दिनांक 07.11.2025 की अपरान्ह 3.00 बजे तक** डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। प्राप्त निविदाओं की तकनीकी बिड **दिनांक 07.11.2025 को अपरान्ह 3.30 बजे** खोली जायेंगी। तकनीकी बिड उपयुक्त पाये जाने के फलस्वरूप वित्तीय बिड खोली जायेगी। तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने हेतु निर्धारित तिथि को सार्वजनिक अवकाश पड़ जाने की स्थिति में तकनीकी एवं वित्तीय बिड अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी :-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा का मूल्य (जी.एस.टी.) सहित (रु0 में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य की अनुमानित लागत जी.एस.टी. लेबर सेस रहित (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | किसान बाजार, गोमती नगर, लखनऊ में निर्मित मल्टीपरपज हाल में एक अतिरिक्त स्टेयर केस का निर्माण कार्य। 2025_RKUMP_1083108_1 | 3200.00+ 576.00 3776.00 | 2.09 | 20.85 | 04 माह | 'द' |

नियम एवं शर्तें-
1. शासनादेश सं0-415/78-2-2018-42 आई०टी०/20147/टी०सी०-49 दिनांक:-22.06.2018 के क्रम में निविदा शुल्क (नान रिफन्डेबल) उप निदेशक (नि०)मु०-अनु०, मण्डी परिषद लखनऊ के भारतीय स्टेट बैंक, पिकप भवन, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ उ0प्र0-226010 में संचालित खाता संख्या:-30394523799 तथा धरोहर धनराशि खाता संख्या:-30394523937 आई०एफ०एस० कोड: SBIN0050643 में आर०टी०जी०एस०/ एन०ई०एफ०टी० के माध्यम से आनलाइन जमा कराकर जमा रसीद (प्रमाण) ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य हैं।
2. फर्म/ठेकेदार द्वारा धरोहर धनराशि एवं निविदा मूल्य की धनराशि आनलाइन जमा रसीद ई-निविदा के साथ अपलोड किया जाना अनिवार्य है।
3. नवीनतम चरित्र प्रमाण पत्र (टी-4), नवीनतम हैसियत प्रमाण पत्र (टी-5) एवं शपथ पत्र (टी-6) पर स्वप्रमाणित पासपोर्ट साइज फोटो तथा मण्डी परिषद विभाग में पंजीकृत/नवीनीकरण होने का साक्ष्य ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है।
4. ऐसे निविदादाता जिनका अपराधिक रिकार्ड है वह टेण्डर प्रक्रिया में भागीदारी नहीं कर सकेंगे।
5. निविदा के साथ रू0 100.00 का स्टाम्प पेपर रू0 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर हस्ताक्षर सहित अपलोड करना अनिवार्य होगा।
6. जी०एस०टी० का भुगतान एवं आयकर की कटौती नियमानुसार चालू देयकों से की जायेगी।
7. निविदा मूल्य नान रिफण्डेबुल है।

**नोटः समस्त नियम व शर्तें ई-निविदा वेबसाइड https://etender.up.nic.in पर देखी व पढ़ी जा सकती है।**

**उपनिदेशक (निर्माण)**



**उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड**
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत पारेषण खण्ड-प्रथम,
कमरा सं0 115-120, पारेषण भवन,
विभूति खण्ड-II, निकट मन्त्री आवास,
गोमती नगर, लखनऊ-226010 (उ.प्र.)

ई-निविदा सूचना, दिनांक: 15.10.2025

ई-निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. **अति-अल्पकालिक ई-निविदा संख्या 14-वि0पा0खं0(प्र0)ल0/2025-26,** विद्युत पारेषण खण्ड-I, लखनऊ के क्षेत्रान्तर्गत बिजनेस प्लान वर्ष 2025-26 के तहत 132 के0वी0 उपकेन्द्र एस0जी0पी0जी0 आई0 पर भूमि के समतलीकरण सम्बन्धी कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 590.00 एवं धरोहर धनराशि रू0 2000.00 मात्र।
2. **अति-अल्पकालिक ई-निविदा संख्या 15-वि0पा0खं0(प्र0)ल0/2025-26,** विद्युत पारेषण खण्ड-I, लखनऊ के क्षेत्रान्तर्गत बिजनेस प्लान वर्ष 2025-26 के तहत 220 के0वी0 उपकेन्द्र हरदोई रोड पर अनुरक्षण सम्बन्धी कार्य हेतु विभिन्न प्रकार के मेल एवं फीमेल आर्म ऐसेम्बली, फीमेल कान्टेक्ट, रोटेटिंग हेड ऐसेम्बली की आपूर्ति। निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 590.00 एवं धरोहर धनराशि रू0 2000.00 मात्र। ई-निविदा की अन्तिम तिथि-24.10.2025 समय 16:00 बजे।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र बेबसाइट-http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएँ बेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

पत्रांक: 1429 दि0: 15.10.2025

''राष्ट्र हित में बिजली बचायें''



**उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड**

पत्रांक :- 736/वि0पारे0ख0(लखी0)/ दिनांक : 16.10.2025

**ई0-खुली निविदा संख्या- 08/वि0पा0 ख0 (लखी0)/2025-26**

अधिकृत एवं अनुभवी ठेकेदारों/फर्मों से निम्न कार्य हेतु ई0दृनिविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि को आरटीजीएस/एनईएफटी अथवा स अधिशाषी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड, लखीमपुर के खाता संख्या : 10540501221 आई0एफ0एस0सी0कोड-ICIC0001054, बैंक का नाम - आई0सी0आई0सी0आई बैंक, शाखा लखीमपुर खीरी, उवप्रव 262701 में जमा करना अनिवार्य है तथा etender.up.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

निविदा प्रपत्र उक्त साइट etender.up.nic.in पर दिनांक 05.11.2025 समय 13:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है तथा उसी दिन समय 16:00 बजे खोले जायेगे। खुलने की तिथि को अवकाश की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। सम्पूर्ण निविदा या निविदा के किसी भाग को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

ई.-निविदा सूचना सं0 - 08/वि0पारे0ख0 (लखी0)/2025-26

विद्युत पारेषण खण्ड लखीमपुर के अर्न्तगत 132 के0वी0 उपकेन्द्र लखीमपुर पर 63 एम0वी0ए0 परिवर्तक- प्रथम के एच0वी0 साइड सर्किट ब्रेकर के डिफेक्टिव रैचेट एवं ड्राइविंग पॉल असेबली की मरम्मत कार्य हेतु धरोहर धनराशि रू0-1000.00/- मात्र, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) - 590.00/- मात्र (प्रति निविदा)।

अधिशाशी अभियन्ता,
विद्युत पारेषण खण्ड,
उवप्रवपावर ट्रान्स0 कारपो0 लि0
132 के0वी0 उपकेन्द्र (छाउछ) प्रभा 262701
लखीमपुर - खीरी। 262701

''राष्ट्रहित में बिजली बचायें



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

स्वतंत्र भारत

# देश विदेश

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

लखनऊ, शुक्रवार, 17 अक्टूबर, 2025



# हमास ने लौटाए दो और बंधकों के शव

## आईडीएफ बोली- एक बंधक का नहीं | फॉरेंसिक जांच में खुलासा, इजरायल ने चेताया

**यरूशलम।** इजरायल को हमास से दो और बंधकों की लाशें मिली हैं। लेकिन कुछ घंटे बाद सेना ने कहा कि पहले सौंपा गया एक शव बंधक का नहीं था। इस मामले ने दो साल से चले युद्ध के बीच बनी नाजुक स्थिति में और तनाव बढ़ा दिया है। लाशों को हमास द्वारा रेड क्रॉस के माध्यम से इजरायल को सौंपा गया। इजरायली सेना ने कहा कि बंधकों की पहचान अभी सत्यापित नहीं हुई है। वहीं, गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजरायल से 45 और फिलिस्तीनी शव मिले, जिससे कुल संख्या 90 हो गई। फोरेंसिक टीम ने कहा कि शवों पर हिंसा और



अत्याचार के निशान दिखाई दे रहे हैं।

बंधकों की रिहाई के बदले इजरायल ने सोमवार को लगभग 2,000 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया। हालांकि फोरेंसिक जांच में पाया गया कि हमास द्वारा सौंपा गया चौथा शव किसी भी बंधक से मेल नहीं खाता। गाजा में प्राप्त शवों की जांच में कई लाशें जली हुई, अंग या दांत गायब या हाथ-पांव बंदे हुए पाए गए। कुछ शवों पर निशान और बंधनों के संकेत थे। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार इजरायल द्वारा डीएनए जांच उपकरणों की गाजा में अनुमति न मिलने के कारण शवों की पहचान कपड़े और शारीरिक विशेषताओं से करनी पड़ी।

### नेतन्याहू और ट्रंप का रुख

इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल समझौते के तहत हमास से बंधकों और शवों की रिहाई की शर्तों को पूरा करने की मांग करता है और किसी समझौते में समझौता नहीं करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पेश की गई युद्धविराम योजना में सभी बंधकों (जीवित और मृत) को सोमवार को समाप्त हो रही समय सीमा तक सौंपने का आह्वान किया गया था। लेकिन समझौते के तहत, अगर ऐसा नहीं होता है, तो हमास को मृत बंधकों के बारे में जानकारी साझा करनी होगी और उन्हें जल्द से जल्द सौंपने का प्रयास करना होगा। ट्रंप ने कहा कि अगर हमास अपनी जिम्मेदारी पूरी नहीं करता तो इजरायल युद्ध दोबारा शुरू कर सकता है।

## फ्रांस : अब मैक्रों की सत्ता पर संकट के बादल

**पेरिस।** फ्रांस एक नए राजनीतिक संकट की कगार पर खड़ा है, जहां प्रधानमंत्री सेबास्टियन लेकोर्नू के नेतृत्व वाली सरकार को राष्ट्रीय सभा में दो अविश्वास प्रस्तावों का सामना करना पड़ रहा है। अगर प्रस्ताव पास हो गए, तो राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के पास केवल एक विकल्प बचता है- संसद भंग करके नई चुनाव कराना। अविश्वास प्रस्ताव मैक्रों के कट्टर विरोधियों द्वारा दायर किए गए हैं, हार्ड-लेफ्ट पार्टी फ्रांस अनबॉव्ड और दाहिने के नेशनल रैली की नेता मरीन ले पेन अपने सहयोगियों के साथ। अगर लेकोर्नू सफल रहते हैं, तो यह नजदीकी वोटिंग हो सकती है, लेकिन हारने पर राष्ट्रपति संसद भंग करने का रास्ता अपना सकते हैं।

## एक नज़र

### ट्रंप और शी की जल्द मुलाकात तय

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापारिक तनाव के बीच एक बड़ा बयान सामने आया है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से जल्द मुलाकात तय है। उन्होंने बताया कि यह बैठक संभवतः इस महीने होने वाले एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग सम्मेलन के दौरान होगी। बेसेंट ने कहा कि ट्रंप इस बैठक के लिए पूरी तरह तैयार हैं। दोनों नेताओं के बीच बहुत अच्छा रिश्ता है और बातचीत जारी है।

### इंडोनेशिया: तेल के जहाज में भीषण विस्फोट, 10 की मौत

**मनीला।** इंडोनेशिया के बाटम द्वीप पर एक शिपयार्ड में कच्चे पाम तेल के जहाज में आग लगने के बाद भीषण विस्फोट गया। धमाके की चपेट में 10 लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए। घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इनमें से चार की हालत गंभीर है। एक अधिकारी ने बताया कि तंजुंगुनकांग बंदरगाह स्थित शिपयार्ड में बुधवार को जहाज की मरम्मत चल रही थी.. तभी उसके टैंक में धमाका हो गया और वहां काम कर रहे कर्मी उसकी चपेट में आ गए।

### डब्ल्यूटीओ में चीन ने की भारत की शिकायत

**न्यूयॉर्क।** चीन ने भारत की इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) और बैटरी से जुड़ी नीतियों के खिलाफ विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में शिकायत की है। चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने आरोप लगाया कि भारत जो सब्सिडी दे रहा है, वह डब्ल्यूटीओ के कई नियमों का उल्लंघन है। ये नीतियां विदेशी कंपनियों के साथ भेदभाव करती हैं और घरेलू उद्योग को अनुचित फायदा पहुंचाती हैं।

### इंदौर में 24 ट्रांसजेंडरों ने पीया फिनाइल

**इंदौर।** इंदौर में ट्रांसजेंडर समुदाय के लगभग 24 लोगों ने बुधवार रात एक साथ फिनाइल पीने का दावा किया है, जिसके बाद उन्हें एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सरकारी महाराजा यशवंतराव अस्पताल (एमवायएच) के प्रभारी अधीक्षक डॉ. बसंत कुमार निंगवाल ने बताया, ट्रांसजेंडर समुदाय के लगभग 25 लोगों को हमारे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने एक साथ फिनाइल पीने का दावा किया है, लेकिन इसकी तत्काल पुष्टि नहीं हो पाई है।हालांकि, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों द्वारा सामूहिक रूप से की गई इस घटना के पीछे क्या कारण था, यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### राजस्थान : सड़क हादसे में चार दोस्तों की मौत

**जयपुर।** बालोतरा कस्बे के पास सड़क हादसे में एक एसयूवी गाड़ी में सवार चार दोस्तों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह भीषण हादसा एक एसयूवी के ट्रेलर से टकराने के कारण हुआ जिसके बाद एसयूवी में आग लग गई और उसमें सवार चार युवकों की जलने से मौत हो गई। गुड़ामालानी तहसील के डाबड़ा गांव के पांच युवक बुधवार देर रात सिणधरी में काम के बाद घर लौट रहे थे। उनकी एसयूवी की सामने से आ रहे ट्रेलर से भिड़ंत हो गई। टक्कर के कारण एसयूवी में आग लग गई और उसमें सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

## चंदा जुटाने के लिए ट्रंप ने दी भव्य पार्टी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस में एक आलीशान डिनर पार्टी का आयोजन किया। इस पार्टी में

■ **व्हाइट हाउस में 25 करोड़ डॉलर की लागत से बनना है नया बालरूम**

अमेरिका के अरबपति कारोबारी और धनी व्यक्ति शामिल हुए। यह पार्टी व्हाइट हाउस में नए बालरूम के निर्माण के लिए चंदा जुटाने के लिए आयोजित की गई थी। इस पार्टी में करीब 130 हस्तियां शामिल हुईं, जिनमें बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधि और दिग्गज निवेशक शुमार रहे। व्हाइट हाउस में नए बालरूम के निर्माण में करीब 25 करोड़ डॉलर की लागत आएगी। यह करीब 90 हजार वर्ग मीटर में फैला होगा। ट्रंप ने पहले कहा था कि इस बालरूम में 650 लोग बैठ सकेंगे, लेकिन बुधवार को ट्रंप ने कहा कि इसकी क्षमता 999 लोगों की होगी। यह ट्रंप प्रशासन द्वारा किया जाने वाला अभी तक का सबसे बड़ा पुनर्निर्माण कार्य है। इस बालरूम की खासियत ये होगी कि ये बेहद विशाल होगा, जिसमें राष्ट्रपति का उद्घाटन समारोह भी आयोजित किया जा सकेगा। नए बालरूम को बुलेटप्रूफ ग्लास से बनाया जाएगा। नए बालरूम के निर्माण में व्हाइट हाउस के डिजाइन का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। ट्रंप ने कहा कि व्हाइट हाउस एक खास जगह है और हमें इसका ध्यान रखना होगा।

## गाजा संकट : आतंकवाद की निंदा, संघर्ष विराम जरूरी

विदेश राज्य मंत्री ने दोहराया फिलिस्तीन पर भारत का रुख

कंपाला। फिलिस्तीन मुद्दे पर भारत ने एक बार फिर अपने सधे और संतुलित रुख को स्पष्ट किया है। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने गुट निरपेक्ष आंदोलन (नाम) की फिलिस्तीन पर मंत्रीस्तरीय समिति की बैठक में कहा कि भारत हमेशा से आतंकवाद की निंदा करता आया है और नागरिकों के जीवन में फैले विनाश, पीड़ा और निराशा को खत्म करने का पक्षधर है। उन्होंने कहा गाजा को भोजन, ईंधन और आवश्यक वस्तुओं तक निर्बाध पहुंच मिलनी चाहिए। सभी बंधकों की तुरंत रिहाई और संघर्ष विराम तत्काल लागू होना चाहिए।



भारत दो-राष्ट्र समाधान के पक्ष में कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि भारत का फलस्तीन पर ऐतिहासिक रुख रहा है। भारत उन शुरुआती देशों में से है जिन्होंने फलस्तीन को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता दी। हम फलस्तीनी जनता के आत्मनिर्णय, राष्ट्रीय स्वतंत्रता और संप्रभुता के अविच्छेद्य अधिकारों की पुनः पुष्टि करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत का अंतिम लक्ष्य दो-राष्ट्र समाधान है, जिसमें एक स्वतंत्र, संप्रभु और व्यवहार्य फलस्तीन सुरक्षित और मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर इज़राइल के साथ शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व में रहे।

### भारत ने दी 135 टन राहत सामग्री

भारत की मानवीय प्रतिबद्धता का जिक्र करते हुए विदेश राज्य मंत्री ने बताया कि अक्तूबर 2023 से अब तक भारत ने करीब 135 मीट्रिक टन दवाओं और आवश्यक वस्तुओं की सहायता फलस्तीन को दी है। इसके अलावा, भारत संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी को हर साल 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर का योगदान देता है और 40 मिलियन डॉलर के परियोजनाएं प्रगति पर हैं।

## ट्रंप ने फीफा विश्व कप मैचों को स्थानांतरित करने की धमकी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अगले साल उपनगरीय बोस्टन में होने वाले फीफा विश्व कप मैचों को स्थानांतरित करने की धमकी दी और कहा कि इस शहर के कुछ हिस्सों पर अशांति घर कर गई है। बोस्टन की मेयर और डेमोक्रेट नेता मिशेल वू पर निशाना साधते हुए ट्रंप ने कहा, मुझे बोस्टन के लोगों से प्यार है और मुझे पता है कि खेलों के टिकट बिक चुके हैं लेकिन आपकी मेयर अच्छी नहीं हैं। उन्होंने बिना कोई विवरण दिए आरोप लगाया कि वे बोस्टन के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर रही हैं और हम उन्हें दो सेकंड में हटा सकते हैं।

## वेनेजुएला में सीआईए का सीक्रेट ऑपरेशन

### ड्रग्स तस्करों के बहाने राष्ट्रपति मादुरो को सत्ता से हटाने की साजिश?

**वाशिंगटन।** अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए ने वेनेजुएला में खुफिया ऑपरेशन शुरू कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसकी पुष्टि की है। कई रिपोर्ट्स में दावा किया कि सीआईए को वेनेजुएला में गुप्त अभियान चलाने की मंजूरी दी गई है।



ऐसे में अब ट्रम्प ने पुष्टि की है कि उन्होंने सीआईए को वेनेजुएला में सीक्रेट ऑपरेशन चलाने के लिए अधिकृत किया है और कहा कि वह देश में जमीनी अभियान चलाने पर विचार कर रहे हैं। अमेरिकी जासूसी एजेंसी की ओर से वेनेजुएला में गुप्त कार्रवाई की पुष्टि ऐसे समय में हुई है, जब अमेरिकी सेना ने हाल के हफ्तों में कैरिबियन में कथित ड्रग तस्करी करने वाली नावों पर कई घातक हमले किए। अमेरिकी सेना ने सितंबर की शुरुआत से अब तक कम से कम पांच नौकाओं को नष्ट किया है, जिनमें 27 लोग मारे गए और उनमें से चार नौकाएं वेनेजुएला से आई थीं। बुधवार को ओवल ऑफिस में एक कार्यक्रम के दौरान जब ट्रम्प से पूछा गया तो उन्होंने पुष्टि करते हुए इस कदम को उठाने की हामी भरी। ट्रम्प ने जवाब दिया, मैंने वास्तव में दो कारणों से अधिकृत किया है। पहला उन्होंने अपनी जेलों से कैदी को अमेरिका में भेज दिया है और दूसरी बात ड्रग्स, हमारे यहां वेनेजुएला से बहुत सारा ड्रग्स आता है और वेनेजुएला से आने वाला बहुत सारा ड्रग्स समुद्र के रास्ते आता है।

## अफगानी सेना से पिटने पर खिसियाए पाक के रक्षा मंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अफगानिस्तान पर भारत के लिए प्रॉक्सी वॉर लड़ने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि भारत तालिबान के जरिए पाकिस्तान को टारगेट कर रहा है। जियो न्यूज को दिए एक टीवी इंटरव्यू में ख्वाजा आसिफ ने कहा, इस वक्त काबुल दिल्ली के लिए प्रॉक्सी वॉर लड़ रहा है। उन्होंने हाल ही में घोषित 48 घंटे के अस्थायी सीजफायर पर भी संदेह जताया और चेतावनी दी कि अगर उकसावा हुआ तो पाकिस्तान सैन्य जवाब देने को तैयार है।

## चीन के चोर बाजार में भारत सहित कई देशों के आईफोन की बाढ़

**बीजिंग/नई दिल्ली।** चीन में सोशल मीडिया पर सरकारी प्रतिबंध और आईफोन की आसमान छूती कीमतों ने एक नए ब्लैक टेक मार्केट को जन्म

■ **सस्ते होने के कारण बढ़ी अवैध मांग**

दे दिया है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, चीन में बिकने वाले कुल मोबाइल फोनों में से लगभग 12 से 15 प्रतिशत तक अब अवैध या चोरी के माध्यमों से बाजार में आने वाले उपकरणों का हिस्सा बन चुके हैं। इनमें से अधिकतर फोन भारत, थाईलैंड और वियतनाम जैसे



देशों से चोरी होकर पहुंचते हैं। इस बढ़ते नेटवर्क को रोकने में भारत का सी-डॉट व उसकी सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर प्रणाली अब एक निर्णायक तकनीकी मॉडल के रूप में उभर रही है। चीन में आईफोन सिर्फ एक स्मार्टफोन नहीं बल्कि प्रतिष्ठा (स्टेटस सिंबल) का प्रतीक बन चुका है। निक्केई एशिया के अनुसार बीजिंग और शंघाई के युवाओं में आईफोन रखना पश्चिमी जीवनशैली और आर्थिक सफलता का प्रतीक माना जाता है। लेकिन समस्या यह है कि चीन में औसत शहरी आय 8 से 10,000 युआन प्रति माह है, जबकि आईफोन के नए मॉडलों की कीमत 10,000 से 14,000 युआन तक है। चोर बाजार में ये मोबाइल 30 से 40 प्रतिशत सस्ते मिल जाते हैं।

# भारत के लिए कुछ तो राहत भरा है पेरिस समझौता

## लेकिन दुनिया नहीं संभली तो होगी बड़ी आफत

**नई दिल्ली।** पेरिस समझौता जलवायु परिवर्तन पर एक कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतरराष्ट्रीय संधि है, जिसको 10 साल पूरे होने जा रहे हैं। पेरिस समझौते का भारत एक प्रमुख हस्ताक्षरकर्ता है। एक अध्ययन से पता चला है कि पेरिस समझौता भारत को हर साल 30 कम गर्म दिन देखने में मदद कर सकता है।

इस अध्ययन के अनुसार अगर भारत 2015 के पेरिस समझौते के तहत उत्सर्जन में कटौती के अपने वादों को पूरा करता है और इस सदी में वैश्विक तापमान वृद्धि को 2.6 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखता है, तो भारत हर साल 30 कम अत्यधिक गर्म दिन देख सकता है, जबकि दुनिया औसतन 57 ऐसे दिनों से बच सकती है। क्लाइमेट सेंट्रल और वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन द्वारा किए गए विश्लेषण में कहा गया है कि वैश्विक समझौता, जिसके इस साल 10 साल पूरे हो रहे हैं, दुनिया को एक सुरक्षित जलवायु की ओर ले जा रहा है, लेकिन यह भी चेतावनी दी गई है कि कार्रवाई की वर्तमान गति पर्याप्त नहीं है।

वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि 2.6 डिग्री सेल्सियस पर भी, अगर देश जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की दिशा में तेजी से कदम नहीं उठाते, तो आने वाली पीढ़ियों को खतरनाक गर्मी, गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों और बढ़ती असमानता का सामना करना पड़ेगा। अध्ययन में पाया गया कि 4 डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धि पर, जो कि पेरिस समझौते से पहले वैज्ञानिकों द्वारा अनुमानित स्तर था, इससे दुनिया को प्रति वर्ष औसतन 114 गर्म दिनों का सामना करना पड़ेगा। अगर देश अपने मौजूदा वादों को पूरा करते हैं और तापमान वृद्धि को 2.6 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखते हैं, तो यह संख्या सालाना 57 दिन कम हो सकती है। शोधकर्ताओं के अनुसार, भारत में साल में 30 दिन कम गर्म दिन हो सकते हैं, जबकि केन्या में 82, मैक्सिको में 77, ब्राजील में 69, मिस्र में 36 और अमेरिका 30 और ब्रिटेन में 29 दिन कम हो सकते हैं। इंपीरियल कॉलेज लंदन में जलवायु विज्ञान के प्रोफेसर फ्रेडरिक ओटो ने कहा, पेरिस समझौता एक शक्तिशाली, कानूनी रूप से बाध्यकारी ढांचा है, जो हमें जलवायु परिवर्तन के सबसे गंभीर प्रभावों से बचने में मदद कर सकता है। हालांकि, देशों को तेल, गैस और कोयले से दूर जाने के लिए और अधिक प्रयास करने की जरूरत है। हमारे पास जीवाश्म ईंधन से दूर जाने के लिए आवश्यक सभी ज्ञान और तकनीक है, लेकिन तेजी से आगे बढ़ने के लिए मजबूत और निष्पक्ष नीतियों की आवश्यकता है।

### दो सौ देशों ने अपनाया पेरिस समझौता

2015 में लगभग 200 देशों द्वारा अपनाए गए पेरिस समझौते का उद्देश्य वैश्विक तापमान वृद्धि को 2 डिग्री सेल्सियस से काफी नीचे रखना और इसे 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के प्रयास जारी रखना है। तापमान वृद्धि पहले ही 1.3 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुकी है और वैश्विक उत्सर्जन में वृद्धि जारी है। विश्व मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, 2023 से 2024 तक कार्बन डाइऑक्साइड की वैश्विक औसत सांद्रता में 3.5 भाग प्रति मिलियन की वृद्धि हुई है, जो 1957 में आधुनिक मापन शुरू होने के बाद से सबसे बड़ी वृद्धि है।

### तापमान वृद्धि से निपटने के लिए पूरी तैयारी नहीं

क्लाइमेट सेंट्रल में विज्ञान की उपाध्यक्ष क्रिस्टीना डाहल ने कहा, पेरिस समझौता दुनिया के कई क्षेत्रों को जलवायु परिवर्तन के कुछ सबसे बुरे संभावित परिणामों से बचने में मदद कर रहा है। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि हम अभी भी एक खतरनाक रूप से गर्म भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं। हाल की गर्म लहरों के प्रभाव दर्शाते हैं कि कई देश 1.3 डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धि से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार नहीं हैं, 2.6 डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धि का तो सवाल ही नहीं उठता, जो देशों द्वारा अपने वर्तमान वादों को पूरा करने पर अनुमानित है।

## ग्रेटा थनबर्ग ने इजरायली 'यातना' पर तोड़ी चुप्पी

**तेल अवीव।** इजरायल की हिरासत में रहने के दौरान ऐक्टिविस्ट ग्रेटा थनबर्ग के साथ क्या-क्या हुआ? अब इस पर स्वीडिश पर्यावरण

■ **बोलीं मुझे बांधा, प्रताड़ित किया और धमकाया**

कार्यकर्ता ने चुप्पी तोड़ी है। 22 वर्षीय जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग ने गाजा फ्लोटिला की गिरफ्तारी के बाद इजरायली हिरासत में यातना के गंभीर आरोप लगाए। ग्रेटा थनबर्ग ने पहली बार सार्वजनिक रूप से अपने साथ हुए कथित दुर्व्यवहार के बारे में खुलकर बात की, जब उन्हें फ्रीडम फ्लोटिला में हिस्सा लेने के बाद इजरायली अधिकारियों ने हिरासत में लिया था। ग्रेटा थनबर्ग और उनके साथी कार्यकर्ताओं को हाई सिक्योरिटी वाली जेल में रखा गया था। उन्हें कई दिनों बाद रिहा कर दिया गया, लेकिन अब उनका दावा है कि हिरासत के दौरान उन्हें शारीरिक शोषण, धमकियां और उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। अब ग्रेटा थनबर्ग ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया, धमकाया और परेशान किया, जिसमें उन्हें बांधना और फिर सेल्फी लेना भी शामिल था।

थनबर्ग ने स्वीडिश आउटलेट आफ्टनब्लैडेट को बताया कि गार्डों में ना तो कोई सहानुभूति है और ना ही मानवता और वे मेरे साथ सेल्फी



लेते रहे। बहुत कुछ ऐसा है जो मुझे याद नहीं है। वे मुझे घसीटकर उस तरफ ले गए जहां दूसरे लोग बैठे थे, और पूरे समय मेरे चारों ओर झंडा लटका हुआ था। उन्होंने मेरी पिटाई की और लात मारी। उन्होंने आगे कहा, एक साथ इतना कुछ हो रहा होता है। आप सदमे में होते हैं। आपको दर्द होता है, लेकिन आप शांत रहने की कोशिश करते हैं। थनबर्ग ने बताया कि उन्होंने लगभग 50 लोगों को घुटनों के बल, हथकड़ी लगे और जमीन पर माथे रखे देखा।

उन्होंने दावा किया कि इजरायली गार्डों ने उनके हाथों को कसकर बांधा और जब वह शांत हो गई तो उनके साथ सेल्फी लेने के लिए कतार में खड़े हो गए थे। थनबर्ग ने यह भी आरोप लगाया कि एक समय तो बंदियों को गैस से मारने की धमकी भी दी गई थी। उन्होंने कहा कि फिर गार्ड आए और कहा, हम तुम्हें गैस से मार देंगे। ऐसा कहना उनके लिए आम बात थी। उन्होंने एक गैस सिलेंडर दिखाया और धमकी दी।

## यूक्रेन के रेलवे ढांचों पर हमले बढ़ा रहा रूस

**कीव।** रूस ने जहां इस माह की शुरुआत में ही उत्तर-पूर्वी यूक्रेन के शोस्तका रेलवे स्टेशन पर ड्रोन से हमला किया और ट्रेन के डिब्बों में आग लगा दी तो यूक्रेन ने भी रूस के दक्षिणी बश्कोर्तोस्तान में सबसे बड़े पेट्रोकेमिकल परिसरों में से एक पर हमला कर दिया। यूक्रेनी सैन्य अफसरों ने कहा, रूस के ऐसे हमले मध्य गर्मियों से रेलवे पर हमलों में वृद्धि का संकेत देते हैं, जो वाणिज्यिक और सैन्य रसद के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग है। शोस्तका में हुए हमले में, विस्फोटकों से लदे दो ड्रोनों ने एक के बाद एक दो यात्री ट्रेनों पर हमला किया। इस बीच यूक्रेनी अधिकारियों ने अमेरिकी हथियार निर्माताओं से मुलाकात की है।

## भारत-पनामा ने किया अंतर संसदीय मैत्री समूह का गठन

**पनामा सिटी।** भारत और पनामा ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए 20 सदस्यीय अंतर- संसदीय मैत्री समूह का गठन कर दिया है। यह समूह संसदीय कूटनीति को बढ़ावा देगा, सांस्कृतिक और सामाजिक संपर्क स्थापित करेगा। पनामा स्थित भारतीय दूतावास ने बुधवार को कहा कि इसी के साथ दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध अब नए चरण में प्रवेश कर गए हैं। दूतावास ने सोशल मीडिया में कहा कि राजदूत सुमित सेठ, विदेश संबंध आयोग के अध्यक्ष वॉकिरिया चांडलर और भारत पनामा अंतर-संसदीय मैत्री समूह के अध्यक्ष जॉर्ज ब्लोइस के साथ पनामा की नेशनल असेंबली के परिसर में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

बाजार दर्पण










विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089